राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापुर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शनिवार, 18 अक्टूबर 2025

वर्ष 07, अंक 22, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

समाजसेवी अजय सिंह आदित्य की दो बसों में 150 श्रद्धालु अयोध्या रवाना..03

पांच वार्डों के लोगों को सीवर भराव से जल्द मिलेगी राहत..04

## क्यों दिल्ली में दीपावली पर 'ग्रीन' पटाखों की अनुमति मिलना तर्क और विज्ञान के ख़िलाफ़ है

**नई दिल्ली-** बुधवार (15 अक्टूबर) को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के निवासियों को 18 से 21 अक्टूबर तक दीपावली के लिए 'ग्रीन पटाखे' बेचने और फोड़ने की अनुमति दे दी. मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने यह आदेश देते हुए कहा कि पटाखे फोड़ने की यह अनुमति सख्त नियंत्रण के तहत होगी और केवल तय समय में ही दी जाएगी- सुबह 6 से 7 बजे और रात 8 से 10 बजे के बीच. सर्वोच्च न्यायालय ने यह आदेश दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार की उस अपील पर विचार करने के बाद दिया, जिसमें दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल पर लगे मौजूदा प्रतिबंध में कुछ ढील देने की मांग की गई थी. हालांकि, दिल्ली में ग्रीन पटाखों की अनुमति देने का फैसला तर्क और विज्ञान दोनों के खिलाफ है. आइए कारण समझते हैं-

### पहले विज्ञान के हवाले से

'ग्रीन' पटाखे वास्तव में पूरी तरह से 'ग्रीन' नहीं होते. ये ऐसे पटाखे और आतिशबाज़ी हैं जिन्हें छोटे खोल, बिना राख और कम कच्चे माल के मिश्रण के साथ बनाया जाता है, जैसा कि सीएसआईआर और राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान (NEERI) के अनुसार बताया गया है. ये कम से कम 30% कम कण प्रदूषण (पार्टिकुलेट मैटर) उत्सर्जित करते हैं, या कम से कम 20% कण प्रदूषण और 10% गैसीय उत्सर्जन कम करते हैं. इसका मतलब यह हुआ कि ग्रीन पटाखे सामान्य पटाखों की तुलना में कम प्रदूषक और विषैले रसायन (लगभग 30% कम) छोड़ते हैं, लेकिन फिर भी ये सामान्य पटाखों के उत्सर्जित प्रदूषकों का लगभग 70% उत्सर्जित करते हैं. वायु गुणवत्ता शोधकर्ता सुनील दहिया कहते हैं, 'इसके (ग्रीन पटाखों) निर्माण, बिक्री और उपयोग को कानूनी बनाने का मतलब है कि त्योहार के दौरान बढ़े हुए प्रदूषण को प्रभावी रूप से कानूनी मान्यता दे दी गई है.'

सुनील दहिया दिल्ली स्थित शोध और नीति संस्थान 'एनवायरोकैटालिस्ट्स (Envirocatalysts) के संस्थापक और प्रमुख विश्लेषक हैं. द वायर से बातचीत में दहिया ने कहा, 'हालांकि प्रत्येक ग्रीन पटाखा 30% कम प्रदूषण पैदा करता है, लेकिन इतने बड़े पैमाने पर पटाखे फोड़ने की वजह से इस मामूली लाभ का भी कोई असर नहीं रह जाएगा. कुल मिलाकर, इससे उत्सर्जन में वृद्धि होगी, जिससे यह कदम उल्टा प्रभाव डालने वाला साबित होगा.' उन्होंने आगे कह कि वायु गुणवत्ता के लिए एकमात्र राहत की बात यह है कि इस साल दीपावली, पिछले वर्षों की तुलना में पहले (अक्टूबर में) पड़ रही है. इस अवधि में मौसम की परिस्थितियां, जैसे हवा की गति, प्रदूषकों के फैलाव में मदद कर सकती हैं. इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट का आदेश कि 'ग्रीन' पटाखों की अनुमति कड़ी नियमावली के तहत दी जाए, इस बात पर काफी हद तक निर्भर करता है कि दिल्ली सरकार वास्तव में इन कड़े नियमों को लागू करने में सक्षम होगी या नहीं।

### अब तर्क की बात

इस साल दिल्ली में दीपावली के लिए 'ग्रीन' पटाखों की अनुमति देने का फैसला तर्क के खिलाफ है, क्योंकि राजधानी में पहले ही वायु गुणवत्ता खराब होने के दिन शुरू हो चुके हैं. और इसमें अभी दीपावली के पटाखों (ग्रीन हों या सामान्य) से होने वाले प्रदूषण शामिल भी नहीं हैं. 14 अक्टूबर को दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 201 पर पहुंच गया और यह 'खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया. उसी दिन, दिल्ली सरकार ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का स्टेज-I लागू किया. ग्रैप दिल्ली-एनसीआर के लिए एक आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली है, जो दैनिक औसत एक्यूआई स्तरों के आधार पर कुछ गतिविधियों को सीमित करती है. 15 अक्टूबर को भी दिल्ली की कुल वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में बनी रही, और कुछ स्थानों पर वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' तक गिर गई. इसके अलावा, यह सामान्य जानकारी है कि दीपावली के बाद दिल्ली की वायु गुणवत्ता और बिगड़ जाएगी. बदलती मौसमीय परिस्थितियां (धीमी हवाओं के कारण प्रदूषक वातावरण में फैल नहीं पाते) और एनसीआर में और आसपास में पुआल/पराली जलाने की घटनाएं प्रदूषण को बढ़ाएंगी, जिससे वायु गुणवत्ता और खराब होगी।

दिल्ली का एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम पहले ही चेतावनी दे चुका है. ताजा (16 अक्टूबर) एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम के अनुमान के अनुसार, 15 अक्टूबर को शाम 4 बजे दिल्ली का एक्यूआई 233 दर्ज किया गया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है. यह अनुमान लगाता है कि अगले छह दिनों तक वायु गुणवत्ता इसी श्रेणी में बनी रहेगी. इसके अलावा, यह अनुमान लगाया गया है कि 20 और 21 अक्टूबर (दीपावली के मुख्य दो दिन) को वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच जाएगी. इसलिए, तर्क यही होगा कि इन समयों में किसी भी संभव तरीके से प्रदूषण को कम करने के उपाय किए जाएं।

### सवालों के घेरे में क्यों है सुप्रीम कोर्ट का फैसला?

सुप्रीम कोर्ट के इस साल दिल्ली में दीपावली के लिए ग्रीन पटाखे इस्तेमाल करने की अनुमति देने के फैसले ने महत्वपूर्ण सवाल खड़े कर दिए हैं. सबसे पहला सवाल तो यही है कि आखिर अब ऐसा क्या बदल गया है कि सर्वोच्च न्यायालय ने पहले के अपने फैसले को पलट दिया, जब उसने सभी तरह के पटाखों पर पूरी तरह से रोक लगाने का आदेश दिया था. 14 अक्टूबर 2024 को दिल्ली सरकार ने वायु प्रदूषण को कम करने के लिए 1 जनवरी, 2025 तक सभी प्रकार के पटाखों पर पूरी तरह रोक की घोषणा की थी. इसके बाद उसी साल 11 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने इस रोक को लागू करने में हुई देरी पर हैरानी जताई थी और कहा था कि कोई भी धर्म ऐसी गतिविधियों को बढ़ावा नहीं देगा जो प्रदूषण फैलाती हों या लोगों के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह हों. शीर्ष न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था, 'स्वच्छ वायु में जीने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत हर नागरिक का मौलिक अधिकार है. ज्यदि इस तरह आतिशबाज़ी की जाती है, तो यह नागरिकों के स्वास्थ्य के मौलिक अधिकार को प्रभावित करता है.' इसके बाद जनवरी 2025 में इसी कोर्ट ने यूपी और हरियाणा के एनसीआर क्षेत्रों में आतिशबाज़ी पर प्रतिबंध को मार्च 2025 तक बढ़ा दिया था।

स्पष्ट है कि सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल माना था कि आतिशबाज़ी दिल्ली की वायु गुणवत्ता के लिए हानिकारक है. तो, लगभग एक साल बाद क्या बदल गया? दूसरा, तथ्यों में कोई बदलाव नहीं होने के बावजूद वही कोर्ट दो पूरी तरह विपरीत फैसलों पर कैसे पहुंच सकता है? वही पीठ जिसने 15 अक्टूबर, 2025 को कहा कि दिल्ली-एनसीआर में दीपावली और व्यक्तिगत उत्सव जैसे शादियों के लिए ग्रीन फायरक्रैकर की अनुमति दी जा सकती है, किसानों के पराली जलाने के मामले में काफी सख्त रही है. हालांकि पराली जलाना (जिस पर 2015 से प्रतिबंध है) क्षेत्र में प्रदूषण स्तर बढ़ाने में योगदान देता है, लेकिन यह किसानों के आजीविका से जुड़ा है. मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने केवल चार सप्ताह पहले कहा था, 'इन्हीं की वजह से हमें खाना मिलता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि इन्हें देश के पर्यावरण की सुरक्षा के लिए कार्रवाई से बाहर रखा जाए. हम यह नहीं कह रहे कि किसानों को नियमित रूप से दंडित किया जाए, इसे केवल एक उदाहरण के तौर पर करें ताकि संदेश पहुंचे.' न्यायालय ने आगे बढ़ते हुए केंद्र सरकार से यह भी पूछा कि पराली जलाने को अपराध क्यों नहीं बनाया जा सकता, जिसमें नियम तोड़ने वाले किसानों को जेल जैसी सज़ा दी जा सके।

## नई रणनीति से बिहार फतह की तैयारी में महागठबंधन, NDA से कितना बदला दिख रहा पैटर्न?

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर सियासी पारा चढ़ चुका है. एनडीए के घटक दलों ने जहां अपनी सभी सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है, वहीं महागठबंधन के दल भी धीरे-धीरे अपने पत्ते खोलने लगे हैं. इस बार विधानसभा चुनाव में एनडीए और महागठबंधन नई रणनीति के साथ चुनाव मैदान में उतरते दिखाई दे रहे हैं. दोनों ही गठबंधन के उम्मीदवारों की लिस्ट से ही उनकी बदली हुई रणनीति की झलक देखी जा सकती है. लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन से सबक लेते हुए एनडीए ने जहां कुशवाहा जाति पर फोकस किया है तो वहीं महागठंधन ने अभी तक जितने भी उम्मीदवारों की घोषणा की है, उसमें कुशवाहा समाज को कम जबकि भूमिहार समाज से आने वाले नेताओं की उपस्थिति ज्यादा दिखाई देती है. बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन और एनडीए ने अपनी-अपनी जीत पक्की करने के लिए नई रणनीति के साथ उतरने का फैसला किया है. चुनाव में जहां जेडीयू एक बार फिर लवकुश समीकरण को साधती हुई दिख रही है तो वहीं आरजेडी अपने पुराने एमवाई समीकरण पर फोकस करती नजर आ रही है. आइए जानते हैं कि एनडीए और महागठबंधन किस-किस समाज के उम्मीदवारों पर फोकस कर रहे हैं।

### महागठबंधन में कुशवाहा समाज की उम्मीदवारों की घटी संख्या

बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन इस बार कुशवाहा समाज की जगह भूमिहार पर फोकस करता दिख रहा है. यही कारण है कि पिछले चुनावों की तुलना में इस बार कुशवाहा उम्मीदवारों की संख्या कम होती दिख रही है. महागठबंधन में अभी केवल 12 कुशवाहा उम्मीदवारों को टिकट दिया है जबकि 17 भूमिहार उम्मीदवारों को टिकट दिया जा चुका है. 243 सीटों वाली बिहार विधानसभा में महागठबंधन में जिस तरह से सीटों का बंटवारा किया है उसमें आरजेडी को 135, कांग्रेस को 61, वीआईपी को 16 और वामपंथी दलों को 31 सीटें मिली हैं. कांग्रेस ने 61 सीट में से 48 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है, वहीं आरजेडी ने 135 सीटों में से 48 सीटों पर ही उम्मीदवारों की घोषणा की है. अभी तक आई उम्मीदवारों की लिस्ट को देखते हुए अंदाजा लगाया जा रहा है कि महागठबंधन एनडीए के बराबर भी कुशवाहा उम्मीदवारों को टिकट नहीं दे सकेगा।

### एनडीए ने 23 कुशवाहा उम्मीदवारों को दिया टिकट

लोकसभा चुनाव के नतीजों से सबक लेते हुए एनडीए ने बिहार विधानसभा चुनाव में कुशवाहा जाति पर फोकस किया है. एनडीए, जदयू से लेकर राष्ट्रीय लोक मोर्चा तक ने कुशवाहा जाति के उम्मीदवारों को टिकट दिया है. लोकसभा चुनाव में औरंगाबाद, काराकाट, आरा और बक्सर जैसी सीटों पर लालू प्रसाद की पार्टी आरजेडी ने कुशवाहा वोटों में सेंधमारी कर दी थी, जिससे एनडीए का समीकरण बिगड़ गया और चारों सीटों पर एनडीए को हार का सामना करना पड़ा. भाजपा ने इस बार के विधानसभा चुनाव में 7 कुशवाहा उम्मीदवारों को टिकट दिया है जबकि जदयू ने 13 और रालोमो ने 6 सीट में से 3 सीटों पर कुशवाहा उम्मीदवार उतारे हैं. बता दें कि साल 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में कुशवाहा मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग महागठबंधन की ओर शिफ्ट हो गया था जिसके कारण दक्षिण बिहार में एनडीए को बड़ा झटका लगा था।

### NDA में किस पार्टी को कितनी सीट

बता दें कि NDA में बीजेपी, जदयू, लोजपा (रा), हम और रालोमो शामिल हैं. इस बार के बिहार विधानसभा चुनाव में बीजेपी और जदयू 101-101 सीटों पर उम्मीदवार उतार चुकी है. इसी तरह चिराग पासवान की पार्टी ने 29 जबकि जीतन राम मांझी की हम पार्टी और उपेंद्र कुशवाहा की रालोमो 6-6 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है।

### 2020 के चुनाव में कैसे बदला था समीकरण

साल 2020 में हुआ बिहार विधानसभा चुनाव तीन चरणों में हुआ था. पहले चरण में दक्षिण और दक्षिण पूर्ण बिहार के इलाकों में चुनाव हुए जिसमें महागठबंधन ने शानदार प्रदर्शन किया था और 71 में से 48 सीटों पर जीत हासिल की थी. पिछले विधानसभा चुनाव में एनडीए और महागठबंधन के बीच कांटे की लड़ाई देखने को मिली थी और महज कुछ सीटों की बढ़त के साथ नीतीश कुमार, सरकार बनाने में सफल रहे थे. पहले चरण में 14 जिलों की 71 सीटों पर चुनाव हुआ था जिनमें से 48 सीटों पर महागठबंधन को जीत मिली थी जबकि एनडीए को केवल 21 सीटों पर संतोष करना पड़ा था. इन 48 सीटों में से 33 पर आरजेडी, 8 पर कांग्रेस और 7 सीटों पर सीपीआईएमएल ने जीत हासिल की थी. 14 में 6 जिले ऐसे थे जिनमें एनडीए का सूपड़ा साफ हो गया था।

### चिराग और कुशवाहा से हुआ था एनडीए को नुकसान

पिछले विधानसभा चुनाव के पहले चरण में महागठबंधन की बंपर जीत की वजह चिराग पासवान की एलजेपी और उपेंद्र कुशवाहा की आरएलएसपी थी. हालांकि दोनों पार्टियां इस बार के विधानसभा चुनाव में एनडीए का हिस्सा हैं जबकि पिछली बार दोनों न एनडीए से अलग होकर चुनाव लड़ा था. जिन 48 सीटों पर इंडिया गठबंधन को जीत हासिल हुई थी उनमें से 20 सीटें ऐसी थीं जिसमें जीत का अंतर एलजेपी को मिले वोटों से कम था जबकि तीन सीटों पर एलजेपी दूसरे नंबर पर रही थी, वहीं 3 सीटें ऐसी रहीं जिस पर उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी को मिले वोट इंडिया गठबंधन की जीत के अंतर से ज़्यादा रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### नोटों का अंबार, कई राज्यों में फ्लैट और प्लॉट्ज ह॥ढ्ष्ष्टरु का एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर निकला धनकुबेर

सीबीआई ने राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (NHIDCL) के गुवाहाटी क्षेत्रीय कार्यालय के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर मैसनाम रितेन कुमार सिंह को घूस लेते हुए अरेस्ट किया था. इसके बाद अब अधिकारी के कार्यालय और आवासीय परिसरों की तलाशी ली. उनके साथ ही कारोबारी बिनोद जैन के ठिकानों की भी तलाशी ली. इस दौरान 2.62 करोड़ कैश और करोड़ों की संपत्ति बरामद हुई है. यह वही एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और रीजनल ऑफिसर (गुवाहाटी) हैं, जिन्हें सीबीआई ने 14 अक्टूबर को 10 लाख की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था. गिरफ्तारी के बाद गुवाहाटी, गाजियाबाद और इम्फाल में तलाशी ली गई, जिसमें चौंकाने वाले खुलासे हुए।

#### क्या-क्या मिला

CBI की छापेमारी में अधिकारी और उनके परिवार के नाम पर भारी संपत्ति के दस्तावेज बरामद हुए. इसमें 2.62 करोड़ कैश, दिल्ली-NCR में 9 लग्जरी फ्लैट, 1 प्रीमियम ऑफिस स्पेस और 3 रेजिडेंशियल प्लॉट्स, बेंगलुरु में 1 फ्लैट और 1 प्लॉट, गुवाहाटी में 4 फ्लैट और 2 प्लॉट, इम्फाल वेस्ट में 2 होमस्टेड प्लॉट और 1 कृषि भूमि, 6 लग्जरी गाड़ियां, 2 महंगी घड़ियां और 100 ग्राम का सिल्वर बार बरामद हुआ है. CBI के मुताबिक, इन संपत्तियों की कीमत कागज़ों में कम दिखाई गई है, लेकिन असल में इनकी मार्केट वैल्यू कई गुना ज्यादा है।

#### कैसे खुला रिश्वत का मामला

CBI को गोपनीय जानकारी मिली थी कि NHIDCL के इस अफसर ने एक प्राइवेट कंपनी से काम में मदद करने के बदले रिश्वत मांगी है. CBI ने 14 अक्टूबर को ट्रैप लगाया और अफसर को 10 लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा. रिश्वत इस बात के लिए ली जा रही थी कि कंपनी को उसके चल रहे प्रोजेक्ट नेशनल हाईवे-37 (Demow से Moran Bypass तक 4-लेन सड़क का काम) की समय सीमा बढ़ाने और कंप्लीशन सर्टिफिकेट जारी करने में मदद मिले।

## जेंडर की वजह से दो स्कूलों की नौकरी गई, सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसवुमन शिक्षक को दिया मुआवजा



सुप्रीम कोर्ट ने एक ट्रांसवुमन शिक्षिका को मुआवजा देने का आदेश दिया है, जिन्हें उनकी जेंडर आइडेंटिटी की वजह से एक ही साल में गुजरात और उत्तर प्रदेश के दो प्राइवेट स्कूलों से निकाल दिया गया था. साथ ही कोर्ट ने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा के लिए एक समिति का भी गठन किया है. इसका गठन हाईकोर्ट के रिटायर जज आशा मेनन की अध्यक्षता में किया गया है. यह फैसला जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने जेन कौशिक द्वारा दायर एक रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया. इस याचिका में जेन ने आरोप लगाया था कि उनकी ट्रांसजेंडर पहचान के कारण उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया था.

### कोर्ट के निर्देशों का करना होगा पालन

जस्टिस पारदीवाला ने अपना फैसला सुनाते वक्त कहा कि हमने ये निर्देश तब तक के लिए जारी किए हैं जब तक सरकार नीति दस्तावेज नहीं लाती है. इसके आगे उन्होंने कहा कि अगर किसी संस्थान के पास ट्रांसजेंडरों के लिए खुद के निर्देश नहीं हैं, तो उसे इन निर्देशों का पालन करना होगा. पीठ ने कहा, "जिस तरह से उनके साथ व्यवहार किया गया और उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया, उसके लिए हमने उन्हें मुआवजा भी दिया है और इसको बड़ी गंभीरता से संज्ञान लिया है."

### समिति की जिम्मेदारी

समिति में अलग-अलग राज्यों के कई ट्रांस अधिकार कार्यकर्ता और अधिकारी शामिल होंगे और इसके पदेन सदस्यों में कुछ मंत्रालयों के सचिव भी शामिल होंगे. इस समिति का उद्देश्य ट्रांसजेंडर के लिए समान अवसर की नीति बनाना, ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 और 2020 के नियमों का अध्ययन करना, और उन्हें उचित सुविधाएं देने जैसे कई उद्देश्य शामिल हैं.

पारदीवाला ने अपना फैसला सुनाने के बाद उम्मीद जताते हुए कहा कि ये दिशानिर्देश भारत में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों को सुरक्षित करने में अहम भूमिका निभाएंगे. कोर्ट का यह फैसला राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण बनाम भारत संघ एवं अन्य मामले में 2014 में दिए गए ऐतिहासिक फैसले पर आधारित है, जिसमें जस्टिस की पीठ ने तीसरे लिंग को कानूनी मान्यता दी थी.

## समीर वानखेड़े मामले में दिल्ली हाईकोर्ट से केंद्र को बड़ा झटका, फैक्ट छिपाने के आरोप में ठोका जुर्माना

दिल्ली हाईकोर्ट ने आज शुक्रवार को भारतीय राजस्व सेवा (IRS) के अधिकारी समीर वानखेड़े को प्रमोशन देने से संबंधित फैसले की समीक्षा याचिका में तथ्य छिपाने के लिए केंद्र सरकार पर जुर्माना लगाया. जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस मधु जैन की डिवीजन बेंच ने केंद्र पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया और समीक्षा याचिका खारिज कर दी. कोर्ट ने सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार के आचरण की निंदा करते हुए कहा, "हमें उम्मीद है कि केंद्र सरकार याचिका दायर करने से पहले सभी तथ्यों का सच्चाई से खुलासा करेगी." साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि केंद्र इस तथ्य का खुलासा करने में नाकाम रहा कि कैट ने अगस्त में वानखेड़े के खिलाफ विभागीय कार्यवाही पर रोक लगा दी थी. कोर्ट ने पुनर्विचार याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि कैट का आदेश केंद्र द्वारा पुनर्विचार याचिका दायर करने से पहले ही पारित हो चुका था. दरअसल, केंद्र सरकार ने 28 अगस्त को पारित उस फैसले की समीक्षा की मांग की थी जिसमें PSC की ओर से समीर वानखेड़े को उपयुक्त पाए जाने पर उन्हें प्रमोशन दिए जाने के निर्देश के खिलाफ उसकी याचिका खारिज कर दी गई थी.

### पूरे मामले में केंद्र को किस पर थी आपत्ति

हाई कोर्ट ने अपने फैसले में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (Central Administrative Tribunal, CAT) के आदेश को बरकरार रखा और केंद्र सरकार को 4 हफ्ते के भीतर निर्देश का पालन करने को कहा. आदेश के मुताबिक, कैट ने सरकार को समीर वानखेड़े को प्रमोशन दिए जाने से संबंधित सीलबंद लिफाफा खोलने का निर्देश दिया था और कहा था कि अगर PSC द्वारा उनके नाम की सिफारिश की जाती है, तो उन्हें 1 जनवरी, 2021 से अतिरिक्त आयुक्त के पद पर प्रमोट किया जाएगा. केंद्र सरकार का कहना था कि कैट इस फैक्ट को समझ पाने में नाकाम रहा कि समीर वानखेड़े के खिलाफ CBI और श्रष्ठ की ओर से मामले दर्ज किए गए थे. साथ ही एक शिकायत भी मिली हुई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने नौकरी पाने के लिए फर्जी जाति प्रमाण पत्र पेश किया था.

### आर्यन ड्रग केस में सुर्खियों में आए थे वानखेड़े

याचिका को खारिज करते हुए, कोर्ट ने कहा था कि वानखेड़े के खिलाफ कोई विभागीय कार्यवाही लंबित नहीं है जिसमें उनके खिलाफ कोई आरोप पत्र जारी किया गया हो. आदेश में यह भी कहा गया कि वानखेड़े को न तो निलंबित किया गया था और न ही उनके खिलाफ किसी आपराधिक मुकदमे में कोई चार्जशीट दायर की गई. वरिष्ठ आईआरएस अफसर वानखेड़े फिल्म अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान से जुड़े कॉर्डेलिया क्रूज ड्रग्स मामले के सिलसिले में अचानक सुर्खियों में आए थे.

## ब्रह्मोस की पहली खेप लखनऊ यूनिट से होगी रवाना, रक्षा मंत्री और CM योगी दिखाएंगे हरी झंडी




उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ शनिवार (18 अक्टूबर, 2025) को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचने जा रही है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरोजिनी नगर स्थित ब्रह्मोस एयरोस्पेस यूनिट से तैयार की गई ब्रह्मोस मिसाइलों के पहले बैच का फ्लैग ऑफ करेंगे. यह दिन न केवल उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (PDIC) के लिए मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि भारत की रक्षा उत्पादों में आत्मनिर्भरता के संकल्प को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा. ब्रह्मोस एयरोस्पेस, जो विश्व की सबसे तेज और घातक सटीक प्रहार क्षमता वाली ब्रह्मोस 'सुपरसोनिक मिसाइल प्रणाली की निर्माता है, ने लखनऊ की नई इंटीग्रेशन एंड टेस्ट सुविधा से मिसाइल सिस्टम की पहली खेप सफलतापूर्वक तैयार कर ली है. यह अत्याधुनिक यूनिट 11 मई 2025 को उद्घाटन के बाद पूरी तरह संचालन में आई थी. यहां मिसाइल इंटीग्रेशन, टेस्टिंग और अंतिम गुणवत्ता परीक्षण की सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं. सफल परीक्षण के बाद मिसाइलें भारतीय सशस्त्र बलों के लिए तैनाती हेतु तैयार की जाती हैं।

### विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन

कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री बूस्टर भवन का उद्घाटन करेंगे और बूस्टर डॉकिंग प्रक्रिया का प्रदर्शन भी देखेंगे. इसी क्रम में एयरफ्रेम और एवियोनिक्स, वारहेड भवन में पीडीआई (प्री डिस्पैच इंस्पेक्शन) और ब्रह्मोस सिम्युलेटर उपकरणों का प्रेजेंटेशन किया जाएगा. इसके अलावा वृक्षारोपण कार्यक्रम, स्टोरेज ट्रॉली प्रदर्शन, त्रस्ज्ञ बिल प्रस्तुतीकरण और मोबाइल ऑटोनमस लॉन्चर का प्रदर्शन भी इस अवसर पर आयोजित होगा. कार्यक्रम के दौरान डीजी (ब्रह्मोस) डॉ. जयतीर्थ आर. जोशी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक चेक और त्रस्ज्ञ बिल सौंपेंगे, जिससे राज्य सरकार को राजस्व प्राप्त होगा. ब्रह्मोस मिसाइलों के उत्पादन से उत्तर प्रदेश को निरंतर GST आय प्राप्त होगी और उच्च कौशल वाले युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

### डिफेंस कॉरिडोर की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजना

सरोजिनी नगर के भटगांव स्थित अत्याधुनिक ब्रह्मोस यूनिट उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है. यहां मिसाइलों के असेंबली, इंटीग्रेशन और टेस्टिंग का कार्य उच्च तकनीकी मानकों के अनुरूप किया जाता है. इस यूनिट से पहली खेप के रवाना होने के साथ ही प्रदेश मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड 'के अभियान में एक सशक्त साझेदार बन गया है. लखनऊ ब्रह्मोस यूनिट उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर की पहली ऐसी सुविधा है, जहां मिसाइल सिस्टम के निर्माण से लेकर अंतिम परीक्षण तक की पूरी प्रक्रिया देश में ही की जाती है. यह परियोजना न केवल रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि प्रदेश में रोजगार, निवेश और तकनीकी नवाचार के नए अवसर भी सृजित कर रही है।

### उत्तर प्रदेश बनेगा भारत का अगला एयरोस्पेस और रक्षा विनिर्माण हब

ब्रह्मोस एयरोस्पेस ने भारतीय सशस्त्र बलों की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपनी उत्पादन क्षमता में तेजी से विस्तार किया है. लखनऊ का यह मैन्युफैक्चरिंग सेंटर न केवल भारतीय सेना की आवश्यकताओं को समयबद्ध रूप से पूरा करेगा, बल्कि आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय निर्यात बाजार की मांगों को भी पूरा करने में सक्षम होगा. लखनऊ में स्थापित यह समर्पित ब्रह्मोस यूनिट उत्तर प्रदेश को भारत के अगले एयरोस्पेस और रक्षा विनिर्माण हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है. यहां विकसित की जा रही अत्याधुनिक तकनीकें भविष्य में ब्रह्मोस एयरोस्पेस को और भी उन्नत वेरिएंट के मिसाइल सिस्टम विकसित करने में मदद करेंगी।

## यह स्थायी नहीं है, लेकिन संख्या यही है, ट्रंप ने चीन पर लगाए 100% टैरिफ को लेकर दिया बड़ा बयान



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि उनके द्वारा प्रस्तावित चीन से आयातित वस्तुओं पर 100% टैरिफ लंबी अवधि में टिकाऊ नहीं होगा, लेकिन उन्होंने चीन को वर्तमान व्यापार गतिरोध का जिम्मेदार ठहराया। यह गतिरोध चीन द्वारा अपने रेयर अर्थ (Rare Earth) तत्वों के निर्यात पर नियंत्रण बढ़ाने के बाद उत्पन्न हुआ। ट्रम्प ने मीडिया चैनल को दिए एक इंटरव्यू में कहा, 'यह स्थायी नहीं है, लेकिन संख्या यही है। उन्होंने मुझे ऐसा करने के लिए मजबूर किया। 'उन्होंने पिछले हफ्ते चीन से अमेरिका जाने वाले कुछ उत्पादों पर 100 ' अतिरिक्त टैरिफ और 'सभी महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर ' पर नए निर्यात नियंत्रण की घोषणा की थी। यह कदम चीन के रीयरे अर्थ तत्वों के निर्यात पर कड़े नियंत्रण के जवाब में लिया गया। ये तत्व तकनीकी निर्माण में महत्वपूर्ण माने जाते हैं और चीन इस बाजार में प्रमुख है। ट्रम्प ने यह भी पुष्टि की कि वह दूसरे हफ्ते दक्षिण कोरिया में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे, जिस मुलाकात को उन्होंने पिछले हफ्ते लेकर संशय जताया था। उन्होंने चीनी नेता की सराहना भी की। ट्रम्प ने कहा, 'मुझे लगता है कि चीन के साथ हमारे संबंध ठीक रहेंगे, लेकिन हमें एक न्यायपूर्ण और बराबरी वाला समझौता चाहिए। यह न्यायपूर्ण होना चाहिए। '

## संक्षिप्त खबरें

### बिटिया को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की पिता ने दी तहरीर छावनी पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा




**बस्ती।** बस्ती जिले के छावनी थाना क्षेत्र के एक गांव से लड़की गायब हो गई परिवारों ने पहले नात रिश्तेदारों में काफी ढूंढ़कर कर परेशान होकर जब लड़की का अता पता नहीं चला तब लड़की के पिता ने छावनी थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद को लिखित तहरीर दी।थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद ने घटनाक्रम की गम्भीरता और सम्वेदनशीलता को देखते हुए तत्काल प्रभाव से तहरीर के आधार पर वीरेन्द्र कुमार पुत्र गया प्रसाद निवासी ग्राम मधवापुर थाना हर्रैया जिला बस्ती के विरुद्ध मु.अ.सं.252/2025 धारा87/137(2)बी.एन.एस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपित और लड़की खोजबीन में लग गई थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद से घटना के बाबत करने पर बताया गया कि जल्द ही लड़की और आरोपित वीरेंद्र कुमार को जल्द ही पुलिस खोजबीन निकालेगी साथ ही आरोपित के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

### ट्रक-बाइक की टक्कर से भांजी की मौत, मामा घायल



**बस्ती।** बस्ती जिले में कल राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर एक सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवती कायनात की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मोटरसाइकिल चालक युवक अब्दुल हक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना छावनी थाना क्षेत्र के छावनी तिराहे पर दोपहर करीब चार बजे हुई।जानकारी के अनुसार, अब्दुल हक अपनी भांजी कायनात को लेकर टीवीएस एक्सएल (यूपी 40 एसी 9793) से नानपारा बहराइच से गोंडा होते हुए बस्ती की ओर जा रहा था। अयोध्या की तरफ से आ रहे एक ट्रक ने ओवरब्रिज के नीचे मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल ट्रक में फंसकर कुछ दूर तक घसीटती चली गई। इस दौरान कायनात ट्रक के पहियों के नीचे आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अब्दुल हक को गंभीर चोटें आई हैं और उसे निर्मला नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही छावनी थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना महाराजगंज तराई बलरामपुर पुलिस ने चलाया महिला जागरूकता अभियान




**महिला बीट अधिकारियों ने ग्राम चौपाल आयोजित कर महिलाओं की समस्याओं का मौके पर किया निस्तारण**

**बलरामपुर/**महाराजगंज तराई पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिबंकार देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव जी के पर्यवेक्षण में एव थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडेय के नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम द्वारा मिशन शक्ति के पंचम चरण ग्राम पंचायत मैनहवा (सर्रा) में छात्राओं को सर्व शिक्षा अभियान बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, सब पढ़े सब बढ़ें अभियान दहेज प्रतिषेध अधिनियम व बाल विवाह निषेध के बारे में थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडे ने विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई तथा साइबर अपराधों जैसे- OTP शेयरिंग, लकी ड्रा, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल, बैंकिंग फ्रॉड, आदि से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। उप निरीक्षक आकांक्षा तिवारी द्वारा ग्रामीण महिलाएं को वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी आपातकालीन 112, एबुलेंस सेवा 102/108, महिला हेल्पलाइन 181 व साइबर हेल्पलाइन नं0 1930/के बारे में जानकारी दी गई साथ मुख्य आरक्षी तेरस राम यादव आरक्षी पवनेश कुमार नीरज मिश्रा महिला आरक्षी पूजा यादव सपना राज श्वेता भदोरिया सपना देवी ने सभी को थाने पर स्थापित महिला सुरक्षा केंद्र व साइबर हेल्प डेस्क तथा यातायात नियमों के बारे में बताया गया।

## फर्जी वृक्षारोपण कर लाखों डकार गए कप्तानगंज में वन विभाग के जिम्मेदार नीद में डीएफओ

**●एसडीजी पब्लिक स्कूल भुवनपुर व अन्य दर्जनों साइडों पर फर्जी वृक्षारोपण से जुड़ा मामला**

**जब केवल कागजों तक ही सिमटा रहेगा वृक्षारोपण तो धरा पर कैसे आयेगी हरियाली बना अहम प्रश्नजब तक दोषी नहीं पहुंचेंगे सलाखों के पीछे तब तक ऐसे ही उजड़ती रहेगी धरा की हरियाली**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में भ्रष्टाचार दीमक तरह पांव जमा लियाजहाँ एक ओर देश व प्रदेश की सरकार वृक्षारोपण पर पानी की तरह पैसे बहाकर धरा की हरियाली कायम रखने हेतु कमरतोड़ मेहनत कर रही है तो वहीं दूसरी ओर कप्तानगंज वन रेंज के जिम्मेदार फर्जी वृक्षारोपण कर अपनी जेब तो भर ही रहे हैं साथ में सरकार के वृक्षारोपण अभियान को पलीता लगाने में भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। मामला एसडीजी पब्लिक स्कूल सहित दर्जनों साइडों पर फर्जी वृक्षारोपण से जुड़ा हुआ है जहाँ वन विभाग ने कागजों में वृक्षारोपण कर लाखों रुपये डकार लिए हैं अब निराई गुड़ाई के नाम पर फर्जी भुगतान करने की तैयारी चल रही है।आपको बताते चलें कि एसडीजी पब्लिक स्कूल भुवनपुर कप्तानगंज पोखरा बाजार बाया लहिलवारा कौड़ी कोल मार्ग पर स्थित है जो ग्रामीण क्षेत्र का ख्यातिप्राप्त एवं प्रतिष्ठित संस्थाओं में शुमार है। वन विभाग के भ्रष्टाचारियों की कुदृष्टि से यह संस्था भी नहीं बच पायी व वन विभाग के जिम्मेदारों ने विद्यालय के नाम पर सैकड़ों फर्जी वृक्षारोपण दिखाते हुए लाखों लाख रुपये डकार लिए अब निराई गुड़ाई के नाम पर दुबारा लूट की तैयारी चल रही है । सूत्रों की मानें तो अकेले कप्तानगंज वन रेंज में दर्जनों से ज्यादा ऐसी साइडें हैं जहाँ बिना वृक्षारोपण भुगतान प्राप्त कर भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया है और पूरे जनपद स्तर की बात करें तो जनपद का यह एक महाघोटाला होगा जिसमें करोड़ों से ज्यादा का वारा - न्यारा मिलेगा। बात यहीं फर्जी वृक्षारोपण पर ही नहीं समाप्त होती है जनपद स्तर पर सैकड़ों से ज्यादा अवैध आरा मशीनों का संचालन वन विभाग के संरक्षण में हो रहा है जिससे धरा की हरियाली को ग्रहण लगा हुआ है और बदले में जिम्मेदार मोटी फिरौती वसूल रहे हैं।

## रिटेलरशिप अवैध पटाखे बरामद कर अपनी पीठ ठोक रही पुलिस नहीं कर पा रही सप्लायर का खुलासा..

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के सभी सर्किल क्षेत्रों में इन दिनों पुलिस द्वारा की जा रही चेकिंग में बड़ी मात्रा में अवैध विस्फोटक (पटाखे) बरामद हो रहे हैं। दीपावली पर्व के नजदीक आते ही ऐसे पटाखों की तस्करी और अवैध भंडारण का खुलासा तेजी से हो रहा है। लेकिन इसके साथ ही कुछ गंभीर सवाल भी खड़े हो रहे हैं –

**आखिर ये अवैध विस्फोटक आ रहे हैं कहां**

इनका सप्लायर कौन है और यह नेटवर्क किन-किन जिलों तक फैला है?कार्रवाई हमेशा रिटेल (खुदरा) विक्रेताओं तक ही सीमित क्यों रहती है?बड़े थोक विक्रेताओं और सप्लाई करने वाले गिरोहों पर प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं हो रही?

इन सवालों के जवाब तलाशना अब जरूरी हो गया है क्योंकि छोटे विक्रेताओं की गिरफ्तारी से सिर्फ सतही कार्रवाई ही दिखाई देती है, जबकि इस अवैध व्यापार की जड़ें कहीं गहराई में छिपी हैं।इसी क्रम में आज



थाना कलवारी क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो बोरी में विभिन्न प्रकार के अवैध पटाखे बरामद किए हैं।

त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई इस कार्रवाई में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक बस्ती अभिनन्दन के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत के कुशल मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी कलवारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई थानाध्यक्ष कलवारी गजेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में 15 अक्टूबर 2025 को की गई।

दीपावली पर्व के दृष्टिगत की गई चेकिंग में कस्बा गायघाट से दो बोरी में विभिन्न प्रकार के अवैध पटाखे बरामद हुए। इस संबंध में मु0अ0सं0 184/2025, धारा 288 बीएनएस एवं 5/9क्कविस्फोटक अधिनियम 1884 के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।गिरफ्तार अभियुक्त- रामकिशोर पुत्र दिनेश चांद, निवासी गायघाट, थाना कलवारी, जनपद बस्ती। गिरफ्तारी करने वाली टीम- थानाध्यक्ष कलवारी – गजेन्द्र प्रताप सिंह

चौकी प्रभारी गायघाट – उ0नि0 राममणि उपाध्याय हे0का0 प्रदीप यादव, का0 संदीप यादव, का0 हेमंत सिंह, का0 राजेश सिंह यादव, का0 कपीश राय

**म0का0 सुभांगी**

पुलिस प्रशासन का दावा है कि ऐसे मामलों पर सतर्कता बढ़ाई गई है, लेकिन स्थानीय स्तर पर यह भी मांग उठ रही है कि केवल छोटे विक्रेताओं पर कार्रवाई कर मामले को निपटाया न जाए, बल्कि थोक सप्लायरों, परिवहन चैनल और नेटवर्क के संचालकों पर सख्त छापेमारी व कानूनी कार्यवाही की जाए ताकि इस अवैध व्यापार पर स्थायी रूप से रोक लग सके।

## तिलोई में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन उमडा भारी जन सैलाब

**●अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक शांतनु जी महाराज के मुखारविंद से कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**तिलोई अमेठी।** दान सिंह बैस- शंकरगंज में ब्लॉक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह÷मुन्ना सिंह÷ द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा मे अमेठी जनपद सहित आसपास के जनपदों से भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस ऐतिहासिक श्रीमद् भागवत कथा में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक शांतनु जी महाराज के मुखारविंद से कथा का रसपान कर भक्त भाव विभोर हुए। तिलोई में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन भक्तों का भारी जन सैलाब उमड़ पड़ा, शांतनु जी महाराज के मुखारविंद से कथा सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा एक पवित्र और धार्मिक अनुष्ठान है, जिसमें भगवान की लीलाओं और कथाओं का वर्णन किया जाता है। यह कथा न केवल धार्मिक महत्व रखती है, बल्कि यह हमारे जीवन को भी सकारात्मक दिशा में ले जाने में मदद करती है।तिलोई में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन भारी जन सैलाब उमड़ पड़ा। शांतनु जी महाराज के मुखारविंद से कथा सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा के दौरान श्रोताओं ने भगवान की भक्ति में डूबकर भजन गाए और प्रभु की स्तुति की।श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से शांतनु जी महाराज ने हमें जीवन जीने का सही तरीका सिखाया, उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए हमें अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए और भगवान की भक्ति में लीन रहना चाहिए।कथा के अंतिम दिन उमड़े जन सैलाब को देखकर यह स्पष्ट होता है कि श्रीमद् भागवत कथा कितनी पवित्र और आकर्षक है। श्रोता कथा सुनने के लिए दूर-दूर से आते हैं और अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जाने के लिए प्रेरित होते हैं।श्रीमद् भागवत कथा एक ऐसा अनुष्ठान है जो हमें जीवन के सही मार्ग पर ले जाने में मदद करता है। तिलोई में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन उमड़े जन सैलाब ने इस बात को सिद्ध कर दिया है कि लोग अभी भी धर्म और आध्यात्म की ओर आकर्षित हैं। यह कथा हमें जीवन के उद्देश्यों को प्राप्त करने और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। कथा के आयोजक ने बताया कि यह कथा सात दिनों तक चली और इसमें दूर-दूर से श्रोता आए।कथा के अंतिम दिन शांतनु जी महाराज ने भगवान की लीलाओं का वर्णन किया और श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया आयोजन में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात था।श्रीमद् भागवत कथा सुनने से हमारे मन को शांति मिलती है और हमारा आत्मिक विकास होता है। शांतनु जी महाराज ने रुक्मणी विवाह कंस वध सहित भगवान की लीलाओं का बड़ा ही सुंदर और चरित्रार्थ वर्णन किया इस दौरान प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत, विधायक गौरीगंज राकेश सिंह, सहित कई अन्य विधायक एमएलसी व भाजपा वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित राम उंजेरे शुक्ल, पूर्व जिला अध्यक्ष दया शंकर यादव, मीडिया विभाग जिला सहसंयोजक पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा, दीपचंद कौशल, शंकर बक्श सिंह सहित आसपास के जनपदों से कई हजार श्रद्धालु शामिल हुए।

## स्वदेशी मेला 2025- 9वें दिन प्रशिक्षार्थियों को स्वरोजगार व आत्मनिर्भरता की दी जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**अमेठी।** यूपी ट्रेड शो 2025 के अंतर्गत जनपद अमेठी में आयोजित स्वदेशी मेला के 9वें दिन विभिन्न विभागों द्वारा प्रशिक्षार्थियों को आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया गया। आज के कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र, खादी विभाग, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, आईटीआई, आरसेटी आदि के प्रशिक्षार्थियों को विभिन्न ऋण योजनाओं और उद्यमिता कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना पर प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षार्थियों को यह समझाया गया कि कोई भी उद्यम सफलता केवल लगन और मेहनत से ही प्राप्त होती है। इस अवसर पर नोडल प्रधानाचार्य विवेक ने उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के कार्यक्रमों और प्रशिक्षण सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं, अग्रणी बैंक प्रबंधक राजीव पांडेय ने योजनाओं के वित्तीय पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षार्थियों को ऋण सुविधा और वित्तीय सहायता से संबंधित विवरण दिए। कार्यक्रम के दौरान स्वदेशी उत्पादों की खरीददारी भी बड़े उत्साह के साथ की गई। स्थानीय और जनपद में निर्मित विभिन्न देशी उत्पादों में अभ्यर्थियों और आगंतुकों की काफी रुचि देखी गई। उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया ने बताया कि स्वदेशी मेला का समापन कल, दिनांक 18/10/2025 को किया जाएगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को सफल बनाएं और स्वदेशी उद्योगों को प्रोत्साहन दें। स्वदेशी मेला में आयोजित यह विशेष सत्र युवाओं को उद्यमिता के प्रति जागरूक करने और स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करने की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण साबित हुआ।

## नीलम सिंह राना ने 11 परियोजनाओ का किया शिलान्यास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के नगर पंचायत नगर की अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने ढाई करोड़ की 11 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने बृहस्पतिवार को भवानी प्रसाद नगर वार्ड के भैंसबरहा और भगत सिंह वार्ड के भैरोपुर में डॉ भीमराव अम्बेडकर पार्क की आधार शिला रखी। जे पी नगर वार्ड के कंपोजिट विद्यालय बकैनिया द्वीप और लोहिया नगर वार्ड के देवापार में ओपेन जिम का लोकार्पण किया। श्रीमती राना ने अटल नगर वार्ड के खुटहन में सीसी मार्ग और गुरुप्रसाद नगर वार्ड में पोखरनी पिच मार्ग के दोनों तरफ इंटरलॉकिंग पटरी का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया । उन्होंने अटल नगर वार्ड के बरवानिया मार्ग, अम्बेडकर नगर वार्ड के राजघाट मार्ग, मार्ग तथा शिवाजी नगर वार्ड के बालगोड़ा मार्ग पर ,गुरू प्रसाद नगर वार्ड के खड़ौआ खुर्द मार्ग तथा पोखरनी मार्ग पर स्वीच दबाकर जनता को स्ट्रीट लाइट का उपहार दिया। श्रीमती राना ने कहा कि आदर्श नगर पंचायत नगर को देश का मॉडल नगर पंचायत बनाने का प्रयास जारी है। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सबका साथ और सबका विकास के मंत्र को नगर पंचायत में लागू करने की प्रतिबद्धता दोहराया। श्रीमती राना ने क्षेत्र के चतुर्दिक विकास में सभी से सहयोग की अपील किया। उत्तर प्रदेश राज्य पंचायत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राना दिनेश प्रताप सिंह ने 1कहा कि नगर को महानगर की तर्ज पर सजाने और संवारने की जरूरत है। उन्होंने अमर बलिदानी राजा उदय प्रताप नारायण सिंह और स्वाधीनता सेनानी सरजू भगत निषाद की कर्म भूमि को राष्ट्रीय पटल पर स्थापित करने का सार्थक प्रयास किया जाना चाहिए। इस अवसर सभासद राजकुमार चौधरी, राजेश पाण्डेय, संदीप कुमार, वीरेंद्र कुमार, राम सजन यादव, देशराज के के संजय सोनकर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बस्ती मैराथन की तैयारियां पूरी, 19 अक्टूबर को दौड़ेगा बस्ती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में नेशनल एसोसिएशन ऑफ यूथ द्वारा आयोजित 14वीं बस्ती मैराथन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह भव्य आयोजन 19 अक्टूबर, रविवार को आयोजित होगा। "नशा मुक्त, स्वच्छ और स्वस्थ बस्ती" के संकल्प के साथ यह मैराथन जिले की जनभागीदारी, युवा शक्ति और सामाजिक चेतना का अद्भुत संगम बनेगी संस्था के अध्यक्ष भावेष पाण्डेय ने बताया कि इस वर्ष बस्ती मैराथन को "मिशन शक्ति अभियान" से जोड़ा गया है, ताकि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संदेश पूरे समाज तक पहुँचाया जा सके। इसके साथ ही बस्ती पुलिस के सहयोग से इस आयोजन के माध्यम से साइबर जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा, जिससे युवा वर्ग ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराधों के प्रति सजग हो सके। आयोजन में स्वच्छता का विशेष संदेश भी दिया जाएगा, जिससे स्वस्थ और स्वच्छ बस्ती के निर्माण का संदेश जन-जन तक पहुँचे।मैराथन मार्गयह दौड़ शास्त्री चौक से प्रारंभ होकर कंपनी बाग से गांधीनगर होते हुए नेहरू तिराहा से मुड़कर रौता चौराहा, फिर सुभाष तिराहा, वी-मार्ट के सामने से होते हुए तहसील गेट, और अंत में वापिस शास्त्री चौक तक पहुँचेगी। संपूर्ण मार्ग पर सुरक्षा, पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा और यातायात व्यवस्था के सख्त इंतज़ाम किए गए हैं।इस आयोजन में महिला, पुरुष, युवा, बच्चे और बुजुर्ग–सभी वर्गों के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। साथ ही इस वर्ष राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, बिहार, झारखंड, उत्तराखंड सहित विभिन्न राज्यों से भी धावक प्रतिभाग कर रहे हैं, जिससे आयोजन को राष्ट्रीय स्वरूप प्राप्त हो रहा है।विजेताओं के लिए पुरस्कार व्यवस्था भी की गई है, ताकि प्रतिभागियों के उत्साह को और प्रोत्साहन मिले।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह, डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल, लोकप्रिय कथावाचक आचार्य शांतनु जी महाराज, गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ल, भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानन्द राय, विधायक अजय सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक संजीव त्यागी, पूर्व विधायक संजय जायसवाल और पूर्व विधायक दयाराम चौधरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे, जो धावकों का उत्साहवर्धन करेंगे।

भावेष पाण्डेय ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस सामाजिक चेतना के महोत्सव का हिस्सा बनें और बस्ती को स्वच्छ, स्वस्थ, नशामुक्त और जागरूक बनाने में अपना योगदान दें।

## कुपोषण के खिलाफ जंग में गौर अग्रणी-ब्लॉक सभागार में विशाल चौपाल, पुरस्कार और उत्साह का माहौल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास खंड गौर में बाल विकास परियोजना गौर के सौजन्य से पोषण माह के समापन अवसर पर ब्लॉक सभागार में एक विशाल पोषण चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख जटाशंकर शुक्ला और विशिष्ट अतिथि जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार थे। कार्यक्रम का संचालन सीडीपीओ बलराम सिंह ने किया।कार्यक्रम की शुरुआत पोषण कलश के दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ती मीना सिंह ने पोषण गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार ने पोषण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए निर्देश दिए कि अपने सर्वे क्षेत्रों में कुपोषित बच्चों की खोज करें, उनकी स्वास्थ्य जांच कराएं और छह प्रकार की दवाएं उपलब्ध कराएं। रेफर किए गए बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराकर कुपोषण के चक्र से मुक्त कराएं। खंड विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने सीडीपीओ की सराहना करते हुए कहा कि यहां के कर्मचारी मनोयोग से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि कुपोषित बच्चों के लिए आवश्यक सुविधाएं ब्लॉक स्तर से मुहैया कराई जाएंगी। ब्लॉक प्रमुख जटाशंकर शुक्ला ने सीडीपीओ और मुख्य सेविका की तारीफ की तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी से गौर ब्लॉक पर विशेष ध्यान देने का निवेदन किया। उन्होंने कुपोषण मुक्त बस्ती बनाने के लिए सभी विभागों के कर्मचारियों से दायित्व निभाने और समस्याओं के समाधान में सहयोग की अपील की। सीडीपीओ बलराम सिंह ने अतिथियों का सम्मान करते हुए आश्वासन दिया कि संसाधनों का संचित उपयोग कर गौर ब्लॉक को नंबर एक पर स्थापित करने का प्रयास जारी रहेगा। चौपाल में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और बच्चों का अन्नप्राशन भी संपन्न हुआ। अतिथियों ने स्टॉल और रंगोली का निरीक्षण किया तथा कुपोषण के खिलाफ जंग पर बनी रंगोली की जमकर प्रशंसा की। मुख्य सेविका गीता सिंह, कामिनी कुमारी तथा नवचयनित मुख्य सेविकाओं अंकित वर्मा, पूजा मिश्रा, सीलम शुक्ला, निशा पांडे, आशा वर्मा और कमलावती वर्मा ने सक्रिय भागीदारी निभाई। मुख्य अतिथियों ने नई मुख्य सेविकाओं का उत्साह बढ़ाया और कार्यक्रम की सफलता के लिए बलराम सिंह तथा गीता सिंह की सराहना की। रॉकेट लर्निंग संस्था के ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव की मेहनत को रेखांकित करते हुए सीडीपीओ ने बताया कि इससे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। संस्था ने 15 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्राम पंचायत और ग्राम विकास विभाग के पदाधिकारी, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कर्मी तथा क्षेत्रीय जनसमुदाय बड़ी संख्या में उपस्थित रहा। सूक्ष्म जलपान के बाद आभार व्यक्त कर समापन हुआ। यह आयोजन कुपोषण उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## प्रणव पुरी महाराज की कथा में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु

**●प्रधान चौबीसी गौरव सिंह द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सुन भक्त हुए भाव विभोर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हैदरगढ़ बाराबंकी।** उद्योगपति एवं भाजपा नेता महेंद्र विजय सिंह के भतीजे चौबीसी प्रधान गौरव सिंह द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन आसपास के जनपद से भी भारी संख्या में श्रद्धालु कथा में शामिल हुए तथा प्रणव पुरी महाराज के मुखारविंद से चल रही अमृतमई श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया। अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक प्रणव पुरी महाराज जी ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का बड़ा ही सुंदर और चरित्रार्थ वर्णन किया, उन्होंने रुक्मणी विवाह, भगवान श्री कृष्ण सुदामा मित्रता, कंस वध सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि जब-जब धरा पर असुरों का अत्याचार बढा है, तब तब असुरों का विनाश करने व भक्तों की रक्षा करने के लिए विभिन्न स्वरूपों में भगवान ने पृथ्वी पर अवतार लिया है तथा धर्म की स्थापना की है ।उन्होंने कहा कि अधर्म और आसत्य कितना भी ताकतवर क्यों ना हो जाए लेकिन उसका विनाश होता है सत्य की विजय होती है। हमारे धार्मिक ग्रंथ हमें सद मार्ग पर चलने की सीख देते हैं उन्होंने कहा कि भागवत सभी ग्रंथों और पुराणों का सार है। भागवत कथा सुनने से धन-धान्य और मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि जब धरा पर कंस सहित अनेक असुरों का अत्याचार बढ़ चुका था उनके पाप का घड़ा भर गया था तब उनके विनाश के लिए भगवान विष्णु ने भगवान श्री कृष्ण के रूप में अवतार लेकर असुरों का वध किया तथा धर्म की स्थापना की। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण द्वारा सुनाया गया गीता का उपदेश सबसे बड़ा उपदेश है और आज भी लोग उसका अनुसरण करते हैं। वही कार्यक्रम के आयोजक? प्रधान चौबीसी गौरव सिंह व उनके भाई मानवेंद्र विजय सिंह द्वारा मुख्य अतिथियों का अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, तथा सभी सम्मानित श्रोतागणों ने व्यास पीठ से कथा ब्यास प्रणव पुरी महाराज का आशीर्वाद भी लिया। कथा में प्रमुख रूप से अमेठी जनपद के वरिष्ठ भाजपा जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, पूर्व सांसद एवं प्रदेश मंत्री प्रियंका रावत, गौरीगंज से विधायक राकेश प्रताप सिंह, हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत, अवधेश सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित राम उंजेरे शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा, प्रशांत शुक्ला, अशोक शुक्ला, राज ललन उर्फ लंबरदार, शिवांशु मिश्रा, बीपी तिवारी सहित आसपास के जनपदों से हजारों की संख्या में भक्तगण शामिल हुए।

## मिठाई की दुकान से 10 किलो खोवा जब्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** दीपावली पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच के लिए विभाग अभियान चला रहा है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने नगर के चौक उत्तर लाइन में मिठाई की दुकानों पर छापा मारा। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय गिरजेश कुमार दूबे की अगुवाई में टीम ने श्याम नारायण ट्रेडर्स में जांच की। मिलावट की आशंका पर दुकान से 10 किलो खोवा जब्त किया गया है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राकेश कुमार शुक्ल ने बताया कि नमूना जांच के लिए भेजा गया है। खोवा में मिलावट मिलने पर संबंधित दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# संक्षिप्त खबरें

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत



**मलिहाबाद।** घरेलू कलह से परेशान होकर युवक ने चलती ट्रेन के आगे कूद कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।रहीमाबाद थाना क्षेत्र में रामकुमार 35 निवासी पांडेय खेड़ा जो मजदूरी पर ट्रैक्टर चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था शुक्रवार रात किसी बात को लेकर वह अपने परिवार से नाराज होकर घर से निकला और अपनी मां सावित्री देवी को फोन करके बोला मां समझो तुम्हारा एक लड़का नहीं रहा इतना कहकर रहीमाबाद रेलवे क्रॉसिंग पर आ रही एक ट्रेन के सामने कूदकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। स्टेशन मास्टर ने घटना की सूचना जीआरपी सहित रहीमाबाद पुलिस को दी जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक के परिवार में पत्नी अनीता उसके दोनों बेटे आयुष और अंकुश है।

## रामलीला में हुआ रावण वध और श्री राम का राजतिलक,दर्शक हुए मोहित




**मिश्रिख(सीतापुर)-** मिश्रिख के मेला मैदान में चल रही भव्य दिव्य रामलीला अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है । गुरुवार की शायं रामलीला के चौथे दिवस में लंका दहन , रामेश्वर स्थापना और लक्ष्मण मूर्छा जैसे रोमांचक प्रसंगों का मंचन किया गया । मंचन के दौरान कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया । शुक्रवार को रामलीला के पांचवें और अंतिम दिवस दिव्य रामलीला का मंचन किया जाएगा । इस दौरान रावण और कुंभकरण वध के साथ अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश प्रसारित होगा । इसके बाद भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक , राम राज्य तिलक , का आयोजन होगा । इसी के साथ इस वर्ष की रामलीला का विधिवत समांपन किया जाएगा । आयोजित कार्यक्रम बड़ी कुशलता और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ । रामलीला मंचन के दौरान समूचे क्षेत्र से बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। और जय श्री राम के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।इस आयोजन की जिम्मेदारी महर्षि दधीचि न्यास समिति के पदाधिकारियों ने उठाई थी।उपजिलाधिकारी मिश्रिख़ शैलेन्द्र मिश्रा,कोतवाली प्रभारी मिश्रिख़,क्षेत्राधिकारी मिश्रिख़ सहित स्थानीय विधायक, शांसद, नगरपालिका अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख एमएलसी,बीजेपी जिलाध्यक्ष सहित तमाम बीजेपी कार्यकर्ताओं और व्यापारियों,क्षेत्रीय गणमान्य,पत्रकारो सहित सबका पूर्ण समर्थन रहा।जिसके चलते मिश्रिख़ की भव्य और दिव्य रामलीला शकुशल सम्पन्न हुई।

## स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष पद के लिए करें आवेदन

**रायबरेली-** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद बांदा, कानपुर देहात, महोबा, मऊ, पीलीभीत, संत कबीर नगर, मुरादाबाद, चित्रकूट, कासगंज, झाँसी, सहारनपुर व मेरठ में धारा 22 बी, विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत स्थापित स्थायी लोक अदालत(पीएलए) के अध्यक्ष के पद पर चयन, नियुक्त के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित है। आवेदन की अन्तिम तिथि 31 अक्टूबर को सायं पाँच बजे तक है।

## सफाई कर्मचारी जनपद भदोही में तैनाती हेतु सूचना उपलब्ध करायें

**प्रतापगढ़।** जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे ने बताया है कि जनपद के राजस्व ग्राम, नगर निगम/नगर पंचायतों में सम्मिलित हो जाने के कारण सफाई कर्मियों की संख्या राजस्व ग्रामों के सापेक्ष अधिक हो जाने के फलस्वरूप सरप्लस सफाई कर्मियों को जनपद भदोही में तैनात किये जाने हेतु नीति निर्धारण किया जाना है। इच्छुक सफाई कर्मचारी जनपद भदोही जाने हेतु फोटोयुक्त शपथ पत्र लेकर (विकल्प सहित) सूचना निर्धारित प्रारूप पर 03 दिवस के भीतर जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि वांछित सूचना निदेशालय को प्रेषित की जा सके।

# चलती एंबुलेंस का फटा टायर 4 लोगों की हुई मौत एंबुलेंस के उड़े परखच्चे, महिला- बच्ची को कुचलकर पलटी एम्बुलेंस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर –** जनपद सीतापुर क्षेत्र में टायर फटने के बाद एक एंबुलेंस बेकाबू हो गई सड़क पर जा रही एक मां-बच्ची को रौंदते हुए कुछ दूर आगे जाकर पलट गई महिला ने मौके पर दम तोड़ दिया। एंबुलेंस पलटने से उसमें सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मरीज, ड्राइवर और एक अन्य सवार ने भी घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया इस हादसे में दो लोग घायल हैं। इसमें एक मरीज का भाई और मृतक महिला की बच्ची शामिल हैं दोनों को लोगों की सहायता से पुलिस ने स्थानीय अस्पताल पहुंचवाया लेकिन उनकी गंभीर हालत को देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया गया एंबुलेंस, देहरादून के रहने वाले मरीज विशाल पांडेय (40) को लेकर वाराणसी जा रही थी। हरिद्वार निवासी ड्राइवर गुरमीत (23) एंबुलेंस चला रहा था उसमें विशाल के भाई दिव्यांशु पांडेय और एक अन्य व्यक्ति भी सवार थे मृतक मां और गंभीर रूप से घायल बच्ची बस का इंतजार कर रहे थे एंबुलेंस सवार एक अन्य मृतक की भी पहचान कराई जा रही। घटना दिल्ली-लखनऊ हाइवे पर अटरिया क्षेत्र के हिंद गेट के सामने की है



शुक्रवार सुबह करीब सवा आठ बजे एंबुलेंस का टायर फटने के बाद हादसा हुआ देहरादून के रहने वाले विशाल पांडेय की कमर में गंभीर चोट लगी थी। कमर की चोट की वजह से काफी दिनों से वह उठने-चलने में असमर्थ थे परिजन उनका इलाज देहरादून में करा रहे थे लेकिन उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर्स ने बनारस के एक हायर सेंटर के लिए उनको रेफर कर दिया गया गुरुवार को मरीज विशाल पांडेय को लेकर उनके भाई दिव्यांशु पांडेय एंबुलेंस से बनारस आ रहे थे दिव्यांशु, बिहार के कैमूर में जॉब करते हैं। एंबुलेंस, हरिद्वार के रहने वाले गुरमीत चला रहे थे। इन तीनों के अलावा एक अन्य व्यक्ति भी एंबुलेंस में साथ बनारस आ रहे थे फिलहाल पता नहीं चल सका है कि चौथा सवार, मरीज के परिवार का था या एंबुलेंस अटेंडेंट था शुक्रवार सुबह दिल्ली-लखनऊ हाइवे पर अटरिया थानाक्षेत्र के हिंद गेट के पहले अचानक एंबुलेंस का टायर फट गया चूंकि, एंबुलेंस की स्पीड तेज थी इसलिए टायर ब्लास्ट होते ही वह अनियंत्रित हो गई बेकाबू एंबुलेंस, हिंद गेट के पास बस का इंतजार कर रही एक महिला और बच्ची को कुचलते हुए आगे जाकर पलट गई महिला की मौके पर ही मौत हो गई सड़क किनारे एक गड्ढे में पलटी एंबुलेंस के परखच्चे उड़ गए उसकी पूरी छत उड़ गई। एंबुलेंस में सवार मरीज विशाल पांडेय, ड्राइवर गुरमीत और उसमें बैठे एक तीसरे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि विशाल के भाई दिव्यांशु गंभीर रूप से घायल हो गए हरदोई निवासी सुभाष गुप्ता, पत्नी ममता गुप्ता और 12 वर्षीय बेटी के साथ अपनी सास को देखने आए थे घर जाने के लिए सड़क किनारे बस का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान एंबुलेंस ने पत्नी और बेटी को कुचल दिया इसमें ममता गुप्ता की मौत हो गई। बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई घटना की जानकारी मिलते ही अटरिया पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने मृतकों की शिनाख्त कराई। एक मृतक की पहचान नहीं हो सकी!!

# समाजसेवी अजय सिंह आदित्य की दो बसों में 150 श्रद्धालु अयोध्या रवाना

**●- राम की पैढ़ी पर दीप जलाने के साथ ही दिवाली पर ड्रोन शो देखेंगे श्रद्धालु**

**- 28 चरणों मे 135 बसों से 10 हजार 710 श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन करा चुके अजय सिंह आदित्य**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सण्डीला (हरदोई)।** विधानसभा सण्डीला क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोड़वा पट्टी और मानपुर से शुक्रवार को दो बसों के माध्यम से 150 श्रद्धालु निःशुल्क अयोध्या धाम दर्शन के लिए रवाना हुए। अब तक कुल 135 बसों से 10,710 श्रद्धालु




निःशुल्क भोजन, पानी और नाश्ते की व्यवस्था के साथ दर्शन कर चुके हैं। शुक्रवार को अतरौली चौराहे से 28वें चरण की बस यात्रा का शुभारंभ भाजपा नेता व एडवोकेट अजय कुमार सिंह आदित्य ने हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने बताया कि दीपावली पर्व को देखते हुए इस बार यात्रा शुक्रवार को निकाली गई है। यह सेवा तब तक जारी रहेगी जब तक संडीला विधानसभा क्षेत्र का हर व्यक्ति श्रीरामलला के दर्शन न कर ले। इस अवसर पर किशन टेलर, शैलेंद्र सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, सियारामदास बाबा, राकेश यादव, माखन गौतम, खुशीराम यादव, गुड्डू यादव, वीरपाल, आर्कवंशी, श्रीकृष्णा आर्कवंशी, छोटे लाल, नानके शर्मा, छोटक्के कन्नौजिया, गुड तिवारी, सुरेश आर्कवंशी, पाले, सहित अन्य लोग मौजूद रहे। अमन विश्वकर्मा ने बताया कि अयोध्या में इस दीपावली पर 56 घाटों पर 28 लाख दीपों से सरयू तट जगमगाने की तैयारी है। हजारों वॉलिंटियर एक जैसी शर्ट में दीप सजाने में जुटे हैं। 18-19 अक्टूबर को होने वाले ड्रोन शो से अयोध्या श्रीराममय हो जाएगी। उन्होंने भाजपा नेता अजय कुमार सिंह आदित्य को रामभक्तों को निःशुल्क दर्शन कराने की सेवा हेतु धन्यवाद दिया। शैलेंद्र सिंह ने बताया दीपावली में अयोध्या की जगमग सजावट देख ऐसा लग रहा है मानो मैं त्रेतायुग की अयोध्या नगरी में आ गया हूं। यहां की तैयारियां अद्भुत हैं। दीपावली के दिन अयोध्या नगरी पूरी तरह जगमगाएगी। यह सब अजय कुमार सिंह आदित्य की निःशुल्क बस यात्रा से ही संभव हो पा रहा है।

# दिवाली से पहले पटरी दुकानदारों पर चला नगर पालिका प्रशासन का बुलडोजर, दुकानदारों ने नाले पर किया था अतिक्रमण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर-** जनपद सीतापुर में दिवाली से पहले नगर पालिका प्रशासन ने शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए बड़ी कार्रवाई की है शुक्रवार दोपहर को नगर पालिका की टीम ने शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आर्यनगर में सड़क किनारे और नाले पर कब्जा जमाए पटरी दुकानदारों पर बुलडोजर चलाया इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया नगर पालिका द्वारा पहले ही दुकानदारों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई थी। लेकिन निर्धारित समय के भीतर कब्जे नहीं हटाए जाने पर प्रशासन ने सख्ती दिखाई अतिक्रमण हटाने की जगह पर नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची और पुलिस बल की



मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया सड़क किनारे बने अस्थायी ठेले, खोखे और टीनशेड की दुकानों को गिरा दिया गया। कार्रवाई के दौरान कई दुकानदारों ने विरोध करने की कोशिश की लेकिन अधिकारियों ने साफ कहा कि त्योहारों के मौके पर यातायात व्यवस्था और सफाई बनाए रखने के लिए यह अभियान जरूरी है नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ने बताया कि लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण के चलते मुख्य सड़कों पर जाम की स्थिति बन जाती है। दिवाली जैसे बड़े त्योहारों में भीड़भाड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए यह कदम उठाया गया है, ताकि नागरिकों को आवागमन में दिक्कत न हो हालांकि, कार्रवाई से प्रभावित पटरी दुकानदारों में भारी मायूसी देखने को मिली। कई दुकानदारों का कहना था कि वे वर्षों से यहीं पर अपनी आजीविका चला रहे थे और अचानक दुकानें गिरा देने से उनके सामने रोज़ी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है उन्होंने प्रशासन से वैकल्पिक स्थान देने की मांग की है नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अतिक्रमण हटाने की यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी और जिन क्षेत्रों में अवैध कब्जे हैं, वहां भी जल्द कार्रवाई की जाएगी!!

# एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण संपूर्ण का सफल समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैराबाद सीतापुर द्वारा आयोजित एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण संपूर्ण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण प्राचार्य /उप शिक्षा निदेशक डॉ राजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में 01 अगस्त 2025 को आरंभ हुआ, एवं 17 अक्टूबर 2025 को प्राचार्य /उप शिक्षा निदेशक डॉ महेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में सीतापुर जनपद के 19 विकासखंड एवं नगर क्षेत्र सीतापुर के प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालय के 1500 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। यह प्रशिक्षण लगभग तीन माह तक संचालित हुआ। प्रशिक्षण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में उल्लिखित समस्त शिक्षकों हेतु न्यूनतम 50 घंटे के सतत् व्यवसायिक विकास (CDP) किया जा सके। प्रशिक्षण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023, निपुण भारत अभियान, एनसीईआरटी आधारित नवीन पाठ पुस्तकों का समेकित प्रयोग, शिक्षण योजना, जीवन कौशल, कक्षा एवं विद्यालय प्रबंधन, नेतृत्व क्षमता संवर्धन, समावेशी शिक्षा, सुरक्षा- संरक्षा, पुस्तकालय



प्रयोग, आकलन एवं समग्र प्रगति पत्र, हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा शिक्षण आदि विभिन्न विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। जिससे शिक्षकों का क्षमता संवर्धन एवं आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, विभिन्न प्रकार के कौशलों से सुसज्जित किया जा सके। संस्थान के मुखिया डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आधारशिला एक प्रशिक्षित और संवेदनशील शिक्षक है। शिक्षकों को 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, प्रशिक्षित शिक्षक कक्षा में सकारात्मक बदलाव लाएंगे और छात्रों के भविष्य को उज्जवल बनाएंगे। प्रशिक्षण में मिली नई दृष्टि विद्यालय में लागू करें गुणवत्ता परक शिक्षा प्रदान करके विद्यालय को निपुण बनाने का प्रयास करें।

सभी संदर्भदताओं का योगदान भी उल्लेखनीय रहा, उन्होंने विभिन्न विषयों पर अपनी गहन ज्ञान अनुभव एवं रचनात्मक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रतिभागियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। उनकी उत्कृष्ट प्रशिक्षण शैली और सहयोगात्मक दृष्टिकोण ने शिक्षकों को प्रेरित किया तथा प्रशिक्षण को व्यावहारिक एवं प्रभावशाली बनाया।

प्रशिक्षण के संचालन में नोडल अधिकारी श्रीमती स्नेह लता वर्मा की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा, समन्वय तथा सुचारू संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी सक्रिय नेतृत्व क्षमता एवं समर्पण के कारण प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुशासित, सुसंगठित एवं परिणामोन्मुखी रूप से संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण में तकनीकी सहायता के लिए श्री शशांक तिवारी (कनिष्क सहायक)और श्री जयपाल (वरिष्ठ सहायक) का योगदान सराहनी रहा।

समापन सत्र में प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी प्रेरणादायक और व्यावहारिक बताया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने सभी संदर्भदाताओं, प्रतिभागियों नोडल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता की सराहना की।

# फुटबाल टूर्नामेंट के बाद खेल का समापन शनिवार को पुरस्कार वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर-** 17 अक्टूबर बक्शी का तालाब स्थित चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक खेल को प्रतियोगिता की शुरुआत की गई 14 अक्टूबर को की गई थी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ तेज प्रकाश सिंह शोध अधिकारी डॉ गजेंद्र सिंह , प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार सिंह एवं प्रशासनिक अधिकारी शिवमंगल चौरसिया ने फुटबाल टीम से परिचय किया और फुटबॉल टूर्नामेंट का आनंदलिया। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में 17 इवेंट्स कराये गये। प्रथम दिन क्रिकेट मैच की शुरुआत की गई थी आज फुटबॉल टूर्नामेंट के साथ प्रतियोगिता का समापन हुआ । महाविद्यालय खेल प्रशिक्षक आरपी सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रमुख रूप से क्रिकेट, दौड़, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, रंगोली, फुटबॉल, जबलिग थ्रो, डिस्क थ्रो, हाई जम्प एवं लांग जम्प सहित 17 प्रमुख इवेंट्स कराये जाएंगे प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रथम द्वितीय तृतीय खिलाड़ियों को 18 अक्टूबर को पुरस्कार वितरण किये जाएंगे और महाविद्यालय के शिक्षक और कर्मचारियों के बीच भी 18 अक्टूबर को एक मैच होगा।

प्रतियोगिता मे खेलकूद समिति की सदस्य धनेंद्र कुमार सिंह, डॉ आशुतोष श्रीवास्तव, डॉ राजीव कृष्ण बाजपेई, डॉ केडी सिंह, डॉ सुधीर कुमार रघुवंशी, डॉ विवेक कुमार वर्मा, प्रतिमा सिंह एवं डॉ उपमा त्रिपाठी, डॉ रश्मि पांडे, डॉ दीप्ति श्रीवास्तव, डॉ स्वाहा सी चंदा, डॉ पी के सिंह, डॉ पुष्पा यादव, डॉ धर्मेश कुमार सिंह, डॉ अनिल कुमार वर्मा, धीरेंद्र कुमार सिंह, ई विपुल अग्रवाल, डॉ कमलाकांत, डॉ यू ए सिद्दीकी, डॉ जशकरन, डॉ एस पी सिंह, डॉ गुरप्रीत भाटिया, डॉ आनंद सिंह, डॉ रवि शंकर वर्मा, डॉ सुधाकर सिंह, डॉ दीपक पांडे, डॉ पी के मिश्रा, डॉ अरविन्द कुमार, डॉ हृदय नारायण तिवारी,राम प्रकाश , जितेन्द्र कुमार बाजपेई, श्याम, पवन, राम नरेश, चंद्रशेखर, संतपाल, श्री रणजीत सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, उमेश कुमार सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अधिकारियों ने ऊंचाहार प्रकरण का किया स्थलीय निरीक्षण

**●मृतक के परिजनों से की मुलाकात, प्रशासनिक कार्यवाही की समीक्षा**

**जिला प्रशासन की तत्परता और प्रभावी कार्रवाई की आयोग ने की सराहना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली-** ऊंचाहार क्षेत्र में युवक की पिटाई कर हत्या किए जाने की घटना के संबंध में न्यायिक एवं प्रशासनिक कार्यवाही की वस्तुस्थिति जानने हेतु राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, भारत सरकार के निदेशक श्री उत्तम प्रकाश तथा वरिष्ठ अन्वेषक श्री गिरीश राठौर ने शुक्रवार को जनपद रायबरेली का दौरा किया। दोनों अधिकारियों ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जिलाधिकारी सुश्री हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने घटना से संबंधित विवेचना, गिरफ्तारी एवं न्यायिक कार्यवाही की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की। साथ ही, जिलाधिकारी से पीड़ित परिवार को उपलब्ध कराई गई सरकारी सहायता, राहत राशि और पुनर्वास योजनाओं की जानकारी भी ली।

आयोग के अधिकारियों ने जिला प्रशासन द्वारा की गई त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा की गई तत्पर कार्यवाही से भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने में सहायता मिलेगी। बैठक के पश्चात आयोग के अधिकारी ऊंचाहार के नई बस्ती, इमालिया का पुरवा गांव पहुंचे, जहाँ उन्होंने मृतक हरिओम की पत्नी संगीता से मुलाकात कर परिजनों की स्थिति जानी। मृतक की पत्नी ने बताया कि जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार द्वारा हरसंभव सहयोग प्रदान किया गया है और सहायता की प्रक्रिया अभी भी जारी है। स्थलीय निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी ऊंचाहार श्री राजेश श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी गिरिजा त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुश्री सृष्टि अवस्थी, तहसीलदार ऊंचाहार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। निदेशक उत्तम प्रकाश ने संबंधित अधिकारियों को प्रकरण की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा आश्वस्त किया कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि मृतक के परिजन प्रशासनिक एवं पुलिस कार्यवाही से संतुष्ट हैं। इसके उपरांत आयोग के अधिकारीगण मृतक के परिजनों से मुलाक़ात हेतु उनके मूलनिवास जनपद फतेहपुर के लिए रवाना हो गए।

# ब्रह्मलीन सुरेश चंद्र अग्निहोत्री की पुण्यतिथि पर होंगे विविध आयोजन

**●आदि शक्ति मां सूर्य कुमारी के अनन्य भक्त की पुण्यतिथि पर आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम**

**वृहद गौपूजन,स्वास्थ्य शिविर,अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व विभिन्न सहयोग एवं सम्मान समारोह होंगे आयोजित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली) सरेनी।** आगामी 19 अक्टूबर दिन रविवार को आदिशक्ति मां भक्त सुरेश सेवा संस्थान रायबरेली एवं संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वाधान में क्षेत्र के ग्राम कोरवां मजरे बिठूली में स्वर्गीय सुरेश चंद्र अग्निहोत्री की पुण्यतिथि पर वृहद



गौपूजन,निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर,अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व विभिन्न सहयोग एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।उक्त आयोजन आदिशक्ति मां भक्त सुरेश सेवा संस्थान नवीन परिसर ग्राम कोरवां पोस्ट बिठूली में किए जाएंगे।सुबह वृहद गौपूजन से प्रारंभ आयोजित कार्यक्रम देर रात तक चलेगा।निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में डॉ अनीता एम.बी.बी.एस. प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ (उन्नाव),डॉ विकास सिंह बीएचएमएस होम्योपैथी फिजिशियन (उन्नाव),डॉ राहुल शुक्ला बीडीएसएमएचए मुख एवं दंत रोग विशेषज्ञ (लखनऊ),डॉ सुजीत त्रिपाठी बीएचएमएस होम्योपैथी फिजिशियन (सतना मध्य प्रदेश),प्रशांत बाजपेई असिस्टेंट डॉ राहुल कपूर एमएस ऑर्थो (कानपुर),डॉ प्रभात त्रिवेदी बीएचएमएस एलआईसी चिकित्साधिकारी जनरल फिजिशियन,माधव आई हॉस्पिटल (लालगंज रायबरेली) की टीम मरीजों को मुफ्त परामर्श और दवाएं व लाइफ लाइन डायग्नोस्टिक सेंटर (अस्पताल चौराहा रायबरेली) एवं रेडक्लिफ लैब भूमि कलेक्शन सेंटर (कानपुर) की टीम मरीजों को मुफ्त जांचे सुलभ कराएगी।उक्त अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा।वहीं शाम को आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के नामी कवि प्रतिभाग करेंगे।उल्लेखनीय है कि आदिशक्ति मां भक्त सुरेश सेवा संस्थान द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में चंदन राय मुंबई (महाराष्ट्र),अजय अंजाम (औरैया),हेमंत पांडेय (कानपुर),रवि चतुर्वेदी सतना (मध्य प्रदेश),मुकेश सिंह (कानपुर),योगिता चौहान (आगरा),प्रीति पांडेय (प्रतापगढ़),जयराम जय (कानपुर) व नीरज पांडेय रायबरेली शानदार काव्य पाठ करेंगे।

# अंधेरा धरा पर कहीं रह न जाए एस.जे.एस. लालगंज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, रायबरेली।** नगर के सर्वश्रेष्ठ व बहुचर्चित अंग्रेजी माध्यम शिक्षण संस्थान एस.जे.एस. पब्लिक स्कूल लालगंज में दीपावली का पर्व बहुत ही भव्यता पूर्वक धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अंजू सिंह द्वारा प्रथम पूज्य गणेश व मां लक्ष्मी जी का माल्यार्पण व पूजन करके किया गया। विद्यालय के छात्रों द्वारा अनेक रंगारंग मनमोहक सामूहिक सांस्कृतिक नृत्य कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया। छात्रों द्वारा रामायण पर आधारित मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री रामचंद्र जी के अयोध्या आगमन व राज्याभिषेक की बहुत ही सजीव, आकर्षक व मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रमों की कड़ी में 'मेरे घर राम आए हैं ' तथा 'जय हनुमान ज्ञान गुण सागर 'कार्यक्रम सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक श्री रमेश बहादुर सिंह, प्रबंधक अग्रज सिंह व सह प्रबंधिका डॉ. अनुश्री सिंह ने सर्वप्रथम सभी क्षेत्रवासियों को प्रकाश पर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह




पर्व अंधकार पर प्रकाश की, बुराई पर अच्छाई की और अज्ञानता पर ज्ञान की विजय का संदेश देता है। यह पर्व हमें अपने भीतर नकारात्मकता को दूर कर सकारात्मकता, आंतरिक ज्ञान और प्रकाश को जगाने के लिए प्रेरित करता है।

इसी के साथ ही यह पर्व परिवार और दोस्तों के मिलन और कृतज्ञता को व्यक्त करने का भी प्रतीक है जो सामूहिकता समर्पण और प्रेम को बढ़ावा देता है। दीपों का प्रकाश हमारे जीवन जीने का आदर्श है, हमारे जीवन की दिशा है, संस्कारों की सीख है, संकल्प की प्रेरणा है और लक्ष्य तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है। दीपावली मनाने की सार्थकता तभी है, जब भीतर का अंधकार दूर हो। अंधकार प्रत्येक जीवन की समस्या है और प्रकाश उस समस्या का समाधान है। अर्थात आप सभी का जीवन दीपों की तरह हमेशा प्रकाशित रहे। उन्होंने सभी से यह अपील की कि सभी लोग दीपावली में अधिक से अधिक स्वदेशी निर्मित सामान से ही दीपावली मनाएं। विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने अपने अपने शुभकामना संबोधन में छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों व समस्त क्षेत्रवासियों को पंच-दिवसीय पर्व दीपोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि लाखों दीपक आपके जीवन को समृद्धि, स्वास्थ्य और धन के साथ हमेशा के लिए रोशन करें। साथ ही उन्होंने सभी से आपस में मिलजुल कर सुरक्षित रहते हुए दीपावली पर्व मनाने की अपील की। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं तथा अध्यापक उपस्थित रहे।

# यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन यूटा के मंडल अध्यक्ष बने हरिमोहन सिंह श्रीनेत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन यूटा उत्तर प्रदेश के प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक में जनपद सिद्धार्थनगर के जिला संरक्षक हरिमोहन सिंह श्रीनेत को मंडल बस्ती का मंडल अध्यक्ष सर्वसम्मति से बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर द्वारा मनोनयन पत्र जारी किया गया है। प्रांतीय कार्यसमिति के इस निर्णय का जनपद सिद्धार्थनगर के सभी शिक्षकों ने स्वागत किया और मंडल अध्यक्ष हरिमोहन सिंह श्रीनेत का बीएसए कार्यालय सभागार में माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया।



इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हरिमोहन सिंह श्रीनेत ने कहा कि यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन यूटा के प्रांतीय कार्यसमिति ने जो विश्वास जताया है उस पर पूरी तरह समर्पित रहकर मंडल के सभी शिक्षकों के समस्याओं के लिए निदान के लिए तत्पर रहेंगे। दौरान जिलाध्यक्ष अभय कुमार पांडेय, प्रकाश नाथ त्रिपाठी , अभिनय कुमार सिंह,अवधेश सिंह, दीप नारायण, नीरज प्रताप सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष खुनियांव कुलदीप भार्गव, ब्लॉक मंत्री खुनियांव रवि नाथ त्रिपाठी, लेखाकार कामेश्वर मणि त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# दीप जलें सबके द्वार, तभी पूर्ण होगा त्यौहार

**[ जलाओ ऐसा दीप, जो किसी और का अंधकार हर ले ]**
**[ जो दूसरों के जीवन में रोशनी भर दे — वही सच्चा दीया है ]**

दीपावली की वह पवित्र ज्योति, जो अंधकार की गहराइयों में भी हृदय की धड़कनों को प्रज्वलित कर देती है, आज फिर लौट आई है। लेकिन क्या यह प्रकाश मात्र हमारे आंगन तक सिमटा रहे? बिल्कुल नहीं। यह तो उन उदास मुखों की ओर बढ़े, जो आंसुओं की बाढ़ में डूबे हैं, जिनकी आंखों में सपनों की चिंगारियां बुझ चुकी हैं। कल्पना कीजिए उस सड़क किनारे भूखे बच्चे को, जो पटाखों की चमक निहारता है, पर उसके हाथों में केवल खालीपन है या उस एकाकी बुजुर्ग की झुर्रियों में छिपे दर्द को, जो ठंडी रातों में दीये की तपिश तलाशता फिरता है। दीपावली का मूल संदेश यही है–उदास चेहरों पर मुस्कान की अमृत वर्षा बरसाओ। मिलकर ऐसा पर्व मनाओ कि हर हृदय में अमर प्रेम की ज्योति सदा प्रज्ज्वलित रहे। राम का अयोध्या प्रवेश तो महज कथा है; सच्ची विजय तब है जब हम बुराई के साये में छिपे दुखों को मिटाएं, और लक्ष्मी की कृपा से समृद्धि हर जरूरतमंद के द्वार पर उतरे।

दिल दहला देने वाली वह पीड़ा–परिवार बिखरते हैं, नौकरियां छिन जाती हैं, महंगाई की ज्वाला हर कोने में भड़क रही है। कोरोना की काली परछाई ने लाखों घरों को उजाड़ दिया; विधवाओं के आंसू सूखे नहीं, अनाथ बच्चों की हंसी दर्द में बदल गई। ऐसे में, यदि हम अपने दीये बाहर ले चलें, पड़ोसी के आंगन में प्रज्ज्वलित करें, तो यही सच्ची दीपावली है। भावुक होकर सोचें उस मजदूर को, जो सालभर की कमाई गांव लौटाता है, मगर महंगाई उसे निगल लेती है। उसके लिए राशन का थैला, बच्चों के लिए नए वस्त्र, बुजुर्गों के लिए दवा–ये साधारण दान उदासी की दीवारें ध्वस्त कर देंगे। पर्यावरण का दर्द भी इन उदास चेहरों का अभिन्न अंग है; पटाखों की धुंध से सांसें रुक रही हैं, आकाश धुंधला, नीला नहीं रहा। ग्रीन दीपावली का संकल्प लें–प्राकृतिक रंगों से रंगोली सजाएं, सौर दीये जलाएं, पौधे रोपकर धरती को गले लगाएं। यह हवा को शुद्ध करेगा, आने वाली पीढ़ियों को प्रदूषण-रहित रोशनी का त्योहार सौंपेगा। बच्चे स्वच्छ वायु में सांसें लें, बुजुर्ग शांति से मुस्कुराएं–यही दीपावली की सच्ची, अपराजेय विजय है।

हृदयविदारक है वह एकाकी मां की कथा, जो पति के वियोग में दीपावली की काली रात अकेले काटती है, आंसुओं से दीये की लौ भिगोती रहती है। या सीमा पर तैनात सैनिक की पत्नी, जो जलती दीयों को निहारते हुए पति की प्रतीक्षा में तड़पती है। दीपावली पुकार रही है–खुशी का दीप बांटो, क्योंकि एकाकी ज्योति तो फीकी पड़ जाती है, किंतु सहस्रों मिलकर सूर्य-तुल्य प्रभा बिखेर देती हैं। पड़ोस में सामूहिक दीपदान का संकल्प लें, जहां हर हाथ आगे बढ़े। अनाथालयों में पहुंचें, बनें उनके अपने भाई-बहन; भाई दूज पर तिलक लगाएं, मिठाई की मिठास खिलाएं। वह पल–जब अनाथ की आंखों में चमक लौटे, जब उदास मुस्कान हृदय को स्पंदित कर दे–अमूल्य रत्न है। गांधीजी की अमर वाणी स्मरण करें÷%सेवा ही सच्ची भक्ति है%। लक्ष्मी पूजन से पूर्व जरूरतमंदों को धन-धान्य बांटें, क्योंकि सच्ची देवी वही जो दुखियों का दुख हर ले। सोशल मीडिया की झूठी चमक में मत खोइए, वास्तविक स्पर्श दीजिए–दूर अपनों से वीडियो जोड़ें, किंतु आसपास के उदासों को सीने से लगाएं। मिठाइयों की बजाय प्रेम की मधुरता बरसाएं, घरेलू भोज में हंसी की ध्वनि गूंजे।

परंपराओं की जड़ें अटल हैं, इन्हें आधुनिक मिट्टी में अंकुरित करें। रामायण से सीख लें–सीता की सहनशीलता, हनुमान की निष्ठा, राम की न्यायनिष्ठा। नर्कासुर वध सिखाता है- आंतरिक राक्षसों–लोभ, क्रोध, ईर्ष्या–का संहार करें। धनतेरस पर स्वास्थ्य का पूजन करें, क्योंकि निरोगी काया ही समृद्धि का आधार है। गोवर्धन पूजा में प्रकृति को नमन करें, कृष्णवत् समाज के भार को कंधों पर लें। भाई दूज का रेशम बंधन विस्तृत करें–हर जरूरतमंद को अपना भाई-बहन मानें, जाति-धर्म की बेड़ियां तोड़ें। कल्पना करें ऐसा भारत, जहां दीपावली रात्रि सड़कें दीयों की उज्ज्वल नदी बन जाएं, कोई भूखा न सोए, कोई एकाकी न रोए। यह स्वप्न साकार होगा यदि संकल्प बंधे–हर व्यक्ति एक उदास चेहरा गोद ले, मुस्कान का दीप प्रज्वलित करे। स्वयंसेवी संगठनों से जुड़ें, रोटरी-लायंस संग मिलकर राशन वितरण करें। स्कूलों में %उजाला अभियान% चलाएं–बच्चे चित्रों से दर्द मिटाएं, वृद्धाश्रमों में गीतों की वर्षा करें। योग-ध्यान से आंतरिक ज्योति जगाएं, ताकि बाहरी तमस? नष्ट हो।

आर्थिक विषमता त्योहारों को कांटों भरा बना रही है; अमीरों की ऐश्वर्य-चमक गरीबों को झुलसाती है, किंतु सादगी ही सच्ची लक्ष्मी है। बाजार की अंधी दौड़ त्यागें, घर की गर्माहट अपनाएं। डिजिटल युग में ऑनलाइन दान करें, मगर वर्चुअल न ठहरें–हाथों का स्पर्श अनुपम है। 'दीप जलें, दीप जलें' गान से नृत्य करें, गाएं, एक-दूसरे को आलिंगन दें। यह एकता का पर्व है–मुस्लिम भाई दीप प्रज्वलित करें, ईसाई मित्र पूजन में सहभागी हों, सिख साथी लंगर बांटें। सीमावर्ती सैनिकों हेतु प्रार्थना करें, उनके परिवारों को साहस प्रदान करें। वह भावुक क्षण–जब आंसू आनंद के बहें, जब उदासी की काली रात्रि सूर्योदय की लाली में विलीन हो जाए।

दीपावली का अमर संदेश गूंजता है–अंधकार का संहार करो, प्रकाश की अपराजित विजय का उत्सव मनाओ! उदास मुखों पर मुस्कान की उकेरी कर हम स्वयं को दिव्यतापूर्ण बना लें। मिलजुलकर मनाएं यह पावन पर्व, क्योंकि सामूहिक ज्योति अटल और अजेय है। हर दीया बने एक हृदय की थरथराती धड़कन, हर हंसी जीवन का मधुर स्वरलहरी। जीवन की सच्ची सार्थकता तो दूसरों की आनंद-धारा में ही निहित है। इस दीपावली से दृढ़ संकल्प बंध लें–प्रत्येक दिवस उदासियों का अंत करें, प्रेम की अमिट ज्योति प्रज्वलित करें। तभी लक्ष्मी का सच्चा अवतरण होगा–शांति की नदी, समृद्धि का सागर, अनंत प्रेम का आलोक। जलें हम दीपों की भांति निस्वार्थ भाव से, दूसरों को भी जलाएं, और जलाते रहें अखंड–ताकि कोई चेहरा उदास न झुके, हर नेत्र में बस उज्ज्वल रोशनी का साम्राज्य हो।

**प्रो. आरके जैन**

# राजनीतिक चौपड में गुणा भाग और सीट बंटवारे के गणित के साथ बिहार में बिछी गोटियां

राजनैतिक दलों के गलियारों में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनैतिक सरगर्मियां तेज हो गई है। खासतौर पर राजद और कांग्रेस में।सीट बंटवारे के विवाद के बीच बिहार विधानसभा में कई लोगोंको टिकट बांट दिए है।कांग्रेस को इस बार 61 सीटो पर चुनाव लड़ना है।कांग्रेस और राजद के बीच मतभेद सुलझाने की कोशिश की जा रही है।जेडीयू ने 44 प्रत्याशियों की सूची जारी की है।जिसमे 4 मुस्लिम उमीदवारों को टिकट दिया गया है।विधानसभा चुनाव को लेकर 14 उमीदवारों के नाम की सूची केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने जारी की गई है।रामविलास पासवान की मृत्यु के बाद चिराग लोकजनशक्ति पार्टी की विरासत सम्भाल रहे है।चिराग पासवान के पिता रामविलास पासवान ने दलित मुस्लिम वोटों के लिए कभी उत्तरप्रदेश में गोरखपुर में राजनीतिक जमीन तलाशते रहे थे।मुसलमानों को रिझाने के लिए चिराग पासवान के पिता रामविलास पासवान और लोकजनशक्ति के सुप्रीमो ने बिहार में लालू के वोटोंबैंक में सेंघमारी के लिए अपनी बिछाते बिछाई गई थी।लालू के मुस्लिम वोटबैंक को तोड़ने के लिए रामविलास पासवान ने पटना में अल्पसंख्यक वोटबैंक का सम्मेलन किया था।आज भी मुस्लिम वोट ही तेजस्वी की सबसे बड़ी ताकत है।तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के साथ मुस्लिम वोट जुड़े हुए थे।क्योंकि लालू ने मुसलमानों को हाथ मे चांद बताकर वोट प्राप्त कर लेते थे।लेकिन विकास के लिए लालू ने मुस्लिम समाज के लिए कुछ भी नही किया।कांग्रेस तो राजद के साथ थी।बिहार में मुस्लिम वोट को खींचने के लिए ऐसी पार्टी की जरूरत है कि भरोसेमंद हो और समुदाय के लिए कुछ नया कर सके। बिहार में पहले से ही मुस्लिम-यादव (माई)समीकरण को तोड़ने के लिए अपना ही डी-एम(दम) समीकरण बनाने की जुगत में है।उसी की गणित तेजस्वी के पास है।उपरोक्त फॉर्मूला लालू का था ,जिसका अनुसरण तेजस्वी कर रहे है।सेक्युलरवाद की लड़ाई केवल तेजस्वी लड़ रहे है।चिराग ने 14 उमीदवारों को टिकट देकर एनडीए के साथ गठबंधन में है।लालू की सरकार ने मुसलमानों के लिए किया भी ककुछ नही था।उस दौर में कर्मचारी महीनों और वर्षो वेतन नही पाते थे।हर चुनाव में समीकरण टूटता नजर आ रहा है।आज वोटबैंक की बात कर समुदाय को गुमराह नही किया जा सकता है।इंटरनेट और मोबाइल के जमाने मे आज मतदाता अपने विवेक और विकास को देखकर देशहित वाली पार्टी को वोट देते है।जिन दलों का भूतकाल ही दागदार रहा है,उन्होंने जनता को लूटकर तिजोरी भरी है।उन पर फिर जनता भरोसा करती है,तो यह अन्यायपूर्ण कृत्य है।संविधान ने दलित आरक्षण मुस्लिम जातियों के लिए नही दिया।लेकिन उनके नाम पर लालू भ्रमित करते थे लालबेगी,धोबी,डफाली, मदारी, नट,गदधेरी, तुक पासी इत्यादि मुस्लिम जातियां है जिनकी आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर थी।लेकिन अभी तो नीतीश कुमार के कार्यकाल में स्थित काफी सुधर चुकी है।नीतीश कुमार ने बिहार विधानसभा चुनाव में नौ महिलाओ को चुनाव मैदान में उतारा है।बिहार चुनाव में महागठबंधन का हवाला देकर कहा जा रहा है कि एनडीए ने युवाओ को मौका दिया है।जोकि बिहार के विकास को आगे बढ़ाए। जबकि महागठबंधन ने बाहुबलियों, गुंडों के बेटों को टिकट दिया है।बिहार में टिकट बंटवारे के साथ मुकाबला रोचक होता जा रहा है।अभी तीन दिन दीपावली की वजह से ठीक ठाक चलेगा, लेकिन दिवाली के बाद बिहार में चुनाव प्रचार को लेकर धूम मचेगी।इधर पूर्व सांसद सूरजभान सिंह ने पशुपति पारस की पार्टी को छोड़ दिया है।तेजस्वी से मिलकर आरजेडी का दामन थाम लिया है।बिहार में आरोप प्रत्यारोप का दौर चालू है।पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने कहा कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिहार आएंगे तो एनडीए की मुश्किलें बढ़ जाएगी।क्योकि उन्होंने तंज कसा और कहा कि बिहार नफरत की भूमि नही है।गुरु गोविंद, महात्मा बुद्ध, वाल्मीकि और लोहिया और राजेंद्र बाबू की धरती है।क्योंकि यह शांति की भूमि है।बिहार चुनाव में दावा,वादे और बदलते समीकरण के साथ आगामी 11 नवम्बर को चुनाव को चुनाव आरम्भ होंगे। बिहार विधानसभा चुनाव अहम है।क्योंकि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एनडीए गठबंधन में है और केंद्र सरकार भी साझा सहयोग के साथ चल रही है।पप्पू यादव चाहते है कि राहुल गांधी उन्हें आशीर्वाद दे दे।उधर,कांग्रेस का दावा है कि वोट चोरी का आरोप लगाने के बाद कांग्रेस बिहार में मजबूत बनी है।बिहार चुनाव को लेकर देश मे टॉक ऑफ टाउन बना हुआ है।हर मुह में बिहार चुनाव की चर्चा है।लेकिन दावे और भरोसा का फल आगामी महीने में मिलेगा।उसके लिए सभी बिहार में खींचतान,टिकट बंटवारे और सभी दलों पर नजरे टिकाए हुए है।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आगामी दिनों में एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करने जा रहा है। चुनाव आयोग को निर्देश देते हुए कोर्ट ने कहा कि मतदाता सूची में मुद्रण सम्बन्धी त्रुटियों की जांच करे।

**कांतिलाल मांडोत**

# चलो इस बार दीपोत्सव पर उत्सव के साथ उत्तरदायित्व के दीये जलाते हैं



श्रीराम की लंका-विजय के उपरांत से ही हम भारतीय दीपों की ज्योति, मिठाइयों की मिठास और रिश्तों की गर्माहट में पाँच दिवसीय दीपोत्सव मनाते आ रहे हैं। सदियों से यह पर्व केवल धार्मिक उल्लास नहीं, बल्कि आत्मिक चेतना, पारिवारिक एकता और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक रहा है। किंतु बदलते समाज में यह उत्सव कई बार केवल दिखावे, उपभोग और प्रतिस्पर्धा का माध्यम बन गया है। जब एक ओर रोशनी से सजे भवन झिलमिलाते हैं, तो दूसरी ओर अनेक घर अभाव और अंधकार में डूबे रहते हैं। यही वह क्षण है जब हमें सोचना चाहिए-क्या दीपोत्सव केवल उत्सव है, या यह हमारे सामाजिक उत्तरदायित्व की भी पुकार है? आर्थिक असमानता का यह प्रश्न हर दीपावली पर समाज के विवेक को झकझोरता है। बहुत-से शिक्षित और परिश्रमी युवा अवसरहीनता, भाई-भतीजावाद या जनसंख्या-दबाव के कारण स्थायी रोजगार से वंचित रह जाते हैं। उनके लिए दीपोत्सव का अर्थ केवल दूसरों की जगमगाहट तक सीमित रह गया है। इस स्थिति में जो लोग समर्थ हैं, उनका प्रथम कर्तव्य है कि वे दीपावली के वास्तविक अर्थ को समझें। दीप जलाने का उद्देश्य केवल अपने घर को नहीं, बल्कि आसपास के अंधकार को मिटाना भी है। मेरी ऐसी कामना है कि इस वर्ष का दीपोत्सव एक नया संदेश दे कि ÷हर दीप केवल प्रकाश नहीं, एक दायित्व भी है।"

इसलिए, दीयों के साथ पर्यावरण-संवेदनशीलता, सामाजिक साझेदारी और स्वदेशी भावना की लौ भी जलाएँ। यह समय है जब भारत को केवल जश्न नहीं, जिम्मेदारी चाहिए। आज आवश्यकता है कि हम दीपावली को पर्यावरण-अनुकूल बनाएं। यथा क्षमता तेल, घी या मोम के दीये जलाकर पारंपरिक ज्योति को पुनर्जीवित करें; 'ग्रीन पटाखों' का उपयोग करें, ताकि वायु में आनंद रहे, धुआँ नहीं।साज-सज्जा में भारतीय कारीगरों द्वारा निर्मित मिट्टी के दीप, झालरें, मूर्तियाँ और हस्तनिर्मित उपहार अपनाएँ। यह न केवल देशी शिल्पकारों का सम्मान होगा, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सार्थक कदम भी। जब आपके घर जगमगा रहे हों, तब यह भी देखें कि कहीं किसी झोपड़ी में अंधकार न हो। इस दीपावली पर किसी निर्धन की झोपड़ी में दीप जलाइए, किसी अनाथालय या वृद्धाश्रम में मिठाई और मुस्कान बाँटिए, और फुटपाथ पर बैठे छोटे दुकानदार से भी खरीददारी कीजिए। यही वह क्षण होगा, जब दीपोत्सव ÷उत्सव से उत्तरदायित्व÷ की ओर बढ़ेगा। भारत आज विकसित राष्ट्र बनने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में स्वदेशी उत्पादों का उपयोग केवल देश की आर्थिक उन्नति के लिए आवश्यक नहीं, अपितु राष्ट्रीय उत्तरदायित्व भी है। इसलिए 'लोकल फॉर वोकल' का संदेश दीपावली में गूँजना चाहिए, क्योंकि हर भारतीय उत्पाद खरीदना एक शिल्पकार के जीवन में आशा का दीप जलाना है।

दीपावली केवल रोशनी का नहीं, मन और समाज में प्रकाश फैलाने का भी प्रतीक है। टूटे रिश्ते जोड़ें, रूठे परिजन और मित्र को मनाएँ, आस-पड़ोस वालों को मित्र बनाएँ, और समाज में प्रेम, सौहार्द व एकता की ज्योति प्रज्वलित करें। सच्चा दीपोत्सव वही है जो हमारे भीतर के अंधकार को मिटाए और करुणा, विनम्रता तथा सहयोग का प्रकाश फैलाए। इस पर्व को स्मरण का अवसर भी बनाइए-उन वीर जवानों के लिए जिन्होंने सीमा पर राष्ट्र की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर किया। उनके नाम का एक दीप केवल श्रद्धांजलि नहीं, हमारे कर्तव्यों की याद है। उसी प्रकार, एक दीप उन निर्दोष नागरिकों के लिए भी जलाएँ जो आतंकवाद, नक्सलवाद या अपराध की विभीषिका में काल के गाल में समा गए। शायद इस प्रकाश से समाज के भीतर न्याय, संवेदना और आत्ममंथन की नई ज्योति जले।अंततः यह कहना उचित होगा कि दीपोत्सव का अर्थ केवल दीपों की कतार नहीं, बल्कि चेतना की श्रृंखला है। यह हमें याद दिलाता है कि समाज, पर्यावरण और राष्ट्र के प्रति हमारा हर छोटा योगदान एक बड़ी रोशनी बन सकता है। जब सभी भारतीय अपने कर्म, विचार और संवेदना से यह दीप जलाएँगे, तब ही यह पर्व वास्तव में "उत्सव से उत्तरदायित्व की ओर" बढ़ेगा और भारत की संस्कृति अपने प्रकाश से पुनः आलोकित होगी।

**डा मनमोहन प्रकाश**

# संपादकीय

## लोकप्रिय चेहरों के पर्दे में छुपे विकास के सवाल

**[ जमीनी नेता या सेलिब्रिटी स्टार- बिहार का भविष्य किसके हाथ में? ]**
**[ चमक और मुद्दों के बीच फंसा बिहार- जनता किसे चुनेगी? ]**

गंगा के किनारे बिहार की मिट्टी में सियासत का बीज बोया जा रहा है, लेकिन इस बार बीज में चमकते सितारों की धूल झोंक दी गई है–भोजपुरी ठुमरियों की लहरों से लेकर आइटम डांस की चकाचौंध तक। कल्पना कीजिए, विधानसभा का मंच अब सिल्वर स्क्रीन का विस्तार बन गया है–एक तरफ लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की सीमा सिंह, भोजपुरी सिनेमा की 'क्वीन ऑफ आइटम'! मढ़ौरा की धूल भरी सड़कों पर उतर रही हैं; दूसरी तरफ भाजपा की मैथिली ठाकुर, मिथिला के मधुर स्वरों की धनी, अलीनगर के जातिगत जाल में फँसने को तैयार। ये नाम न सिर्फ टिकटों की सूची में चमक रहे हैं, बल्कि पूरे चुनावी परिदृश्य को हिला रहे हैं। एनडीए की 243 सीटों की पूरी सूची, भाजपा-जेडीयू को 101-101, एलजेपी (आरवी) को 29, में ये चेहरे सांस्कृतिक हथियार के रूप में उभरे हैं। विपक्ष महागठबंधन अभी सीटों की बाजीगरी में उलझा है, लेकिन एनडीए की यह चाल साफ संकेत दे रही है– वोटों की जंग अब नीतियों से ज्यादा नाच-गाने की हो चुकी है। सवाल गूंज रहा है–क्या ये स्टार कैंडिडेट्स बिहार के जख्मदारों की आवाज बन पाएंगे, या फिर चुनावी तमाशे का एक और अध्याय साबित होंगे, जहाँ जीत के बाद चेहरे गायब हो जाते हैं? यह ट्रेंड बिहार की राजनीति का नया अध्याय नहीं, बल्कि पुरानी किताब का दोहराव है। पार्टियाँ ख्याति प्राप्त चेहरों को उतार रही हैं, जिनका राजनीति से वास्तविक जुड़ाव कभी न के बराबर रहा। सीमा सिंह, जिनकी भोजपुरी फिल्मों में 'चोली चिलाता चाहूं चाहूं'जैसे गाने लाखों दिलों पर छाए, अब मढ़ौरा से मैदान संभालेंगी। सारण जिले की यह सीट भोजपुरी संस्कृति का गढ़ है, जहाँ युवा पीढ़ी सिनेमा से अपनी पहचान जोड़ती है। एलजेपी का दावा है कि सीमा महिलाओं और नौजवानों को जोड़ेंगी, महिला सशक्तिकरण और विकास के मुद्दों पर लड़ेंगी। लेकिन उनके राजनीतिक अनुभव का अभाव सवाल खड़ा करता है–क्या स्टेज की लाइट्स विधानसभा की बहसों में बदल पाएंगी? पार्टी ने चार महिलाओं को टिकट देकर लिंग समावेशिता का झंडा लहराया है, लेकिन जमीनी हकीकत क्या कहती है? इसी तरह, मैथिली ठाकुर–जिन्होंने 'राम भजन'जैसे गीतों से पीएम मोदी का दिल जीता–भाजपा में एक दिन पहले शामिल होकर अलीनगर से टिकट पा लीं। दरभंगा का यह क्षेत्र मैथिली परंपराओं और जाति समीकरणों का केंद्र है। ठाकुर की सॉफ्ट इमेज से पार्टी मिथिला वोटबैंक को मजबूत करना चाहती है। भाजपा की स्टार कैंपेनर्स में पवन सिंह, निरहुआ जैसे भोजपुरी सितारे शामिल हैं, जो प्रचार की आग को भड़काएंगे। महागठबंधन की ओर से खेसारी लाल यादव जैसे नामों की अफवाहें हैं। लेकिन यह सब उद्देश्यपूर्ण लगता है–सोशल मीडिया के दौर में एक वायरल वीडियो करोड़ों वोट जुटा सकता है।

तर्क की नजर से देखें तो यह रणनीति सतही है। बिहार, जहाँ बेरोजगारी दर 14.5 प्रतिशत है, बाढ़ से हर साल 10 लाख हेक्टेयर फसल बर्बाद होती है, और 30 लाख से ज्यादा युवा पलायन पर मजबूर हैं, वहाँ सांस्कृतिक अपील कितनी कारगर? पार्टियाँ जानती हैं कि भोजपुरी सिनेमा राज्य की नसों में दौड़ता है–यह गरीबी, प्रेम और संघर्ष की कहानियाँ बुनता है, जो जनता की भावनाओं से गहराई से जुड़ी हैं। सीमा सिंह जैसे कलाकार इन फिल्मों से करोड़ों तक पहुँचते हैं, ठाकुर मिथिला की लोककथाओं को जीवंत करती हैं। एनडीए का 'बिहार फर्स्ट' नारा इसी सांस्कृतिक चमक से चमक रहा है। लेकिन जमीनी कार्यकर्ताओं के लिए यह कितना न्यायोचित? वे वर्षों से गलियों में पसीना बहाते हैं, जनसमस्याएँ सुलझाते हैं–बिजली, पानी, सड़क के लिए घर-घर घूमते हैं। एक रात में स्टार कैंडिडेट टिकट लेकर आ जाए, तो उनकी मेहनत पर पानी फिर जाता है। कार्यकर्ताओं में असंतोष है; एक सर्वे बताता है कि 70 प्रतिशत से ज्यादा मानते हैं कि सेलिब्रिटी टिकट पार्टी की एकता तोड़ते हैं। इतिहास गवाह है–2010 में शत्रुघ्न सिन्हा जैसे नाम आए, लेकिन विधानसभा में स्थायी असर नहीं। प्रीतम शरणू या अन्य भोजपुरी कलाकार जीतकर भी क्षेत्र से गायब हो गए। 2020 चुनावों में कई स्टार हारे, जीतने वाले भी सुर्खियों से बाहर। उत्तर प्रदेश में गोविंदा की हार, महाराष्ट्र में रवीना टंडन का छोटा राजनीतिक सफर–ये उदाहरण चेतावनी हैं।

इस रणनीति के पीछे का उद्देश्य स्पष्ट है- पारंपरिक प्रचार से ऊबे मतदाताओं को ताजगी देना। युवा, जो सिनेमा और संगीत से जुड़े हैं, वोटिंग में हिस्सा लेंगे। महिलाओं के टिकट, एनडीए के 35, से लिंग समानता का संदेश जाता है। सोशल मीडिया पर ये चेहरे वायरल होकर पार्टी की रीच बढ़ाते हैं। लेकिन तर्कसंगत विश्लेषण में खामियाँ साफ हैं। पहला, लोकप्रियता अस्थायी–चुनाव बाद कैमरे बंद, कलाकार स्टूडियो लौट जाते हैं। विधायक का काम बजट पास करना, विकास योजनाएँ लागू करना है; बिना अनुभव के यह कैसे? दूसरा, जातिगत जोखिम–अलीनगर में मुस्लिम-यादव वोटर, ठाकुर की मैथिली अपील कैसे काम करेगी? मढ़ौरा में यादव-रॉय समुदाय, विपक्ष आरजेडी इसका फायदा उठाएगा। तीसरा, लोकतंत्र की गुणवत्ता पर असर–जमीनी नेता स्थानीय मुद्दों से वाकिफ होते हैं, स्टार नहीं। यह अवसरवाद को बढ़ावा देता है, भ्रष्टाचार को आमंत्रित करता है। जमीनी कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं; उनकी अनदेखी से आधार कमजोर होता है। पार्टियों को चाहिए–स्टार्स को ट्रेनिंग दें, मुद्दों से जोड़ें, कार्यकर्ताओं को महत्व दें। फिर भी, सकारात्मक पहलू हैं। यह युवाओं को राजनीति से जोड़ सकता है, सांस्कृतिक विविधता को मुख्यधारा में ला सकता है। बिहार का मतदाता अब जागरूक है–वह नाच-गाने पर नहीं, वादों की सच्चाई पर वोट देगा। सड़कें, स्कूल, रोजगार ही असली मुद्दे हैं। अगर सीमा और मैथिली इन पर खरी उतरें, तो क्रांति रचेंगी; वरना, चुनावी मंच की धूल बनेंगी। बिहार की सियासत को चाहिए संतुलन–चमक के साथ पदार्थ। जमीनी कार्यकर्ताओं की ताकत पहचानें, तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। यह चुनाव बिहार के भविष्य का फैसला करेगा–चमक-दमक की कैद से निकलकर विकास की उड़ान भरे। जनता की नजरें हैं, और वह कभी धोखा नहीं खाती। बिहार जागेगा, तो नया सवेरा होगा।

# फांसी या इंजेक्शनरू मृत्युदंड पर सुप्रीम बहस

भारत के न्यायिक इतिहास में यह प्रश्न पहली बार गंभीरता से उठाया जा रहा है कि क्या फांसी से दी जाने वाली मृत्युदंड की सजा अब भी हमारे संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप है या नहीं। सुप्रीम कोर्ट में दायर एक जनहित याचिका ने इस प्रश्न को पुनः प्रासंगिक बना दिया है। वरिष्ठ अधिवक्ता ऋषि मल्होत्रा द्वारा दायर इस याचिका में कहा गया है कि फांसी देना एक क्रूरए अमानवीय और लंबा खिंचने वाला तरीका हैए जिसमें दोषी को अनावश्यक पीड़ा होती है। याचिकाकर्ता का तर्क है कि जब आधुनिक वैज्ञानिक तरीके उपलब्ध हैंए जैसे घातक इंजेक्शन या गोली मारनाए तो किसी व्यक्ति को घंटों तक पीड़ा में झुलसने के लिए छोड़ देना न्याय नहींए बल्कि प्रतिशोध है।

भारत में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 354;5द्ध में प्रावधान है कि मृत्युदंड केवल फांसी देकर दिया जाएगा। यह प्रावधान औपनिवेशिक युग की एक देन हैए जो आज़ादी के बाद भी जस का तस चला आ रहा है। परंतु संविधान के अनुच्छेद 21 में यह कहा गया है कि किसी व्यक्ति को उसके जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता से केवल विधि द्वारा वंचित किया जा सकता है। इस अनुच्छेद की व्याख्या करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने बार.बार यह माना है कि जीवन का अधिकार केवल जीने का ही नहींए बल्कि सम्मानपूर्वक जीने का अधिकार भी है। इसी सिद्धांत का विस्तार करते हुए अब यह प्रश्न उठाया जा रहा है कि यदि किसी व्यक्ति को मृत्युदंड दिया ही जाना हैए तो क्या उसे सम्मानपूर्वक मरने का अधिकार नहीं होना चाहिए

फांसी देने की प्रक्रिया अपने आप में अत्यंत भयावह है। जब दोषी को फंदे पर चढ़ाया जाता हैए तो अक्सर मौत तत्काल नहीं होती। कई बार गर्दन टूटने की बजाय सांस रुकने से धीरे.धीरे मृत्यु होती हैए जो 30 से 40 मिनट तक खिंच सकती है। इस बीच शरीर झटके खाता हैए आँखें बाहर निकल आती हैंए और पीड़ा असहनीय होती है। इसके विपरीत घातक इंजेक्शन या गोली मारने जैसे तरीके वैज्ञानिक रूप से कम पीड़ादायक और त्वरित माने जाते हैं। अमेरिका के अधिकांश राज्यों ने फांसी को समाप्त कर दिया है और अब लगभग सभी जगह घातक इंजेक्शन का ही उपयोग होता है। सेना में भी कुछ परिस्थितियों में दोषी को यह विकल्प दिया जाता है कि वह गोली से मरना चाहता है या किसी अन्य तरीके से।

सुप्रीम कोर्ट की पीठए जिसमें न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता शामिल हैंए ने भी टिप्पणी की कि फांसी एक बहुत पुरानी प्रक्रिया हैए जबकि दुनिया आगे बढ़ चुकी है। अदालत ने कहा कि भारत को यह देखना चाहिए कि अन्य देश अपने न्यायिक तंत्र में किस तरह मानवीय दृष्टिकोण ला रहे हैं। कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि जब दुनिया के अधिकांश देश मृत्युदंड के तरीकों को मानवतावादी बना रहे हैंए तो भारत क्यों नहींघ् साथ ही यह भी पूछा गया कि 2023 में जिस समिति के गठन पर विचार हुआ थाए जो वैकल्पिक तरीकों पर अध्ययन करने वाली थीए उसका क्या हुआ।

केंद्र सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सोनिया माथुर ने अदालत को बताया कि मृत्युदंड का तरीका बदलना एक नीतिगत निर्णय हैए और यह अदालत के दायरे में नहीं आता। उनका कहना था कि दोषियों को फांसी या इंजेक्शन में से एक विकल्प देना व्यवहारिक रूप से संभव नहीं है। सरकार का यह भी तर्क है कि भारत जैसे विविधतापूर्ण देश मेंए जहाँ न्यायिक प्रक्रिया पहले से लंबी और जटिल हैए वहाँ इस तरह का विकल्प देना और उसका प्रशासनिक प्रबंधन करना अत्यंत कठिन होगा। मगर सवाल यह है कि क्या केवल प्रशासनिक कठिनाई का हवाला देकर किसी व्यक्ति को क्रूर मृत्यु दी जा सकती हैघ् संविधान में जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को सर्वोच्च माना गया है। यदि श्सम्मानजनक जीवन का अधिकारश् मौलिक अधिकार हैए तो उसका तार्किक विस्तार श्सम्मानजनक मृत्यु का अधिकारश् भी होना चाहिए। भारत में ष्कॉमन कॉज बनाम भारत संघष् ;2018द्ध के फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने मृत्यु में गरिमा को स्वीकार किया थाए जब उसने इच्छामृत्यु को सीमित रूप में मान्यता दी थी। तब अदालत ने कहा था कि मनुष्य को यह अधिकार है कि वह अपने जीवन का अंत सम्मानजनक तरीके से करे। यही सिद्धांत मृत्युदंड की प्रक्रिया पर भी लागू होता है। यदि राज्य किसी व्यक्ति का जीवन लेने का निर्णय करता हैए तो उसे यह कर्तव्य भी निभाना चाहिए कि वह ऐसा मानवीय तरीके से करे।

मृत्युदंड को लेकर दुनिया में दो धाराएँ हैं। एक यह कि इसे पूरी तरह समाप्त कर दिया जाए क्योंकि यह राज्य द्वारा हिंसा का वैध रूप है। दूसरी धारणा यह मानती है कि कुछ अपराध इतने जघन्य होते हैं कि मृत्युदंड आवश्यक हैए परंतु उसका तरीका मानवीय होना चाहिए। भारत इस बहस के दूसरे छोर पर खड़ा है कृ जहाँ मृत्युदंड बरकरार हैए पर उसके तरीके पर सवाल उठ रहे हैं। यह बहस केवल दंड के स्वरूप की नहींए बल्कि हमारे सभ्य समाज की उस संवेदनशीलता की परीक्षा भी है जो संविधान के मूल में निहित है।

अदालत में यह भी तर्क दिया गया कि यदि अमेरिका जैसे देशए जिनकी न्यायिक प्रणाली जटिल और संघीय हैए 49 राज्यों में घातक इंजेक्शन का प्रयोग कर सकते हैंए तो भारत क्यों नहीं कर सकताघ् वहाँ भी अपराधी को एक सीमित विकल्प दिया जाता हैए जिससे उसकी मानसिक पीड़ा कम हो। यह व्यवस्था दोषी के अधिकारों की रक्षा करती हैए जबकि सजा का उद्देश्य भी पूरा करती है। आखिरकारए मृत्युदंड का मकसद व्यक्ति को अत्याचारपूर्वक मारना नहींए बल्कि न्यायिक निर्णय का पालन कराना है।

सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल केंद्र से यह स्पष्ट करने को कहा है कि 2023 में बनी समिति की स्थिति क्या है और सरकार का इस दिशा में क्या दृष्टिकोण है। मामले की अगली सुनवाई 11 नवंबर 2025 को होगी। यह सुनवाई इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह तय करेगी कि क्या भारत में दंड की प्रक्रिया को मानवीय बनाने की दिशा में कोई कदम उठाया जा सकता है।

यह मामला दरअसल भारत के न्याय और मानवता दोनों के बीच संतुलन की खोज का प्रतीक है। राज्य का दायित्व केवल अपराध को दंडित करना नहींए बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि दंड देते समय वह अपनी नैतिक और संवैधानिक सीमाओं का उल्लंघन न करे। मृत्यु चाहे न्याय का परिणाम होए परंतु उसे अमानवीयता का प्रतीक नहीं बनना चाहिए। यदि हम एक ऐसे समाज की कल्पना करते हैं जहाँ जीवन का सम्मान सर्वोच्च हैए तो मृत्यु भी उतनी ही गरिमापूर्ण होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष यह याचिका केवल दोषियों के अधिकारों की नहींए बल्कि हमारी न्याय व्यवस्था के संवेदनशील होने की कसौटी है। शायद यही समय है जब भारत यह निर्णय करे कि न्याय और करुणा साथ.साथ चल सकते हैं या नहीं।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ल, मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वदेशी निर्मित वस्तुओं के उपयोग करने,बच्चों को पटाखा न फोड़ने का दिलाया गया शपथ



**सिद्धार्थनगर!** नगर पंचायत कपिलवस्तु क्षेत्र अंतर्गत बर्डपुर कस्बा स्थित आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय पर छात्र-छात्राओं को स्वदेशी वस्तुओं का ही उपयोग करने ,चाइनीज़ उपकरण प्रयोग न करने और पटाखे को न फोड़ने एवं स्वदेशी दीपक जलाने के लिए दिलाया गया शपथ। प्रधानाचार्य राजकुमारी पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि दीपावली के पर्व पर हम सभी को स्वदेशी उत्पादों का ही प्रयोग करना चाहिए। वहीं संचालक नितेश पाण्डेय ने बताया कि यह प्रकाश पर्व हम सभी के जीवन में अंधेरे को दूर करके उजाला लाए और आप सभी बच्चे यह शपथ ले कि हम सभी लोग अपने आस पास के लोगों को पटाखा न फोड़ने के लिए जागरूक करेंगे और केवल मिट्टी के बने दीपक और मोमबत्ती का प्रयोग जलाने का काम करेंगे । इस दौरान उमेश यादव, शोभनाथ यादव, संतोष कुमार यादव, संदीप राव, रुचि उपाध्याय, रीता जायसवाल, श्वेता पटवा, बिंदु विश्वकर्मा, अन्नू जायसवाल, रूबीना खातून, प्रेमलता पासवान, सरिता जायसवाल, संगीता मौर्य, शशि जायसवाल, चन्द्रावती देवी, अजय कुमार आदि उपस्थित रहे ।

### पीस कमेटी बैठक संपन्न

**सिद्धार्थनगर।** गोल्हौरा थाना क्षेत्र के प्रांगण में आगामी त्यौहार दीपावली, धनतेरस, भैया दूज, छठपूजा, लक्ष्मीगणेश प्रतिमा के संबंध में पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई तथा त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए थाना क्षेत्र के भिन्न ग्रामों के ग्राम प्रधान, सम्भ्रान्त व्यक्तियो, धर्मगुरुओं/सदस्यों, लक्ष्मी गणेश प्रतिमा आयोजकों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई, सभी को शान्तिपूर्ण, सौहार्द पूर्वक,त्यौहार को मनाये जाने की अपील की गई । प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता ने बैठक में मौजूद सभी व्यक्तियों से त्यौहार के दृष्टिगत शासन / उच्चाधिकारियों द्वारा प्राप्त गाइडलाइन से अवगत कराया गया । शान्ति व्यवस्था को मुख्य रुप से विषयवस्तु बनाकर विस्तृत चर्चा किया गया,आदेश-निर्देश से अवगत कराया गया एवं उपस्थित सभी लोगों की समस्याओं को भी सुना गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया ।

### बिस्कोहर - सिगारजोत मार्ग पर गड्ढों में तब्दील, आवागमन में दिक्कत



**सिद्धार्थनगर।** जिले के भनवापुर क्षेत्र के बिस्कोहर से सिगारजोत तक जाने वाली करीब 10 किलोमीटर लंबी सड़क की हालत बत्तर हो चुकी है कि अब सड़क पर चलना किसी चुनौती से कम नहीं। सड़क में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढों के कारण लोगों को अब आवागमन में दिक्कत हो रही है,यह मार्ग क्षेत्र के लिए अत्यंत अहम है, क्योंकि इसी मार्ग से दर्जनों गांवों का संपर्क के बिस्कोहर, उतरौला, अयोध्या, लखनऊ, गोंडा, ब्लॉक भनवापुर, तहसील इटवा व जिले से होता है। हर दिन इस सड़क से दर्जनों स्कूली वाहन गुजरते हैं, लेकिन सड़क की दुर्दशा ने बच्चों को पढ़ने के लिए लोग अब वाहन से भेजने में डर महसूस कर रहे हैं। क्षेत्र के रामधनी चौरसिया, झीन सोनी, हफीजुल्लाह खान, दीपक मौर्या, भगवान दास चौधरी, लवकुश चौधरी, रामहरख,शेष राम पांडेय सहित कई ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से सड़क की जल्द मरम्मत की मांग की है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के जेई दुर्गेश कुमार पटेल ने बताया कि यह सड़क जिले की प्राथमिक सूची में है और स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### तहसील लालगंज में आज होगा सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में तहसील लालगंज में 18 अक्टूबर 2025 को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार अन्य तहसीलों में अपर जिलाधिकारी/मुख्य राजस्व अधिकारी/उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा।

# दीपावली पर 'मीठे ज़हर' से सावधान!

**●बाज़ारों में नकली खोवा और मिलावटी मिठाइयों की भरमार, प्रशासन बेख़बर**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी (गोरखपुर)।** दीपावली के नज़दीक आते ही जहां एक ओर मिठाइयों की दुकानों पर रौनक़ दिखाई दे रही है, वहीं दूसरी ओर मिलावटखोरों का कारोबार भी परवान चढ़ गया है। बाज़ारों में खुलेआम नकली खोवा और मिलावटी मिठाइयों की बिक्री हो रही है। खजनी तहसील क्षेत्र में सिंथेटिक, हाइड्रो, आलू और रिफाइंड तेल से तैयार नकली खोवा को असली बताकर दुकानदार ग्राहकों को गुमराह कर रहे हैं। खजनी, टेकवार, उनवल, सतुआभार, बढनी, भैसाबाजार, महदेवा और सिकरीगंज जैसे बाजारों में यही नकली खोवा नामी ब्रांड की मिठाइयों में मिलाकर महंगे दामों पर बेचा जा रहा है। यह मिठाइयां देखने में जितनी आकर्षक हैं, उतनी ही अस्वच्छ परिस्थितियों में तैयार की जाती हैं। कई जगहों पर मिठाई बनाते वक्त दुर्गंध और गंदगी का माहौल साफ देखा गया है।

**खोवा की कीमतें आसमान पर**

बाज़ार में इस समय खोवा की कीमत 320 से 360 रुपये किलो तक पहुंच चुकी है, और अनुमान है कि दीपावली तक यह 400 रुपये प्रति किलो का आंकड़ा पार कर सकती है। मिलावटखोर इसी बढ़ती मांग का फायदा उठाते हुए नकली खोवा को असली बताकर मुनाफा कमा रहे हैं।

**स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा**

खजनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. प्रदीप ने चेताया कि मिलावटी खोवा और मिठाइयों का सेवन स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। इससे उल्टी, दस्त, पेट दर्द, गले में संक्रमण, यहां तक कि हैजा जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह ज़हर से कम नहीं है।

**प्रशासन की नींद अब तक नहीं टूटी**

हालांकि खाद्य सुरक्षा विभाग जांच का दावा करता है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी कहती है। मिलावटखोरों की चालाकी और प्रशासन की सुस्ती के चलते बाज़ारों में 'मीठा जहर' बेरोकटोक बिक रहा है। जिम्मेदार अफसरों से इस बाबत संपर्क करने का प्रयास किया गया, मगर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी।

**जानिए कैसे पहचानें असली और नकली खोवा**

गंध से पहचानें- असली खोवा में दूध की हल्की खुशबू होती है, नकली में केमिकल या सड़ी गंध।

स्पर्श करें- असली खोवा मुलायम होता है, नकली रबर जैसा या चिपचिपा।

पानी में डालें- असली खोवा नीचे बैठ जाता है, नकली घुल जाता है।

तलने पर झाग- नकली खोवा गर्म करने पर झाग छोड़ता है और रंग बदलता है।

कीमत देखें- बहुत सस्ता खोवा अधिकतर नकली होता है।

**सावधानी ही सुरक्षा**

मिठाइयां केवल विश्वसनीय दुकानों से ही खरीदें, खुले में रखी मिठाइयों से परहेज़ करें और किसी भी संदिग्ध उत्पाद की जानकारी तुरंत खाद्य सुरक्षा विभाग को दें। त्योहार की खुशियां मिठास के साथ मनाएं, लेकिन सजगता और जिम्मेदारी के साथ – क्योंकि इस दीपावली "मीठे में छिपा जहर" आपकी सेहत लूट सकता है।

# खेल भावना से ओतप्रोत माहौल में हुआ क्रिकेट नेट फील्ड का लोकार्पण

**●मुख्य अतिथि का हुआ जोरदार स्वागत, बच्चों के चेहरों पर दिखी उत्साह की चमक**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी, गोरखपुर।** नगर पंचायत उनवल स्थित पीएम श्री विद्यालय उनवल प्रथम में शुक्रवार को खेल भावना और उत्साह से भरपूर माहौल में क्रिकेट नेट पीच फील्ड का भव्य लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिक्षक सूर्य प्रकाश पांडेय का करतल ध्वनि से गर्मजोशी भरा स्वागत किया गया। समारोह के दौरान विद्यालय परिसर बच्चों के उल्लास और जोश से गूंज उठा। लोकार्पण समारोह में संबोधित करते हुए सूर्य प्रकाश पांडेय ने कहा कि –पहले कहा जाता था 'पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे कूदोगे हो जाओगे खराब', लेकिन आज के दौर में यह कहावत उलट चुकी है। अब खेलों के माध्यम से भी देश के युवा अपनी प्रतिभा से पहचान बना रहे हैं और सरकारी विभागों में भी खेल कोटा के माध्यम से अवसर प्राप्त कर रहे हैं।"

उन्होंने कहा कि आज क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, कुश्ती जैसे खेलों में प्रतिभाशाली खिलाड़ी जिले, प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। सरकार भी खिलाड़ियों को सम्मानित कर विदेशों तक भेज रही है, जिससे वे न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बन रहे हैं, बल्कि समाज में प्रेरणा का स्रोत भी बन रहे हैं। इस मौके पर विद्यालय प्रभारी नवीन कुमार त्रिपाठी, राजमणि मिश्रा, बृजेश कुमार त्रिपाठी, सूरज सिंह, राजेंद्र यादव, प्रमोद कुमार, उमाशंकर, श्रीमती सुमन देवी, विकास कुमार त्रिपाठी, राजीव रंजन सहित विद्यालय के सभी शिक्षक, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सूर्य प्रकाश पांडेय ने यह घोषणा की कि विद्यालय अवकाश के बाद भी विद्यार्थियों को अभ्यास के लिए नेट फील्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं भी आगे बढ़ सकें। खेलों से जुड़े ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्र में नई ऊर्जा भर रहे हैं, जिससे भविष्य के खिलाड़ी तैयार हो रहे हैं। क्या आप चाहेंगे कि मैं इस खबर का शीर्षक अखबार शैली में और भी प्रभावशाली बनाऊँ (जैसे "खेल प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच, उनवल में क्रिकेट नेट फील्ड का शुभारंभ")?

# सड़क हादसे और बिखरते परिवार पर संगोष्ठी

**●समाज के प्रहरी बने चिकित्सक और पुलिस अधिकारी सम्मानित**

**हम विकासशील देश हैं, लेकिन सुरक्षित देश भी बनना होगा – राजेश पांडेय**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर** – 'एक व्यक्ति नहीं, पूरा परिवार तबाह हो जाता है... सड़क सुरक्षा सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।" यही संदेश गूंजा शहर के शास्त्री चौक स्थित संकुल भवन में आयोजित उस विचारोत्तेजक संगोष्ठी में, जिसका विषय था – "सड़क हादसे और बिखरते परिवार"। कार्यक्रम का आयोजन मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के तत्वावधान में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राजेश पांडेय (आईपीएस), नोडल अधिकारी, पूर्वांचल एवं बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे (यूपीडा) उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अरविंद राय, अध्यक्ष मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति ने की। विशिष्ट अतिथि रहे एसपी सिटी अभिनव त्यागी, एसपी उत्तरी जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव और एसपी ट्रैफिक राजकुमार पांडेय।

**समाज के रक्षक हुए सम्मानित**

कार्यक्रम में सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की जान बचाने वाले डॉ. रवि राय, डॉ. वी.के. सुमन, डॉ. एस.पी. त्रिपाठी तथा उप निरीक्षक पूजा (आईटीएमएस) को "सड़क सुरक्षा प्रहरी सम्मान" प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि व वरिष्ठ अधिकारियों ने इन्हें सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह देकर उत्साहवर्धन किया।

**सावधानी ही सुरक्षा है — अरविंद राय**

अध्यक्ष अरविंद राय ने कहा, "सड़क हादसे किसी व्यक्ति की नहीं, पूरे परिवार की त्रासदी बन जाते हैं। चिकित्सक और समाजसेवी ही इन क्षणों में असली प्रहरी साबित होते हैं।"

उन्होंने बताया कि हाल ही में उनके भतीजे की जान डॉ. रवि राय ने रात चार बजे ऑपरेशन कर बचाई – "ऐसे चिकित्सक समाज की संपत्ति हैं।"

**"गलत दिशा और थकान से बढ़ते हादसे" — रत्नाकर सिंह**

गोरखपुर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रत्नाकर सिंह ने कहा, "हाईवे और एक्सप्रेसवे पर गलत दिशा में आने वाले वाहन और पशु सबसे बड़ा खतरा हैं। थकान और नींद में ड्राइविंग से अधिकांश दुर्घटनाएं होती हैं।" उन्होंने कहा, "ट्रैफिक पुलिस केवल चालान काटने तक सीमित न रहे, बल्कि सुरक्षा संस्कृति विकसित करे।"

"हेलमेट नहीं, बहाने मौत का कारण बनते हैं" – एसपी ट्रैफिक राजकुमार पांडेय उन्होंने कहा, "लोग 500 रुपये का चालान भर देते हैं, लेकिन उतने के हेलमेट खरीदने में हिचकते हैं। जीवन का कोई विकल्प नहीं है।" उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने बच्चों को बिना हेलमेट वाहन न चलाने दें।

"दुर्घटना पीड़ित को एक घंटे में अस्पताल पहुंचाना जरूरी" – एसपी उत्तरी जितेन्द्र श्रीवास्तव उन्होंने कहा कि "अपराध से जितनी मौतें होती हैं, उससे साढ़े चार गुना ज्यादा लोग सड़क दुर्घटनाओं में मरते हैं।" उन्होंने "गोल्डन ऑवर" की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि एक घंटे के भीतर घायल को अस्पताल पहुंचा देना ही जीवन रक्षा का सबसे बड़ा उपाय है। "छोटी सी गलती पूरी जिंदगी की कीमत बन जाती है" – एसपी सिटी अभिनव त्यागी

उन्होंने कहा, "कुछ लोग हेलमेट इसलिए नहीं पहनते कि बाल खराब न हों, या सीट बेल्ट इसलिए नहीं लगाते कि शर्ट की क्रीज बिगड़ जाएगी। यह मानसिकता बदलनी होगी – जीवन सबसे कीमती है।" उन्होंने पैडलेगंज और असुरन चौराहे का उदाहरण देते हुए कहा कि "सड़क पार करते समय या ओवरटेक के दौरान एक पल की सावधानी कई जिंदगियां बचा सकती है।"

"सड़कें चौड़ी हो रही हैं, पर जिम्मेदारी भी बढ़ रही है" – राजेश पांडेय, आईपीएस मुख्य वक्ता राजेश पांडेय ने कहा, "सड़क हादसे अचानक नहीं होते, वे हमारी लापरवाही का परिणाम हैं। केवल पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर अब तक 32 करोड़ रुपये का चालान किया जा चुका है।"उन्होंने बताया कि इलाहाबाद में 320 किमी लंबी जाली से 82 प्रतिशत दुर्घटनाएं कम हुई। उन्होंने कहा, "गंगा एक्सप्रेसवे पर अब सेंसर लग रहे हैं, जो ड्राइवर की नींद और स्पीड दोनों मॉनिटर करेंगे।" उन्होंने चेताया – "हमें यह समझना होगा कि सड़कें विकास की निशानी हैं, लेकिन सुरक्षा उसकी आत्मा है।"

**पत्रकार संगठनों ने लिया संकल्प — चलाएंगे रोड सेफ्टी अभियान**

संगोष्ठी के अंत में समिति ने सर्वसम्मति से संकल्प लिया कि पत्रकार समिति, प्रेस क्लब और एसोसिएशन मिलकर जनपद स्तर पर ÷रोड सेफ्टी जागरूकता अभियान÷ चलाएंगे। इसमें स्कूल-कॉलेजों में विशेष कार्यक्रम, हेलमेट वितरण, ट्रैफिक नियमों पर वॉल पेंटिंग और नुक्कड़ नाटक शामिल होंगे। कार्यक्रम में भजन गायक नंदू मिश्रा, मंत्री पंकज श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष भूपेंद्र द्विवेदी, कोषाध्यक्ष प्रिंस पांडेय, सहायक सूचना अधिकारी प्रशांत श्रीवास्तव, नवनीत प्रकाश त्रिपाठी, वहाब खान, मनौव्वर रिजवी, दिग्विजय राय, कंचन त्रिपाठी, धीरेन्द्र गुप्ता, अशोक सिंह, रजनीश श्रीवास्तव, सतीश पांडेय, संजय त्रिपाठी, मुकेश पांडेय, जय प्रकाश दुबे, अरुण मिश्र, सूर्य प्रकाश गुप्ता, दुर्गेश यादव, अभिनव राजन चतुर्वेदी, शिवहर्ष द्विवेदी, विभव पाठक, रामगोपाल द्विवेदी, अखलेश पांडेय, एडी दुबे, अजय तिवारी, धनेश निषाद, दामोदर उपाध्याय, आशीष भट्ट, फयाज अहमद, रशाद लारी, सुभाष गुप्ता, फिरोज सुशील कुमार, अजय राय, अरुण सिंह, इशरत शमीम सिद्दीकी, परवेज अहमद, संतोष विनय, संजय दुबे, दिनेश शुक्ला, आलोक श्रीवास्तव, अकबर हुसैन, दिलीप पटवा, सिलवर्धन प्रताप सिंह, विवेक अस्थाना और टीआई मनोज राय सहित बड़ी संख्या में पत्रकार व समाजसेवी मौजूद रहे।

# वार्ड नामकरण पर उठा विवाद - सभासद ने किया खुला विरोध, देवकली में भड़की जनता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार, गोरखपुर।** नगर पंचायत गोला में वार्डों के नामकरण का प्रस्ताव अब विवादों में घिरता जा रहा है। हाल ही में हुई बोर्ड बैठक में सभी वार्डों के नए नाम तय करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन इस फैसले का विरोध अब खुलकर सामने आने लगा है। वार्ड नंबर 15 देवकली की सभासद प्रमिला देवी ने न केवल इस प्रस्ताव का विरोध किया है बल्कि एसडीएम गोला को लिखित आवेदन देकर पुराने नाम को ही बरकरार रखने की मांग की है। सभासद प्रमिला देवी ने अपने पत्र में स्पष्ट लिखा है कि "हमारे वार्ड का नाम देवकली ही जनमानस की पहचान है, इसे बदलकर रामजी नगर करना जनता के साथ अन्याय होगा।" उन्होंने कहा कि नया नामकरण होने से वार्डवासियों को सरकारी अभिलेखों, पहचान पत्रों और कागजातों में भारी संशोधन कराना पड़ेगा, जिससे जनता को आर्थिक और मानसिक दोनों प्रकार की परेशानी झेलनी पड़ेगी। वार्डवासियों ने भी सभासद के समर्थन में मोर्चा खोल दिया है। उनका कहना है कि प्रशासन को जनता की भावना का सम्मान करना चाहिए। देवकली नाम वर्षों पुराना है और इस नाम से ही क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान जुड़ी हुई है। नया नामकरण थोपने का प्रयास अस्वीकार्य है। वार्ड के लोगों ने साफ कहा है कि "देवकली हमारा गौरव है, कोई दूसरा नाम स्वीकार नहीं।" इधर, नामकरण विवाद पर नगर पंचायत प्रशासन की ओर से अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन चर्चा है कि अन्य वार्डों में भी कुछ सभासद नाम बदलने के प्रस्ताव से असहमत हैं। स्थानीय स्तर पर यह मुद्दा अब जनभावनाओं से जुड़ता हुआ एक बड़ा राजनीतिक स्वरूप लेता दिख रहा ।

# सेंटपॉल स्कूल में मनाया गया दीपोत्सव का कार्यक्रम

**●स्कूली बच्चों के लिए परिसर में लगा तरह-तरह का स्टाल, उपप्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को दिलाई प्रदूषण रहित दिवाली मनाने की शपथ**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुकेसर स्थित सेंटपॉल स्कूल में शुक्रवार को उपप्रधानाचार्य मानव मेहता के नेतृत्व में धूमधाम के साथ दीपोत्सव का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने स्कूल परिसर में रंगोली बनाई तत्पश्चात 251 दीप जलाकर विद्यालय सजाई। वहीं कार्यक्रम के दौरान स्कूल परिसर में बच्चों के खाने-पीने व मनोरंजन के लिए तरह-तरह का स्टाल लगाया गया। स्टाल में बच्चे जमकर मनोरंजन करते नजर आए। वहीं स्कूल परिसर में सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था जहां अभिभावक अपने बच्चों के साथ प्वाइंट पर सेल्फी लेते नजर आए। वहीं उपप्रधानाचार्य मानव मेहता ने छात्र-छात्राओं को प्रदूषण रहित दिवाली मनाने की शपथ दिलाई। इस दौरान उपप्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि दीपावली पर पटाखों का अत्यधिक उपयोग हमारे पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ्य और पारिस्थितिकी तंत्र पर गंभीर असर डालता है। उन्होंने कहा कि पटाखों से निकलने वाला धुआं न केवल वायु को प्रदूषित करता है बल्कि इससे सांस की बीमारियां, अस्थमा, आंखों में जलन और दिल से जुड़ी कई समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण का सबसे अधिक असर बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों पर पड़ता है। इस दौरान दिलीप झां, अशोक यादव, राहुल पाण्डेय समेत अन्य अध्यापक व अध्यापिकाएं तथा छात्र-छात्राएं व अभिभावक मौजूद रहे।

# छात्रा मधु एक दिन की एसडीएम, कंचन तहसीलदार व हिना परवीन बनी नायब तहसीलदार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को तहसील शोहरतगढ़ में पहुंचकर छात्रा मधु एक दिन की एसडीएम, कंचन तहसीलदार व हिना परवीन नायब तहसीलदार बनकर जिम्मेदारी निभाई। प्रतिभावान छात्राओं को प्रशासनिक अधिकारी की कुर्सी पर बैठने का गौरव हासिल हुआ। शिवपति इंटर कॉलेज के कक्षा 11 की छात्रा बगुलहवा गांव निवासी मधु हाईस्कूल में 84 प्रतिशत अंक हासिल कर कॉलेज का गौरव बढ़ाया था। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी विवेकानंद मिश्र ने छात्रा मधु को गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत करते हुए एसडीएम की कुर्सी पर बैठाया ।मधु ने प्रशासनिक कार्यों को देखने के साथ-साथ शिकायत लेकर आने वाले लोगों की समस्याओं को सुनकर उसके निस्तारण का आश्वासन दिया। एक दिन की एसडीएम बनी मधु ने तहसील का भ्रमण करते हुए विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया और खतौनी के पटल पर किसानों को दी जा रही खतौनी के बारे में जानकारी ली। साथ ही साथ मिशन शक्ति महिला हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया। इसी तरह कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय परसिया की कक्षा सात की सर्वश्रेष्ठ अंक विद्यालय में पाने वाली छात्रा व चरीगवा निवासी कंचन को तहसीलदार ने पुष्पगुच्छ भेंटकरकर तहसीलदार की कुर्सी पर बैठाया। तहसीलदार बनी कंचन ने कार्यालय का काम देखा और न्यायालय प्रक्रिया की जानकारी पेशकार को बुलाकर जानी। कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय की कक्षा सात की छात्रा महथा गावं निवासी हिना परवीन एक दिन की नायब तहसीलदार बनी।

कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय लेदवा की छात्र हिना परवीन ने हाल में राज्य स्तर कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर जिले का नाम रोशन किया है। नायब तहसीलदार महबूब अंसारी ने हिना परवीन को गुलदस्ता, डायरी, पेन देकर स्वागत किया और कुर्सी पर बैठाया। नायब तहसीलदार बनी हिना परवीन ने तहसील पर आने वाले फरियादियों की शिकायत को सुना और उसके निस्तारण का आश्वासन दिया। हिना परवीन ने तहसील परिसर का भ्रमण कर स्वच्छता आदि को देखकर आवश्यक दिशा निर्देश जिम्मेदारों को दिया। तहसील के वरिष्ठ अधिकारियों ने एक दिन की प्रशासनिक अधिकारी बनी सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दी। इस दौरान एसडीएम विवेकानंद मिश्र , तहसीलदार प्रकाश सिंह यादव नायब तहसीलदार महबूब अंसारी, खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार, शिवपति इण्टर कॉलेज उप प्राचार्य रामविलास यादव ,अमरेश कुमार, मुस्तन शेरुल्लाह, मुस्ताक अहमद, संदीप जयसवाल , राजेंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## कप्तानगंज थानाध्यक्ष पर लगा आरोप- मुकदमे में साजिशकर्ता का नाम निकालने का प्रयास

**●पीड़ित के घर में घुसकर महिलाओं को प्रताड़ित करने का आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केकप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम अवस्थीपुर (महुवारे) निवासिनी धनवन्ता देवी पत्नी हरिराम ने बेटे पर धारदार हथियार से जानलेवा हमले मामले में मुकदमे से आरोपी का नाम निकालने और धाराओं को कम करने के लिए थानाध्यक्ष कप्तानगंज पर बिना महिला पुलिस के उनके घर में परिवार की महिलाओं को प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर धनवन्ता देवी पत्नी हरीराम ने पत्र में कहा कि थानाध्यक्ष कप्तानगंज 13 अक्टूबर 2025 को उनके घर में बिना महिला पुलिस के घुसकर महिलाओं को प्रताड़ित किया और जबरदस्ती मोबाइल छीन लिया। आरोपीयों को बचाने का थानाध्यक्ष कप्तानगंज पर पीड़ित ने लागया आरोपउनके बेटे राम अवतार को 8 अक्टूबर 2025 को अभियुक्तगण अखिलेश पुत्र मायाराम,मुलायम यादव,अजय ऊर्फ पिंटू पुत्रगण रामयज्ञ दो अज्ञात साजिश कर्ता जंगबहादुर पुत्र राम शंकर आदि लोगो ने उनके बेटे पर जानलेवा हमला किया था उक्त हमलें में गम्भीर रूप से घालय राम अवतार कैली अस्पताल में इलाज चल रहा था। अब लखनऊ में चल रहा है।

जानलेवा हमले मामले में त्वरित कार्यवाही शुरू कर थानाध्यक्ष कप्तानगंज आलोक श्रीवास्तव द्वारा थाना स्थानीय पर धारा 109 .191 ( 3 ),324 (4), 61 (2), 351 (3) बी0 एन0 एस0 में मुकदमा पंजीकृत हुआ है किन्तु अब थानाध्यक्ष कप्तानगंज के दबाव में आकर विवेचक वीरेंद्र कुमार राय उक्त अपराध में मुल्जिमान का नाम निकालने और धारा का अल्पीकरण करने का प्रयास किया जा रहा है। आहत होकर पीड़िता ने थानाध्यक्ष कप्तानगंज से मुकदमे को स्थानांतरित करके जिले में किसी अन्य थाना या क्राइम ब्रांच को सौंप की मांग किया है।

# छावनी पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने वाले चार अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायालय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के पुलिस अधीक्षक बस्ती अभिनंदन सिंह के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती श्यामकांत के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी हरैया संजय सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने व शान्ति व्यवस्था बहाल रखने के क्रम मे थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद की पुलिस टीम ग्राम खत्मसराय में पहुंची तो ज्ञात हुआ कि प्रथम पक्ष के और सुरसमूह पुत्र कन्हैया सिंह निवासी खत्मसराय थाना छावनी जनपद बस्ती व द्वितीय पक्ष के महेंद्र पुत्र सोमई निवासी खत्मसराय थाना छावनी जनपद बस्ती आपस में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद कर रहे थे जिनको समझाने बुझाने का काफी प्रयास किया गया लेकिन द्वितीय पक्ष के महेंद्र पुत्र सोमई निवासी खत्मसराय थाना छावनी जनपद बस्ती मानने के बजाय और उग्र हो रहे थे तथा ग्राम कवलपुर में प्रथम पक्ष के और अर्पित सिंह पुत्र मनोज सिंह निवासी कवलपुर थाना छावनी जनपद बस्ती व द्वितीय पक्ष के अभिषेक कुमार पुत्र संतकुमार निवासी कवलपुर थाना छावनी जनपद बस्ती आपस में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद कर रहे थे जिनको समझाने बुझाने का काफी प्रयास किया गया लेकिन द्वितीय पक्ष के अभिषेक कुमार पुत्र संतकुमार निवासी कवलपुर थाना छावनी जनपद बस्ती मानने के बजाय और उग्र हो रहे थे तथा ग्राम करनाई में प्रथम पक्ष के निरंकार पुत्र गयाप्रसाद निवासी करनाई थाना छावनी जनपद बस्ती व द्वितीय पक्ष के खलील पुत्र हरीश निवासी करनाई थाना छावनी जनपद बस्ती आपस में घरेलू विवाद को लेकर विवाद कर रहे थे जिनको समझाने बुझाने का काफी प्रयास किया गया लेकिन उभयपक्ष उपरोक्त मानने के बजाय और उग्र हो रहे थे जिनको शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु नियमानुसार पुलिस हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद , स्द्ध शशि शेखर सिंह , स्द्ध राममिलन यादव , कांस्टेबल धनवंत गुप्ता , कांस्टेबल रोहित खरवार थाना छावनी जनपद बस्ती।

# संक्षिप्त खबरें

## टूण्डला शहर के किसान के बेटे ने हॉलिडे इन होटल आगरा में सोशल मीडिया चैंपियन की बाजी मारी




**टूण्डला** – टूण्डला क्षेत्र के वरिष्ठ किसान नेता ग्राम सुजात नगर निवासी राष्ट्रीय मुख्य सचिव करतार सिंह पौनियां के छोटे भाई दीपक सिंह को फाइव स्टार होटलों में अपने टैलेंट की वजह से सोशल मीडिया चैंपियन की बाजी मारी तथा अधिकारियों द्वारा अवॉर्ड भी दिया गया साथ में ही खाद्य एवं पेय विभाग मैनेजर फॉर दा क्यू-2 2025 में प्रबंधक के लिए नामांकित होने पर सभी अधिकारीगण और स्टाफ ने बधाई दी।

## उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश की खुली अवमानना - एसडीएम गोला मौन

देश के सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट आदेश है कि जल संरक्षण के लिए तालाबों को उनके मूल स्वरूप में वापस लाया जाए यदि किसी तालाब पर अवैध कब्जा कर निर्माण किया है तो उसका ध्वस्तीकरण कर तालाब को पुनः जीवित किया जाए इसके बावजूद तहसील गोला में तैनात तहसील के अधिकारी गणों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रहा है तहसील गोला के विकासखंड बांकेगंज की ग्राम पंचायत हरदुआ में सैकड़ो बीघा जमीन तालाब और अंबेडकर पार्क की जमीन पर दबंग कथित भू माफिया का अवैध कब्जा है जिस पर अवैध रूप से गन्ना की खड़ी फसल देखी जा सकती है ।वही तालाब की गाटा संख्या196 पर दबंग किस्म व्यक्ति मास्टर श्री राम की आलीशान हवेली खड़ी सुप्रीम कोर्ट और सुबे के मुखिया के आदेशों को खुली चुनौती पेश कर रहा है। ऐसा नहीं है कि इस अवैध कब्जा की जानकारी एसडीएम गोला और तहसीलदार गोला सहित कानूनगो, लेखपाल को नहीं है।मामला सभी के संज्ञान में है लेकिन राजनीतिक दबाव और लक्ष्मी जी के चढ़ावा के चलते सभी जिम्मेदार मुकदर्शक की भूमिका में नजर आ रहे हैं। शायद उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अवमानना दिखाई नहीं पड़ रही है देखना अभी है एसडीएम गोला सहित तहसीलदार गोला की कुंभकर्णी नींद टूटती है या फिर योगी जी के आदेशों की धज्जिया उड़ती रहेगी। कया कहते है नायब तहसीलदार कुकुरा ताहिर परवेज आलम जब अवैध कब्जा के संबन्ध मे नायब तहसीलदार कुकुरा से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होने बताया कि मामला मेरे संज्ञान मे आज आया है आप हमको गाटा संख्या व्हाटसअप कर दे मै मामले की जांच करवा लेता हू। क्या इनके लेखपाल और कानूनगो को गाटा संख्या और कब्जा पता नही है।केवल टालने वाली बात है।

## घर की छत पर पहुंचा तेंदुआ, डरे ग्रामीण



**बलरामपुर गौरा चौराहा।** यूनिट तुलसीपुर के झौव्वा गांव में रात करीब आठ बजे तेंदुआ विशाल सिंह की छत पर पहुंच गया। सीसीटीवी कैमरे में तेंदुए की गतिविधि कैद हो गई। गांव में तेंदुए के पहुंचने से ग्रामीण डरे हुए हैं। विशाल सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे में तेंदुए दिखने पर दरवाजा खोलकर बाहर आए तो तेंदुआ छत पर बैठा नजर आया। शोर मचाने पर ग्रामीण अनूप पाल सिंह, मो. सलीम, अभिजीत सिंह, मंटू, संजय व अमन आदि ने टॉर्च जलाकर देखा तो तेंदुआ छत पर बैठा था। ग्रामीणों ने शोर मचाकर तेंदुए को भगाया। तेंदुआ भागकर गन्ने के खेत में छिप गया। झौव्वा गांव के लोगों में तेंदुए को लेकर डर का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गांव में पिंजरा लगाकर तेंदुए को कैद करके जंगल में छोड़ा जाए। आसपास के गांवों में भी तेंदुए को लेकर ग्रामीण डरे हुए हैं। रतनपुर, चिंवटिहवा व टिकुइया गांवों में भी आए दिन तेंदुआ दिखाई दे रहा है। गांवों में बच्चों व मवेशियों पर तेंदुए के हमले का खतरा बढ़ गया है। उप प्रभागीय वनाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि रेंजर प्रवीन कुमार तिवारी को झौव्वा गांव में टीम भेजने का निर्देश दिया गया है। ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

# एस.ए.खीरी की मिलीभगत से घर बैठे वेतन ले रहे शिक्षक सोनू पटेल-आरोप

**●मामला विकास खंड मितौली के चौगानपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय का है**

**यहां तैनात शिक्षक सोनू पटेल पर गत दो वर्षो से बिना विद्यालय आए वेतन लेने के सैकड़ो अभिभावकों ने लगाये आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी**– जनपद लखीमपुर खीरी में बेसिक शिक्षा की बदहाली और भ्रष्टाचार की बानगी देखना है तो चलिए विकासखंड मितौली की ग्राम पंचायत चौगानपुर चलते हैं जहां पर उच्च प्राथमिक विद्यालय में एकल शिक्षा व्यवस्था होने के बावजूद यहां पर तैनात शिक्षक प्रधानाध्यापक सोनू पटेल सालों से विद्यालय से लापता चल रहे हैं और विभागीय जिम्मेदार अफसरो में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी मितौली को तयशुदा शुल्क देकर अपना वेतन उठा रहे हैं ऐसा सैकड़ो अभिभावकों का आरोप है उच्च प्राथमिक विद्यालय चौहानपुर के सैकड़ो अभिभावकों ने अमर भारती दैनिक समाचार पत्र को ऑन कैमरा बताया कि इस विद्यालय में तैनाद शिक्षक सोनू पटेल के द्वारा बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।सोनू पटेल स्वयं विद्यालय ना आकर अपने आवाज में एक 5000 के प्रशिक्षित प्राइवेट लड़के को लगाकर शिक्षण कार्य कर रहे हैं अभिभावकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी पर भी मिली भगत होने के गंभीर आरोप लगाए हैं । उच्च प्राथमिक विद्यालय चौहानपुर में तैनात शिक्षक सोनू पटेल के अजब गजब करना में सामने आए हैं जिन्होंने सरकारी दावों और शिक्षा की बेहतरीन की पोल खोल कर रख दी है सूत्रों की मां ने तो अपने को मंत्री का रिश्तेदार और



मुख्यमंत्री योगी का खास बताकर अपनी जगह पर एक 5000 मासिक पगार पर शिक्षक लगाकर घर बैठे सैलरी उठा रहे हैं जिसके चलते ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

**बी.एस.ए.,ए.बी.एस.ए.मितौली के निरीक्षण पर खडे हो रहे सबाल**

ग्रामीण और जानकारी अभिभावकों के अनुसार बेसिक शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी होती है कि वह समय-समय पर विद्यालयों का रोटी निरीक्षण कर शिक्षण व्यवस्था का हाल जाने और शिक्षण कार्य की गुणवत्ता एवं शासन से मिलने वाली सुविधाओं की जांच करें।निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी मितौली को शिक्षक सोनू पटेल की अनुपस्थिति क्यों दिखाई नहीं दी और शिकायत दर शिकायत होने के बाद भी ऐसे लापरवाह शिक्षक पर क्यों करवाई नहीं की गई तथा किस राजनीतिक दबाव के चलते बिना ड्यूटी किए सालों से वेतन रिलीज किया जाता रहा अहम सवाल बना हुआ है। मामले की पड़ताल को जब अमर भारती समाचार पत्र के टीम उच्च प्राथमिक विद्यालय चौहानपुर पहुंची तो वहां पर मौजूद दर्जनों अभिभावकों ने बताया आरसी से विद्यालय से लापता शिक्षक सोनू पटेल की दर्जनों शिकायतें खंड शिक्षा अधिकारी से लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी जिला अधिकारी सहित मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई सभी शिकायत में फर्जी भ्रामक आख्या लगाकर शिकायतों का निस्तारण किया जाता रहा और शिकायतों के बाद भी से से विद्यालय से निर्धारित चल रहे शिक्षक सोनू पटेल पर कोई कार्यवाही नहीं की गई आखिर किस जिम्मेदार सक्षम अधिकारी के आदेश से वेतन निकाला जाता रहा आखिर कौन बनाता रहा रोज लापता शिक्षक के उपस्थिति पंजिका पर फर्जी हस्ताक्षर यक्ष प्रश्न बना हुआ है जिनका उत्तर चौहानपुर के अभाव और जनता बेसिक शिक्षा अधिकारी से जानना चाहती है। वही विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों से जानकारी लेने के बाद ऑन कैमरा बच्चों ने बताया कि प्रधानाध्यापक कभी कबार महीने में एक आठ बार आते हैं वही स्कूल में मौजूद सैकड़ो ग्रामीणों ने कैमरा के सामने बताया शिक्षक सोनू पटेल सालों से विद्यालय नहीं आए हैं उन्होंने एक लिही का लड़का 5000 मासिक पगार पर पढ़ने के लिए लगा रखा है और यही लड़का उपस्थिति पंजिका पर सोनू पटेल के हस्ताक्षर बनाकर इनकी इनको उपस्थित दिखाता रहता है मामले की सारी जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी मितौली और बेसिक शिक्षा अधिकारी खीरी को होने के बाद भी लक्ष्मी जी के चढ़ावा के चलते सभी सोनू पटेल की ताल पर से रखते देखे जा सकते हैं ।

**क्या कहते है जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी**

उक्त मामले पर जब जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी से उनके मोबाइल नंबर पर कॉल कर जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो घंटी बजती रही और साहब ने फोन उठाना उचित नहीं समझा यह पहला मौका नहीं है जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चुनिंदा फोन ही उठाते हैं।

**क्या बताइन डी.जी.बेसिक शिक्षा लखनऊ**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लखीमपुर खीरी प्रवीण कुमार तिवारी द्वारा फोन उठाया न जाने पर मामले की जानकारी लेने के लिए जब डिग्री बेसिक से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया मामला मेरे संज्ञान में नहीं है आपके द्वारा मामला संज्ञान में आया है इसकी जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी और दोषी पाए जाने लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। वही ए.डी बेसिक शिक्षा ने बताया कि मै आवश्यक मीटिंग मे हू फ्री होते ही काल बैक करता हू ।लेकिन शायद वह अभी तक फ्री नही हो पाये जो मामले की जानकारी अपना पक्ष स्पष्ट करते।

# तालाब पर अबैध कब्जा कर खडी कर ली स्कूल की इमारत

**●तालाब की भूमि पर चल रहा गैर मान्यता प्राप्त स्कूल**

**तहसीलदार द्वारा पारित बेदखली आदेश के बावजूद आज तक नहीं हटवाया जा सका दबंग विद्यालय संचालक का अवैध कब्जा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी**– मामला ग्राम सभा रोशननगरका है जहांगांव केही एक दबंग व्यक्तिरियाजत अली ने प्रधान रहतेतालाब की गाटा सं.612 के आंशिक भाग को पाटकर अवैध कब्जा कर लिया।जब उपरोक्त का विरोध जागरूक लेखपाल ने किया तो उक्त दबंग कथित भूमाफिया ने लेखपाल से अभद्रता कर दी और राजनैतिक भौकाल दिखाते हुये आमादा फौजदारी हो गये।.मामले की लिखित रिपोर्ट तैयार करके तहसीलदार गोला समेत उच्च अधिकारियों को सौंप दी। तहसीलदार तहसील गोला द्वारा उपरोक्त मामले में बेदखली का आदेश पारित कर दिया आदेश पारित होने के कई महीने बाद भी आज तक तालाब से अवैध कब्जा नहीं हटाया जा सका।अब इसे साहब लोगो की मिलीभगत समझा जाय या फिर राजनैतिक रसूख जो तहसीलदार का बेदखली आदेश फाईलो मे कैद होकर धूल फांक रहा है। अफसर से अच्छी साठगांठ के चलते दबंग कथित भू माफिया रियाजत अली ने न केवल कब्जा बनाए रखा बल्कि तालाब के आशिक भाग को पाटकर पक्का निर्माण कार्य शुरू कर दिया ।शिकायत दर शिकायत होने के बावजूद भी निर्माण जारी रहा और अधिकारी शिकायतों की अंनसुनी करते रहे। मामला उस समय और गंभीर हो गया जब रियाजत अली की पत्नी प्रधान बन गई और इसी अवैध कब्जा वाली भूमि पर बगैर किसी मान्यता के जमालुद्दीन इंग्लिश मीडियम स्कूल खोल दिया गया ।उक्त विद्यालय के संबंध में ना तो कोई वैध स्वीकृति/ अनुमति ही ली गई है और ना ही कोई मान्यता ही ली गई है सूत्र बताते हैं की विद्यालय संचालक मनमानी फीस वसूलकर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है शिकायत होने पर खंड शिक्षा अधिकारी बांकेगंज ने मौके का मुआयना किया और बोर्ड लगा देखकर आक्रोश भी व्यक्त किया। लेकिन चंद गांधीछाप नोटों की चकाचौंध में बोर्ड हटा लेने की नसीहत दे डाली और परदे के पीछे से स्कूल चलाते रहने का मशविरा भी दे दिया। फिर क्या कहना इस अवैध गैर मान्यता प्राप्त स्कूल का संचालक आज भी अनवरत बिना किसी रोक-टोक के संचालित कर रहा है अपना विद्यालय सभी अधिकारियों की मामले की पूरी जानकारी होने के बाद भी आज तक किसी भी अफसर ने कोई कार्यवाही नहीं की की गई है। यही नहीं मामला आज भी पुराने ढर्रे पर चल रहे हैं कार्यवाही के नाम पर कोरा आश्वासन लो और चलते बनो करके चलता कर दिया जाता है।

# ए.डी.एम.खीरी भी अवैध कब्जा हटवा पाने मे नाकाम

**●ग्राम हरदुआ मे तालाबो को पाटकर बना ली गई**

**हवेली तो अंबडकर पार्क पर खडी गन्ने की फसल**

**जब मितौली तहसील मे तालाब के अवैध कब्जा धारको की फसल हो सकती है नीलाम तो गोला मे क्यो नही?**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी**– भले ही सुबे के मुखिया बड़े-बड़े दाबे और वादे भ्रष्टाचार को मिटाने के कर रहे हो पर जनपद खीरी के तहसील गोला के अफसर की अफसरशाही और नीति नीयत तथा मनमानी कार्यसैली के चलते सरकारी दावे और वादे हवा हवाई ही नजर आ रहे हैं और सरकार की मंशा तथा देश के सर्वोच्च न्यायालय के आदेश अफसर की फाइलों में धूल फांकते नजर आ रहे हैं। अफसर की खाऊ कमाऊ नीति और चंद सफेदपोश नेताओं के दबाव के चलते तहसील गोला के विकासखंड बांकेगंज के कई गांव में तालाबों और अंबेडकर पार्क समिति अन्य सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा होने के मामले जन चर्चा का विषय बने हैं। आई इनमें से कुछ मामलों पर हम प्रकाश डालतेहैं। केस नंबर 1 ग्राम हरदुआ का है जहां पर कथित दबंग भूमिमाफिया द्वारा गाटा संख्या777/7.717हे. रकवा लगभग 19 एकड के तालाब पर अबैध कब्जा कर खेती की जा रही है और धान की फसल खडी देखी जा रही है।वही एक अन्य तालाब गाटा संख्या 196/0.134हे. रकबा पर आलीशान ईमारत खडी कर ली गई।इतना ही नही इसी गांव मे अंबेडकर पार्क के नाम आरक्षित जमीन पर भू माफियाओ की गन्ने की फसल लहलहा रही खडी देखी जा सकती है।फिर भी जिम्मेदार तहसील प्रशासन.कानो मे.तेल डाले बैठा अवैध कब्जा धारको के साथ गलबहियां करते देखा जा रहा है। गोला तहसील के हरदुआ मे सरकारी जमीनो और तालाबो समेत अंबेडकर पार्क पर अवैध कब्जा करके उस पर गन्ने की फसल बो रखी है। कानूनगो और लेखपाल साहब दबंग कथित भूमाफिया ओ की ताल पर थिरकते नजर आ रहे है। केस नं.01 ग्राम हरदुआ का है जहांपर तालाब की गाटा सं. 196/0.134 को श्रीराम मास्टर ने पाटकर अवैध कब्जा कर पक्का मकान बना डाला। इस संबंध में राजस्व निरीक्षक ने बताया तालाब की पैमाइश करके अवैध कब्जे की पुष्टि के साथ रिपोर्ट तहसीलदार गोला को सौंप दी है जिसमें 67 वन की कार्रवाई तहसीलदार न्यायालय से होने के बाद तहसील द्वारा द्वारा पारित बेदखली आदेश के उपरांत ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# बड़ी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद, एक गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गैड़ास बुजुर्ग।** गैड़ास बुजुर्ग थाने की पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद किए हैं। आरोपी ग्राम महुवा बाजार निवासी विजय कसौंधन को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार मिश्र ने बताया कि पटाखा निर्माण की सामग्री जब्त कर ली गई



है। उन्होंने बताया कि जिले में अभी तक अवैध पटाखों के निर्माण में संलिप्त नौ लोगों पर कार्रवाई की गई है। बड़ी मात्रा में पटाखों की सामग्री बरामद करके नष्ट कराई जा चुकी है। उतरौला कोतवाली में दो, रेहरा बाजार में एक व नगर कोतवाली में दो बार अवैध पटाखों की सामग्री पकड़ी गई है। एसपी ने बताया कि अवैध तरीके से पटाखों के निर्माण की सामग्री कहां से लाई जा रही है। इसका भी पता लगाया जा रहा है। जल्द ही ऐसे लोगों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

# दीपावली त्यौहार को लेकर एडीजी आगरा जोन ने व्यापारियों संग की बैठक

**●एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ ने एसएसपी,एएसपी संग नगर में पैदल गस्त कर आमजन व्यापारियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला**– अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा अनुपम कुलश्रेष्ठ द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के साथ धनतेरस दीपावली एवं अन्य आगामी त्योहारों के मद्देनजर जनपद के थाना टूण्डला प्रांगण में आमजन एवं व्यापारियों की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यापारियों एवं आमजनमानस से सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गई साथ ही व्यापारियों एवं आमजन की समस्याओं को सुना एवं इनके समाधान हेतु सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। अपर



पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा ब्यापारियों से अपील की कि वे अपनी दुकानों में सुरक्षा उपायों का पालन करें, ताकि त्योहारों के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना न घटित हो सके। वहीं नगर के व्यापारियों ने पुलिस की भूमिका और कार्यप्रणाली की प्रशंसा की कि त्योहारों पर पुलिस द्वारा उनको हर प्रकार से सुरक्षा प्रदान की जा रही है। जिससे आज व्यापारी निश्चिंत होकर अपना व्यापार सुचारु रूप से निर्भीक होकर चला रहे हैं, जिसके लिए पुलिस आभार व्यक्त किया। वहीं जनपद में धनतेरस दीपावली एवं अन्य आगामी त्योहारों के मद्देनजर अपर पुलिस महानिदेशक,आगरा जोन आगरा अनुपम कुलश्रेष्ठ व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ



दीक्षित द्वारा थाना टूण्डला क्षेत्रान्तर्गत आमजन एवं व्यापारियों की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने के दृष्टिगत पैदल गस्त किया गया। इस दौरान एडीजी ने मुख्य बाजार एवं मुख्य चौराहे पर पैदल गश्त कर महिलाओं को जागरूक किया और मिशन शक्ति अभियान के महत्व के बारे में आम जनता को अवगत कराया । साथ ही जनता के साथ बातचीत कर अभियान को और प्रभावी बनाने साथ ही सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ करने हेतु सम्बंधित को दिशा-निर्देश दिए । पैदल गस्त के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर क्षेत्राधिकारी टूण्डला व थाना टूण्डला प्रभारी निरीक्षक अंजिश कुमार व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# कागजों पर काम दिखाकर लाखों रुपए हडपने के ग्रामीणों ने लगाए ग्राम प्रधान पर आरोप

**●शासन प्रशासन से की गई शिकायतों में शिकायतकर्ता गानों के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर कर दिया शिकायतों का फर्जी निस्तारण-मुन्ना**

**ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव ने मिली भगत कर ग्रामीणों द्वारा बनवाए गए चबूतरे का निकाल लिया भुगतान-आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी**– मामला विकासखंड पसगवां की घोटाले और फर्जीवाडे की बहुचर्चित ग्राम पंचायत खमरिया का है। जहां पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान सहित प्रधानी चला रहे पूनम देवी के पति द्वारा फर्जी काम दिखाकर लाखों का घोटाला करके अपनी अपनी तिजोरी भर लिए जाने का मामला जन चर्चा का विषय बना है जब मामलों की शिकायतें हुई तो ग्राम प्रधान के देवर सहित पंचायत सचिव द्वारा शिकायत करता के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर शिकायतों का फर्जी तरीके से निस्तारण कर शासन प्रशासन को गुमराह कर दिया गया यह आप शिकायतकर्ता मुन्नालाल हुआ संतोष कुमार द्वारा लगाए गए हैं ग्रामीणों के बताएं अनुसार प्राथमिक विद्यालय के पास स्थित ब्रह्मदेव के चबूतरे का निर्माण गांव के ही निवासी प्रेम गुप्ता के पुत्रों द्वारा उनकी मनौती पूरी होने पर बनवाया गया था जिसको ग्राम प्रधान ने अपने द्वारा निर्मित दिखाकर भुगतान निकाल कर आपस में बंदर बांट कर लिया राधेश्याम गुप्ता के खेत से कामता के खेत तक रास्ता निर्माण कार्य कराए बगैर ही लाखों का भुगतान निकाल लिया गया ऐसा ग्रामीणों का आरोप है ग्रामीण संतोष कुमार मुन्नालाल सहित दर्जनों अन्य ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान और पंचायत सचिव द्वारा मिली भगत करके मैच कागजों पर काम दिखाकर जमकर सरकारी धन का दुरुपयोग कर खुद को मालामाल कर लिए जाने के गंभीर



आरोप लगाते हुए मामले की जांच प्रशासन द्वारा जांच टीम गठित करके निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की मामले की ग्रैंड रिपोर्टिंग गए अमर भारती दैनिक समाचार पत्र टीम को शिकायतकर्ता मुन्नालाल ने बताया कि उपरोक्त मामलों की दर्जनों से ऑनलाइन शिकायत की गई लेकिन ग्राम प्रधान ने सभी में सचिन से फर्जी अच्छा लगता कर शिकायतों का फर्जी तरीके से निस्तारण कर दिया।

**नल मरम्मत और रिबोर के नाम पर लाखो का भुगतान निकाले जाने के आरोप**

सूत्रो की माने तो दर्जनो नलो का रिबोर और मरम्मत कार्य कागजो पर दिखाकर ग्राम प्रधान पति और पंचायत सचिव द्वारा लाखों का भुगतान निकालकर हजम कर लिए जाने का मामला सुर्खियां बना है। ग्रामीणों के बताएं अनुसार नल रिबोर और नल मरम्मत कार्य महज कागज कराया गया है हकीकत की जमीन पर नलों की स्थिति मरम्मत कार्य और रिबोर की हालात स्वयं बयां कर रही है

नल रिपोर्ट जितने भी हुए हैं उनका कबाड़ कहां है यदि नल रिबोर से निकले कबाड़ की करा ली जाय जांच तो रिबोर के नाम पर किए गए फर्जीवाडे का खुलासा होना तय होगा।आखिर नल रिबोर से निकला कबाड कहां है?और इस कबाड की यदि बिक्री की गई तो नीलामी प्रक्रिया अपनायी गयी कि नही।यदि अपनायी गयी नीलामी प्रक्रिया तो फिरकिस अखबार मे वि ज्ञपति निकलवायी गयी और कितने लोगो ने नीलामी मे प्रतिभाग किया ।

**स्ट्रीट लाइट ,और साफ सफाई एवं दवा छिडकाव के नाम सरकारी धनराशि का दुरूपयोग**

विकासखंड पसगवां की ग्राम पंचायत खमरिया में अमृतसरोंवर , कूड़ा दान ,साफ सफाई एवं फॉगिंग के नाम पर लाखों का वारा न्यारा कर लिया गया ग्राम पंचायत में कोई साफ सफाई एवं दवा छिड़काव का कार्य नहीं कराया गया। अधिकांश स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हैं जो गुणवत्ता विहीन और अधोमानक होने की पुष्टि करने को और प्रधान के भ्रष्टाचार की पोल खोल रही है ।स्वच्छ भारत मिशन की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जब मीडिया ग्राम पंचायत में जनता से जानकारी लेने पहुंची कि विगत चार सालों में धरातल पर पंचायत का कितना विकास हुआ सरकार ने तो करोड़ों का बजट दिया और प्रधान ने कितना विकास किया इसका लेखा-जोखा दे तो जिम्मेदार बगले झांकते नजर आए ।अगर हो जाए स्थलीय निरीक्षण तो हकीकत आ जाएगी सामने ।सूत्र बताते है कि ग्राम पंचायत खमरिया दलालों का अड्डा बनकर रह गई है ऐसा ग्रामीणों का आरोप है यहां पर नियम कानून को ताक पर रखकर बिना एस्टीमेट के ग्राम विकास अधिकारी ग्राम प्रधान से 5000 लेकर एस्टीमेट तैयार करने के आरोप ग्राम विकास अधिकारी पर लगाए जा रहे हैं। मामला जांच का विषय बना है यदि जिले के तेजतर्रार मुख्य विकास अधिकारी ले मामले का संज्ञान और उच्च स्तरीय जांच टीम गठित कर कराये निष्पक्ष जांच तो एक बड़े घोटाले और फर्जीवाडे का होगा पर्दाफाश।

**क्या कहते है ग्राम पंचायत सचिव**

इस संबध मे जब ग्राम पंचायत सचिव खमरिया से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया वह घंटी बजती रही लेकिन ग्राम पंचायत सचिव ने फोन उठाना नही समझा ।जिससे उनके पक्ष की जानकारी नही हो सकी।

**क्या कहते है खंड विकास अधिकारी पसगवां**

खंड विकास अधिकारी पसगवां से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होने बताया हम मीटिंग मे हैं दो घंटे बाद बात करो।वैसे भी साहब का फोन जल्दी उठता नही यदि उठता भी है तो या वह मीटिंग मे होते हैं या फिर नंबर ही ब्लाक कर देते हैं। मुख्य विकास अधिकारी खीरी अभिषेक प्रकाश ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान मे आयाहै मामले की जांच करायी जायेगी जांच मे दोषी लोगो के विरूद कठोर कार्यवाही भी की जायेगी।

# जब लिखो तब किसी पर मुरव्वत नहीं, दूध का दूध पानी का पानी लिखो

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिकुनिया खीरी**– कस्बे में देवी मंदिर पर श्री जनता रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में अर्धरात्रि तक कवियों ने हास्य वीर और श्रृंगार रस की कविताएं पढ़कर लोगों को बार-बार तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया कार्यक्रम की अध्यक्षता मेला कमेटी के संरक्षक सत्य प्रकाश श्रीवास्तव ने किया इस दौरान मां सरस्वती पर पुष्प अर्पण दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि एमएलसी अनूप गुप्ता द्वारा किया गया इसके बाद मुख्य अतिथि अनूप गुप्ता विशेष अतिथि क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा को कमेटी ने शाल देकर सम्मानित किया इस दौरान कवियों को सुनने के लिए कस्बे से प्रबुद्ध वर्गों की भीड़ बनी रही मेला कमेटी



अध्यक्ष दिनेश गुप्ता सभी पदाधिकारी ने कवि सम्मेलन में आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया श्री जनता रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय अखिलेश गुप्ता की स्मृति में उनके अनुज दिनेश गुप्ता उर्फ नीटू ने विशेष कर विराट कवि सम्मेलन का मेला कमेटी की ओर से आयोजन किया जिसमें मध्य प्रदेश से पधारी कवियत्री कृपा संगम ने सरस्वती वंदना पढ़कर समा बांधा इसके बाद लखनऊ से पधारे वीर रस के कवि प्रख्यात मिश्रा ने यूपी की सरकार कैसे बनी इस पर भगवान राम के विचारों के बाबत कुछ इस प्रकार पढा राजनीति की वैतरणी को पार कराने वाले हैं, राम वही जो यूपी की सरकार बनाने वाले हैं, कवि सम्मेलन का संचालन कर रहे कवि विकास बौखल ने देश की एकता को अखंड बनाए रखने पर कुछ इस प्रकार समाज को प्रेरणा देते हुए पढा किसी खंजर से ना तलवार से जोड़ा जाए सारी दुनिया को चलो प्यार से जोड़ा जाए, बाराबंकी के ही वीर रस के प्रख्यात कवि शिवकुमार व्यास ने अभिव्यक्त की स्वतंत्रता पर तंज कसा वीर बलदानियों की जुबानी लिखो, विकसित भारत की अनुपम कहानी लिखो, जब लिखो तब किसी पर मरवत नहीं। जहां पर मेला कमेटी द्वारा प्रेस क्लब तिकुनिया के पत्रकारों को सम्मानित किया ।

# पंडित दीन दयाल उपाध्यय पशु मेला के शिविर का आयोजन

**●शिविर के दौरान 436 पशुओ का निःशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण कर दी गई दनाइयां।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** ब्लॉक कुंभी के ग्राम मुड़ा अस्सी में दिनांक 17/10/2025 को पंडित दीन दयाल उपाध्याय शिविर का आयोजन किया



गया।जिसका उद्घाटन प्रधान प्रतिनिधि श्री संजय सिंह द्वारा किया गया एवं गौ पूजन किया गया। डॉ अंकुर वर्मा द्वारा पशु पालकों को केसीसी एवं बीमा के बारेमें जानकारी दी गई। एवं पशुओं में होने वाली खुर पका मुंह पका एवं गलघोंटू की बीमारी के बारे में जानकारी दी गई डॉ अमित कात्यान के द्वारा पशु पालकों को पशुओं के रख रखाव के बारे में विभाग की अन्य योजनों के बारे में जानकारी दी गई शिविर में डॉ कात्यान डॉ अंकुर वर्मा प्रमोद वर्मा पशुधन प्रसार अधिकारी रुही बनो पशुधन प्रसार अधिकारी संतोष वर्मा दिव्यांशु, दीपक मिश्रा, अभिषेक वर्मा विमलेश वर्मा आदि की उपस्थित में कुल 436 पशुओं का उपचार किया गया।

# संक्षिप्त खबरें

## मिशन शक्ति के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**चुनार मिर्जापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार मीरजापुर शुक्रवार को मिशन शक्ति राष्ट्रीय सेवा योजना,भातखंडे,क्लचरल क्लब एवं रोवर-रेंजर के संयुक्त तत्वाधान में महिला सशक्तिकरण विषयक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो (डॉ0) माधवी शुक्ला के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है। निर्णायक मंडल के रूप में डॉ नलिनी सिंह,डॉ भास्कर प्रसाद द्विवेदी एवं डॉ अदिति सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में लगभग 20 छात्राओं एवं 08 छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में तनिषा मौर्या (बी0ए0 सी0प्रथम सेमेस्टर) ने प्रथम,खुशी पाण्डेय (एम0ए0 सी0, तृतीय सेमेस्टर) ने द्वितीय एवं शिद्रा खान (बी0 ए0 सी0, पंचम सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन डॉ शिखा तिवारी एवं डॉ विद्या सिंह के नेतृत्व में किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना और उनकी सृजनात्मक प्रतिभा को निखारना है ।

## श्री तिवरानी टोला बाल भरत मिलाप कमेटी का मुकुट पूजन सम्पन्न हुआ

**मीरजापुर ।** नगरपालिका अध्यक्ष श्री श्याम सुंदर केशरी जी ने मुकुट पूजन किया । कार्यक्रम का संचालन भरत मिलाप कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रवीण दुबे जी ने किया । महामंत्री राजेश गोंड व कोषाध्यक्ष आदित्य गर्ग नियुक्त हुए । इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष शिखा अग्रवाल, सलिल पाण्डेय जी, मनमोहन गर्ग जी, दुर्गा प्रसाद यादव जी, महिला प्रमुख पूनम केशरवानी, साधना गुप्ता, पूनम चौरसिया, आनंद उपाध्याय जी, संदीप द्विवेदी जी, किशुन उमर, श्रीश व्यास, ओमकान्त त्रिपाठी व संदीप श्रीवास्तव उपस्थित रहे । इस वर्ष देवोत्थानी एकादशी का भव्य भरत मिलाप 1 नवम्बर दिन शनिवार को सायं 6 बजे से आरंभ होगा ।

## विश्वविद्यालय की श्रेष्ठता सूची में राजकीय महाविद्यालय चुनार के विद्यार्थियों का जलवा

**चुनार मिर्जापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार मीरजापुर के छात्र-छात्राओं ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के विभिन्न विषयों की श्रेष्ठता सूची में स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। स्नातकोत्तर वर्ग में गणित विषय की श्रेष्ठता सूची में सोनम सिंह ने द्वितीय स्थान, रसायन विज्ञान में आरती यादव ने सातवां स्थान,जन्तु विज्ञान में उम्मे हबीबा ने सातवां स्थान,अंग्रेजी विषय में राजर्षि मिश्रा ने चौथा स्थान एवं श्रुति सोनकर ने दसवां स्थान तथा अर्थशास्त्र विषय में मनीष कुमार विश्वकर्मा ने दसवां स्थान प्राप्त किया है। इस परिणाम से महाविद्यालय एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) माधवी शुक्ला ने विश्वविद्यालय की श्रेष्ठता सूची में स्थान प्राप्त सभी छात्र- छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान किया।

## आईटीआई में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं को दी गयी वित्तीय जानकारी

**प्रतापगढ़।** व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतापगढ़ में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओ,युवतियों को वित्तीय प्रवन्धन हेतु रूपेश यादव शाखा प्रबन्धक एवं मीना पाल सहायक प्रबन्धक एसबीआई भंगवा चुंगी द्वारा वित्तीय जानकारी दी गई। इस अवसर पर आईटीआई के नोडल प्रधानाचार्य आलोक कुमार द्वारा बताया गया कि वित्तीय प्रबन्धन का अर्थ है किसी संगठन के वित्तीय संसाधनों की योजना बनाना, उन्हें व्यवस्थित करना और नियंत्रित करना ताकि उसके लक्ष्यों को कुशलतापूर्वक प्राप्त किया जा सके। इसमें धन के प्रवाह, नकदी प्रवाह का प्रबन्धन, बजट बनाना, निवेश निर्णय लेना और जोखित कम करना जैस कार्य शामिल हैं।इसका उद्देश्य कम्पनी की वित्तीय स्थिरता और लाभप्रदता को बढ़ाना होता है। वित्तीय प्रबन्धन एक व्यावसायिक कार्य है जिसमें अल्पावधि और दीर्घावधि व्यवसाय हेतु धन की आवश्यकता का अनुमान लगाना है। कार्यक्रम में मंजीत, पुष्पा, अलका यादव, सारिका, मोहिनी आदि अनुदेशक एवं प्रशिक्षण केन्द्र के समस्त स्टॉप उपस्थित रहे।

# मण्डलायुक्त ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड राजस्व से सम्बन्धित योजनाओं की समीक्षा बैठक कर प्रगति के बारे में ली जानकारी

**●32 मदो, योजनाओं में मण्डल को ए श्रेणी प्राप्त, बी0 व सी0 श्रेणी वाले अधिकारी अगले माह प्रगति में सुधार लाते हुए ए श्रेणी लाना करे सुनिश्चित -मण्डलायुक्त**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड राजस्व से सम्बन्धित योजनाओं की समीक्षा बैठक आहूत की गई। समीक्षा में 32 मदो/योजनाओं में मण्डल को ए श्रेणी प्राप्त हुआ हैं। मण्डलायुक्त ने बी0 व सी0 श्रेणी प्राप्त करने वाले अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अगली बैठक में ए श्रेणी लाने का निर्देश दिया। जिन मदो/योजनाओं में ए श्रेणी प्राप्त है यथा- डिजिशक्ति, राइट आफ वे, उत्पन्न राजस्व बनाम लक्ष्य, लो रिस्क भवनों के मानचित्रो की स्वीकृति, हाई रिस्क भावनों के मानचित्रो की स्वीकृति, पेट्रोल पंपों का सत्यापन मुद्रांकन, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना, मंडी आय, मंडी आवक, औषधि विक्रय लाइसेंस, संकलित नमूना एवं कृत कार्रवाई औषधि, संकलित नमूना एवं कृत कार्रवाई खाद्य, एनएफएसएईपीडीएस लाभार्थी, अमृत 2, संपत्ति नामांतरण, ट्रेड सर्टिफिकेट जारी करना, एलओआई के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया, लक्ष्य के सापेक्ष प्रवर्तन कार्यवाही, कृषि भूमि से गैर कृषि भूमि, अधिवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, ई खसरा खरीफ, ई खसरा रवि, एकीकृत आपदा राहत प्रबंधन, जाति प्रमाण पत्र, धारा 89, धारा 98, निर्विवाद उत्तराधिकार, भू आवंटन पट्टा डैशबोर्ड, साल्वेंसी सर्टिफिकेट, मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष, भूतपूर्व सैनिकों हेतु परिचय हेतु आनलाइन सेवाएं ए श्रेणी प्राप्त है।

बैठक में मण्डलायुक्त को अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय मीरजापुर के द्वारा सही जानकारी न दिए जाने पर चेतावनी जारी करने का निर्देश अपर आयुक्त प्रशासन को दिया। बैठक में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान प्रगति सही न होने पर मण्डलायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि अगली बैठक मे किस लाभार्थी को कितनी किश्त व कितना निर्माण हुआ है सभी की फोटोग्राफ के साथ अगली बैठक में लाना सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त ने मण्डल के सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित करते हुए शत प्रतिशत राजस्व प्राप्ति सुनिश्चित की जाए तथा समय-समय पर प्रवर्तन कार्यवाही भी करें। तत्पश्चात मण्डलायुक्त द्वारा चकबन्दी विभाग अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमो की समीक्षा की गई। मण्डलायुक्त ने कहा कि पुराने मुकदमो का अधिक से अधिक निस्तारण करते हुए जिन गांवो में चकबन्दी प्रक्रिया प्रचलित है वहां तेजी से पूर्ण कराए तथा धारा-52 का प्रकाशन कराएं। बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन डॉ विश्राम, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 मीरजापुर अजय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 भदोही, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 सोनभद्र, अपर जिलाधिकारी भू0/रा0 मीरजापुर देवेन्द्र प्रताप सिंह, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी मीरजापुर अशोक कुमार त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर गोवा लाल सहित सम्बन्धित मण्डलीय व जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# समुद्र तट पर रामेश्वरम् महादेव जी की स्थापना

**●ब्रह्म शक्ति का प्रयोग कर लक्ष्मण हुए मूर्छित**

**रामादल में शोक की लहर, प्रभु श्री राम हुए व्याकुल**

**हनुमान जी चले संजीवनी बूटी के लिए प्रस्थान**







स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**विंध्याचल।** विंध्य धाम क्षेत्र के मोतीझील मार्ग स्थित मां विंध्यवासिनी सेवा समिति कोलकाता के भंडारा परिसर में चल रही श्री विंध्य प्राचीन रामलीला कमेटी की रामलीला में वृहस्पतिवार की रात को लक्ष्मण शक्ति के प्रसंग का मंचन किया गया। लीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री विन्ध्य पंडा समाज कोषाध्यक्ष तेजन गिरी ने श्रीराम-लक्ष्मण व हनुमान जी की आरती कर किया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री रामचंद्र के कार्य में किसी भी तरह से कोई बाधाएं ना हो जिसके लिए समान तन मन धन से पंडा समाज सदैव तत्पर रहेंगे, तथा समिति के संरक्षक प्रकाश चंद पांडे एवं निरीक्षक त्रिलोकी उपाध्याय द्वारा अंग वस्त्र एवं मां विंध्यवासिनी माता का चित्र भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत एवं सम्मान किया गया । तत्पश्चात रामलीला के क्रम में प्रभु श्रीराम समुद्र तट पर रामेश्वरम् महादेव जी की स्थापना कर पूजा अर्चन करते हैं। नल एवं नील के सहयोग से समुद्र में सेतु का निर्माण होता है और श्रीराम सहित अपने वानर सेना लेकर लंका में प्रवेश करते हैं। जब इसकी जानकारी रावण को होती है, तो वह युद्ध के लिए घोषणा कर देता है। मगर प्रभु ने रावण को एक और मौका देते हैं और अंगद को रावण के दरबार में दूत बनाकर भेजते हैं। कहते हैं कि आप जानकी को प्रभु को लौटा दे और अपने को प्रभु चरणों में सिर झुका कर माफी मांग ले। इतना सुनते ही रावण क्रोधित हो जाता है और अंगद को बंदी बनाने के लिए आदेश देता है। युद्ध के मैदान में मेघनाथ लक्ष्मण से युद्ध करने आता है। जब मेघनाथ लक्ष्मण से जीत नहीं पाया तो ब्रह्म शक्ति का प्रयोग कर लक्ष्मण को मूर्छित कर देता है। रामा दल में शोक की लहर दौड़ गई प्रभु श्री राम व्याकुल अवस्था में छोटे भाई को गोद में लेकर निहारते रहे उन्हें जीवित करने उपाय के बारे में सबसे वृद्ध जामवंत जी से सलाह लेते हैं,तब भभीषण ने बताया कि लंका में सुशैन वैद्य को अगर बुलाकर नाड़ी का परीक्षण किया जाए तो कोई उपाय होंगे प्रभु श्री राम जी से आज्ञा लेकर हनुमान जी वैद्य को लेकर आए उन्होंने सजीवन बूटी से उपचार के उपाय बताएं प्रभु श्री राम की आज्ञा पाकर हनुमान जी संजीवनी बूटी लाने के लिए प्रस्थान कर गए यहीं से लीला समाप्त हुई। रामलीला में श्रीराम का किरदार कमल मिश्रा ने निभाया और लक्ष्मण की भूमिका में देवी दिक्षित हनुमान जी की भूमिका में निशु मिश्रा सुग्रीव की भूमिका में दिव्यांश मिश्रा अंगद की भूमिका में उत्सव पांडेय, राजा रावण की भूमिका में प्रशांत द्विवेदी, मेघनाथ की भूमिका में गिरजेश द्विवेदी, प्रहस्थ की भूमिका में प्रकाश चंद पांडेय, विभिषण की भूमिका में इन्द्र सैन, सुशैनवैद्य पशुपतिनाथ मिश्रा ,व्यास गोपीनाथ मिश्रा बने। मंच का संचालन आदर्श उपाध्याय ने किया। इस दौरान रामलीला समिति के संरक्षक प्रकाश चंद पांडेय, अध्यक्ष संगम लाल त्रिपाठी, मंत्री आदर्श उपाध्याय, उपाध्यक्ष पशुपतिनाथ मिश्रा व रामेश्वर त्रिपाठी, कार्यक्रम संयोजक देवी दिक्षित व शिखर गिरी,कार्यक्रम निरिक्षक त्रिलोकी उपाध्याय, मिडिया प्रभारी संतोष कुमार उर्फ रिंकू तथा समिति के प्रमुख रूप से धीरेंद्र पांडेय,अमन सिंह, मुन्ना बाबू मिश्रा, सहित पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद रहे।

# ग्राम चौपाल में फेमिली आई डी बनवाने के लिए प्रेरित किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गैपुरा, मिर्जापुर।** छानबे क्षेत्र के बघरा तिवारी एवं सिंधुरिया गावों में शुक्रवार को पंचायत भवन में संपन्न हुई चौपाल में एडीओ समाज कल्याण प्रेमचंद पटेल ने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आधार से मोबाइल नंबर लिंक रहना अनिवार्य है। 70 प्लस के ऊपर सभी का आयुष्मान कार्ड बनेगा। जिसका राशन कार्ड नहीं बना है उसकी फैमिली आईडी बनवाना जरूरी है। गाँव निवासी लालू यादव ने बताया कि कोटेदार घटतौली करते हैं। अधिकारियों ने जीरो पावर्टी का रजिस्टर कंप्लीट करने का निर्देश दिया। पात्र लोगों का बृद्धा विधवा व दिव्यांग पेंशन के लिए आवेदन कराने का निर्देश दिया। जल जीवन मिशन की पाइप लाइन बिछवाने तथा टोटी लगवाने के लिए आवेदन कराने के लिए कहा। मुनादी कराने के बाद फेमिली आईडी बनाने का निर्देश दिया। प्रधान जलालुद्दीन ने चौपाल की अध्यक्षता की। एडीओ आईएसबी श्याम नारायण सिंह विकसित भारत 2047 का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में शीघ्र आवेदन कराने के लिए प्रेरित किया गया। सेक्रेटरी अनुराग सिंह पंचायत सहायक अनिल चौहान ने मामलों को सूचीबद्ध किया। ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना फ्लाप साबित हो रही है। नलों की टोटियों से बूंद-बूंद पानी टपकता है। प्रधान जय देवी सेक्रेटरी राकेश तिवारी सुशील तिवारी ने भी चौपाल को संबोधित किया।

# हाथ की मेहंदी और रंगोली, मतदान जरूरी है यह बोली

**●अलग-अलग तरीकों से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपालगंज ( बिहार )-** कभी सुबह की प्रभात फेरी, तो कभी दिन की रैली.... कभी जमीन पर बनी रंगोली, तो कभी हाथों में रचाई गई मेहंदी.... कभी महिलाओं के लोकगीत तो कभी छात्रों के लिखे गए पत्र... सब और से एक ही संदेश आ रहे हैं कि मतदान जरूरी है. इस बार 6 नवंबर को मतदान जरूर करें. दरअसल स्वीप कोषांग की ओर से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अलग-अलग तरीकों को अपनाया जा रहा है. अलग-अलग विभागों के द्वारा अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है. इसी क्रम में शुक्रवार को कुचायकोट विधानसभा क्षेत्र के पंचदेवरी प्रखंड में महादेव जीविका समूह से जुड़ी दो दर्जन से अधिक महिलाएं इकट्ठा हुई और मनमोहक रंगोली बनाई. रंगोली में मतदाता जागरूकता के स्लोगन तथा मतदाता की तिथि 6 नवंबर को दर्शाया. इसके बाद हाथों पर मेहंदी रचाई और मेहंदी से छह नवंबर को लिखा. अंत में सभी महिलाओं ने मतदान का संकल्प लिया और कहा कि हम जागरूक महिला बन कर सबसे पहले मतदान करेंगे.

# भदोही में मिला श्री अन्न का संदेश, मोटे अनाज से होगा सेहत और समृद्धि का संगम

**●चित्रांगन लॉन ज्ञानपुर में सजा मिलेट्स मेला, किसानों ने जाना श्री अन्न की खेती का महत्व**

**जनपद भदोही में मोटे अनाज की वापसी, खेती होगी सस्ती, सेहत रहेगी मस्त**

**मिलेट्स मेले में गूँजा संदेश, श्री अन्न से स्वस्थ किसान, समृद्ध भारत**

**डीएम शैलेष कुमार की अध्यक्षता में भदोही में हुआ मिलेट्स मेला, किसानों को दी गई श्री अन्न की खेती की नई दिशा**

**भदोही में श्री अन्न क्रांति, मोटे अनाज से खुलेगा किसानों के लाभ का नया अध्याय**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही :-**राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय मिलेट्स मेला जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में चित्रांगन हाल ज्ञानपुर में आयोजित हुआ। किसान मेले को मुख्य अतिथि द्वारा स्टाल का अवलोकन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा वर्ष 2023-24 मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम को रेखांकित करते हुए बताया कि जनपद में मोटे अनाज को उत्पादित कर इसको बढावा दिया जा रहा है ताकि खेती की लागत कम हो और स्वस्थ अनाज का उत्पादन हो। जनपद में अब सांवा, कोदो, रागी, काकुन जैसे मोटे अनाज जो लुप्त हो गये हैं उनको पुनः शुरू किया जा रहा है। मोटे अनाज के सेवन से गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है और खेती की लागत भी कम होगी। मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल द्वारा श्री अन्न की खेती के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि इसके उत्पादन से जहाँ एक ओर मानव का स्वास्थ्य ठीक रहता है, वहीं प्राकृतिक का संतुलन भी बना रहता है और मृदा का स्वास्थ भी ठीक रहता है। पूर्व में श्री अन्न की खेती की जाती रही है, लेकिन पानी की सुविधा होने रासायनिक उर्वरक की उपलब्धता के कारण कम मात्रा में हो रही थी। अब जनपद में इसकी खेती अधिक मात्रा में कृषकों द्वारा बढ़ावा दिया जा रहा है। इनके द्वारा जैविक खेती के बारे में बताया गया कृषक पशु पालन करें, जिससे गोबर का खाद का उपयोग अपने खेतों में करके अधिक लाभ प्राप्त कर सकें। जिला विकास अधिकारी श्री ज्ञान प्रकाश द्वारा बताया गया कि कृषक श्री अन्न की खेती अधिक से अधिक क्षेत्र में करके लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इनके द्वारा विकसित उ0प्र0 2047 के बारे में कृषकों को जागरूक करते हुए अपील किया कि अधिक से अधिक कृषक अपना सुझाव आनलाईन करें, ताकि सरकार उनके हित में योजनाएं बनाकर उ0प्र0 को विकसित किया जा सके। हरि ओम मिश्र भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया गया कि विभाग में पंडित दीनदयाल योजना एवं खेत तालाब योजना चल रही है। इनके द्वारा बताया गया कि खेत तालाब योजना में 50 प्रतिशत अनुदान पर कृषक अपने खेत में तालाब बनवाकर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं इसके लिए कृषकों को अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इरम जिला कृषि अधिकारी द्वारा गोष्ठी में बताया गया कि सरकार रासायनिक उर्वरक की जगह परम्परागत खेती को बढ़ावा देने के लिए श्री अन्न योजना संचालित किया जा रहा है। इसके लिए कृषक अपने नजदीकी राजकीय कृषि रक्षा इकाई से बायो पेस्टीसाइड क्रय कर अपने खेतों में प्रयोग करके अधिक उत्पादन कर सकते हैं। जिला सूचना अधिकारी डॉ पंकज कुमार ने श्री अन्न की खेती के बारे में बताया गया कि इसके सेवन से लीवर, गैस, सुगर आदि बीमारियों नहीं होती है। कृषक अधिक उत्पादन कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। डा0 तारा चन्द बैरवा कृषि वैज्ञानिक के0वी0 के0 द्वारा श्री अन्न की खेती के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि श्री अन्न की खेती में सिंचाई की कम आवश्यकता पड़ती है और रासायनिक उर्वरक का प्रयोग नहीं होता है। किसान बिना किसी लागत के अच्छा उत्पादन कर सकते हैं। इसी संस्थान की कृषि वैज्ञानिक डा0 रेखा सिंह द्वारा बताया गया कि श्री अन्न का उपभोग करने से कई प्रकार की बीमारियों से मुक्ति मिल सकती है। इन्होंने श्री अन्न की रेसिपी की जानकारी देते हुए बताया कि ज्वार, बाजरा का लडडू बनाकर, कर, बाजरे की रोटी, बाजरे का चावल बनाकर सेवन किया जा सकता है। डा0 अश्वनी कुमार सिंह उप कृषि निदेशक द्वारा होने वाले लाभ और फसल उत्पादन पर पड़ने वाले प्रभाव को भी बताया गया। श्री अन्न के सेवन से बीपी, शुगर, एनीमिया आदि बीमारियाँ नहीं होती है। मेले में श्री अरूणेन्द्र कुमार चौबे, रामेश्वर सिंह, मल्लूराम बिन्द, राम अकबाल तिवारी उर्फ कण्डागुरू सहित बड़ी संख्या में किसानों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मेले में स्टाल के माध्यम से कृषकों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी ज्ञानप्रकाश, जिला उद्योग अधिकारी आशुतोष सहाय पाठक व अन्य कृषि वैज्ञानिक, किसान बंधु उपस्थित रहे। अन्त में अध्यक्ष महोदय की अनुमति से मेले का समापन किया गया।


# सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालिक निविदा सूचना

विकास खण्ड सीखड़, जनपद मीरजापुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचम/ केन्द्रीय वित्त आयोग की धनराशि से निम्नलिखित विवरण के अनुसार परियोजनाओं के कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति करने हेतु वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत फर्मो से अल्पकालिक निविदा आमंत्रित की जाती है। फर्मे एक या एक से अधिक कार्यो पर सामग्री आपूर्ति के लिये निविदा निम्न शर्ते पूर्ण करडाल सकती है। शर्ते- 1-कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सीखड़, मीरजापुर में दिनांक 18.10.2025 के प्रातः 10 बजे से दिनांक 28.10.2025 को दोपहर 11:00 बजे तक निविदा फार्म प्राप्त कर लिफाफा बन्द निविदायें डाली जा सकती है। 2- दिनांक 28.10.2025 को सायं 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी/ निविदा समिति के द्वारा फर्मो की उपस्थिति में (जो उपस्थित रहना चाहती हो) निविदायें खोली जायेगी। 3- जिस फर्म की दर सबसे कम होगी उसी की निविदा स्वीकृति की जाएगी। 4-निविदा की दरों में सभी करों को सम्मिलित करके ही दर उपलब्ध कराया जॉयं । 5-टेण्डर फार्म के साथ सामग्री अंश का 02 प्रतिशत अर्नेष्ट मनी की धनराशि एन.एस.सी./एफडीआदि के रूप में परियोजनावार अलग-अलग अधोहस्ताक्षरी के पदनाम बंधक कराकर जमा करना अनिवार्य होगा। साथ ही साथ जी0एस0टी0 के पंजीकरण, पैन कार्ड, आधार कार्ड, की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। 6-टेण्डर स्वीकृति होने के उपरान्त 08 प्रतिशत धनराशि धरोहर/जमानत के रूप में परियोजनावार एन.एस.सी./एफडी.आदि के रूप में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम बंधक कराकर जमा करना अनिवार्य होगा। 7-निविदा प्रपत्र फार्म की धनराशि रू0 1000.00 मात्र कार्यालय के कार्य दिवस में जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। 8-परियोजनाओं पर सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट-बढ सकती है। 9-टेण्डर की कार्यवाही सम्पन्न होने के उपरान्त लिखित रूप में स्वीकृति आदेश जारी होने पर ही परियोजनाओं पर सामग्री की आपूर्ति की कार्यवाही की जाएगी तथा जमानत की धनराशि के सापेक्ष ही सामग्री की आपूर्ति परियोजना वार आई0डी0 जेनरेट होने पर ही ली जायेगी। 10-अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। 11-अधोहस्ताक्षरी द्वारा विना कारण बताये किसी भी समय निविदा निरस्त की जा सकती है। 12-जी0एस0टी0 का भुगतान सम्बन्धित फर्म स्वयं करेगी तथा उसकी सूचना अधोहस्ताक्षरी को देगी। साथ ही साथ कमिश्नर,वाणिज्य कर, उत्तरप्रदेश लखनऊ के पत्र सं0 705 दिनांक 26.09.2018 के अनुसार 01 प्रतिशत की दर से एस0जी0एस0टी0 एवं 01 प्रतिशत की दर सेसी0जी0एस0टी0 कुल 02 प्रतिशत की कटौती अधोहस्ताक्षरी के द्वारा भी की जाएगी।13- टेंडर दाता मा0 प्रमुख क्षेत्र पंचायत सीखड़ के रिस्तेदार नहीं होने चाहिए ।

| क्र0 | परियोजना का नाम | प्रा0लागत | सामग्री अंश |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पं0 बसारतपुर के मझवा तरास में मेला मैदान से राजू सिंह के खेत तक सी0सी0 रोड का कार्य। | 7 | 5.98 |
| 2 | ग्राम पंचायत बटौआ में कछवा चुनार मार्ग से तेज बहादुर के खेत तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 9.98 | 7.87 |
| 3 | ग्राम पंचराव में कछवॉ चुनार मार्ग से नरायन गृहस्थ आश्रम तक मिट्टी एंव इण्टरलाकिंग कार्य। | 7.2 | 6.38 |
| 4 | ग्राम पंचायत हासीपुर में रामगढ सम्पर्क मार्ग से शिवधनी के घर से होते हुए कृपा मास्टर के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 4.74 | 4.19 |
| 5 | ग्राम सभा खैरा में टकटकपुर हासीपुर सम्पर्क मार्ग से सुमारू सिंह के खेत से शैलन्द्र सिंह के मशीन तक कट स्टोन व मिट्टी का कार्य। | 5.72 | 4.02 |
| 6 | ग्रा0पं0 सोनवर्षा में वशंबहादुर के खेत से पंकज सिंह वगैरह के खेत तक मिट्टी खड़जा कार्य। | 6.63 | 5.48 |
| 7 | ग्रा0पं0 सोनवर्षा मे सुशील सिंह वगैरह के खेत से अखिलेश सिंह के खेत तक मिट्टी खड़जा कार्य। | 6.55 | 5.41 |
| 8 | विकास खण्ड परिसर में कृषि विभाग की आवासीय विभाग का मरम्मत का कार्य। | 8.92 | 6.63 |
| 9 | ग्राम पंचायत मगरहा में शांहसाहपुर सम्पर्क मार्ग से त्रिभुवन पाण्डेय के घर तक इण्टरलाकिंग एंव नाली मरम्मत कार्य। | 2.51 | 2.02 |
| 10 | ग्राम पंचायत बटौआ में पुरनपट्टी सम्पर्क मार्ग से अल्लर सिंह के घर तक खंड़जा मरम्मत एंव पुलिया निर्माण कार्य। | 2.4 | 1.4 |
| 11 | ग्राम पंचायत मगरहा में मगरहा सम्पर्क मार्ग से विनोद के घर से होते हुए कमलेश के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 3.6 | 3.23 |
| 12 | विकास खण्ड परिसर में आर0ओ0 मशीन के स्थापना का कार्य। | 2 | 2 |
| 13 | ग्राम पंचायत बिठ्ठलपुर में महेन्द्र शर्मा के घर से सेचन गुप्ता के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 9.97 | 8.84 |
| 14 | ग्राम पंचायत बगहा में संजय सिंह के घर से अन्नपुर्णा भवन के सामने तक ह्यूम पाईप नाली निर्माण कार्य। | 9.97 | 8.84 |

आपूर्ति ली जाने वाली सामग्री-जैसे ईट, लोकल बालू, चोपन बालू, पत्थर चौका, सीमेन्ट, गिट्टी, ईट, इन्टरलाकिंक,कट स्टोन, साइन बोर्ड, इत्यादि । अन्य सामानों की जानकारी कार्यालय मे अवर अभियन्ता (ग्रा0अ0वि0/ल0सिं0) से प्राप्त की जा सकती है।

प्रमुख
क्षेत्र पंचायत- सीखड़

(रामजी मिश्रा)
खण्ड विकास अधिकारी
सीखड़, मीरजापुर।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रयागराज का मेला बना सांस्कृतिक महाकुंभ, देवी आराधना से लेकर लोकगीतों तक झूम उठा पूरा मैदान



ब्यूरो प्रयागराज। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की ऐसी झड़ी लगी कि हर कोई मंत्रमुग्ध रह गया। मंच पर लोकगीतों, नृत्यों और देवी आराधना की मनोहारी प्रस्तुतियों ने न सिर्फ मनोरंजन किया बल्कि भारतीय लोकसंस्कृति की आत्मा को जीवंत कर दिया। मेले के विशाल पंडाल में दर्शकों की भीड़ देर शाम तक डटी रही। किसी के हाथ में झूले की टिकट थी, तो कोई मिठाई और खिलौनों की थैली लिए परिवार संग मंच के सामने बैठा था। उत्सव का यह माहौल तब और अद्भुत बन गया जब मंच पर कंचन लाल यादव ने अपनी बिरहा प्रस्तुति से समूचे वातावरण को भावनाओं से सराबोर कर दिया। दर्शक तालियों की गड़गड़ाहट से गायक का उत्साह बढ़ाते रहे। इसके बाद लोकगायिका रागिनी चंद्रा ने अपनी मधुर लोक प्रस्तुतियों से ऐसा जादू जगाया कि दर्शक झूम उठे। वहीं शिव नारायण और उनके दल ने चकरी और घूमर नृत्यों से राजस्थान और उत्तर प्रदेश की लोक संस्कृति की झलक पेश की। रंगीन परिधानों, घूमते घाघरों और ढोलक की थाप ने मानो रेगिस्तान की रेत और गंगा किनारे की मिट्टी को एक साथ जोड़ दिया। शाम का मुख्य आकर्षण रहा देवी दुर्गा और महिषासुर के बीच महाकाव्य युद्ध को दर्शाने वाली भव्य नृत्य नाटिका। कलाकारों ने अपने अभिनय और नृत्य से यह दृश्य इतना जीवंत बना दिया कि दर्शक देर तक तालियां बजाते रहे। मेले की रोशनी, मिठाइयों की खुशबू, लोक धुनों की गूंज और भक्ति भाव से सजी यह संध्या प्रयागराज की सांस्कृतिक पहचान का अद्भुत उदाहरण बन गई। आयोजन समिति के अनुसार मेला 19 अक्टूबर तक चलेगा, और हर शाम इसी तरह नए रंग और नए सुर बिखेरता रहेगा।

### तेज रफ्तार से अनियंत्रित हुई बाइक ने किसान को रौंदा, चालक फरार

प्रयागराज जमुनापार। क्षेत्र के अन्तर्गत डांडो गांव में हुई सड़क दुर्घटना ने एक परिवार की सारी खुशियां छीन ली। गांव के मेहनतकश किसान नयन कुमार आदिवासी (35वर्ष) की तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना उस समय हुई, जब नयन कुमार खेरहट खुर्द गांव से अपने घर लौट रहे थे। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बिना नंबर की बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि नयन सड़क किनारे गिर गए और बेहोश हो गए। बाइक का अगला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी और नयन को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। वहीं से उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। नयन के मृत्यु की खबर मिलते ही परिवार वालों में कोहराम मच गया। पत्नी संगीता आर बार बेहोश होती जा रही है। तीनों छोटे बच्चे अमन(10वर्ष),राहुल(7वर्ष) और रोहित (4वर्ष) पिता का शव देखकर बिलख पड़े। परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से ही बेहद कमजोर है और यह खेती किसानी,और दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार चलाते थे। ग्रामीणों ने बताया कि नयन कुमार बेहद गंभीर,शांत और मिलनसार के साथ ही मेहनतकश व्यक्ति थे, जो हमेशा गांव के गरीबों की मदद के लिए सदैव आगे रहते थे। उनकी असामयिक मृत्यु से परिजनों सहित पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। दुर्घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर अक्सर तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन प्रशासन की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। रात में सड़क पर लाइट की कोई व्यवस्था भी नहीं है, जिससे राहगीरों को भय महसूस होता रहता है। थाना प्रभारी बारा विनोद सोनकर ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया है। जांच पड़ताल करने के बाद शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है।

### गैंगेस्टर रामनरेश को सजा

चित्रकूट: गैंगेस्टर के मामले में विशेष न्यायाधीश ने दोष सिद्ध होने पर आरोपी को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 20,000 रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी संगीता सिंह ने बताया कि बीती 18 अप्रैल 2014 को तत्कालीन कर्वी कोतवाली प्रभारी एसबी सिंह ने संग्रामपुर गांव के ठकुरदीन का पुरवा निवासी रामनरेश उर्फ नरेश के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कराया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी रामनरेश उर्फ नरेश को 10 वर्ष कठोर कारावास के साथ 20,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# बिहार चुनाव- महागठबंधन में सीटों पर सहमति, मुकेश सहनी को 15 सीटें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



ब्यूरो प्रयागराज। लंबी बातचीत के बाद, महागठबंधन ने गुरुवार (16 अक्टूबर) देर रात बिहार वि धानसभा चुनाव के पहले चरण के नामांकन की अंतिम समय सीमा से कुछ घंटे पहले अपने सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे पर सहमति बना ली। मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) की नाराज़गी दूर करने में महागठबंधन के नेताओं को काफी मेहनत करना पड़ी। मुकेश सहनी ने दो बार प्रेस कॉन्फ्रेंस करके टाल दिया। अंत में जब वो 15 सीटों पर मान गए, तो प्रेस कॉन्फ्रेंस पूरी तरह रद्द कर दी गई। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी), कांग्रेस और सीपीआई(एमएल) के बीच बातचीत गुरुवार देर रात तक चली। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अंतिम दौर की बातचीत के लिए बुलाया। काहलगांव, वैशाली और जाले की तीन सीटें आरजेडी और कांग्रेस के बीच विवाद का कारण बनी रहीं। कांग्रेस ने गुरुवार रात 48 उम्मीदवारों की सूची जारी की, जिसमें 24 पहले चरण और 24 दूसरे चरण के लिए हैं। इस सूची में पांच महिला उम्मीदवार, चार मुस्लिम, नौ अनुसूचित जाति और एक अनुसूचित जनजाति उम्मीदवार शामिल हैं। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कुटुंबा और विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने कदवा सीट से अपनी उम्मीदवारी बरकरार रखी। अन्य प्रमुख नामों में पटना साहिब से शशांक शेखर, नालंदा से कौशलेंद्र कुमार, मुजफ्फरपुर से बिजेंद्र चौधरी, गोपालगंज से ओम प्रकाश गर्ग, बेगूसराय से अमिता भूषण, खगड़िया से चंदन यादव, बक्सर से संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, औरंगाबाद से आनंद शंकर सिंह और हरनौत से अरुण कुमार बिंद शामिल हैं। कांग्रेस ने अपने 11 मौजूदा विधायकों को फिर से मैदान में उतारा है।

सीपीआई(एमएल) ने 2020 में 19 में से 12 सीटें जीतने के आधार पर अधिक सीटों की मांग की थी। सूत्रों के अनुसार, उसे एक अतिरिक्त सीट मिलने की संभावना है। यानी उन्हें 20 सीटें मिल रही हैं।

जब सहनी ने दोपहर में प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई, तो गठबंधन के सहयोगी एकजुट हुए। सूत्रों का कहना है कि आरजेडी सहनी की मांगों को मानने के मूड में नहीं थी, लेकिन सीपीआई(एमएल) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने गठबंधन को एकजुट रखने की वकालत की, भले ही इसके लिए एक-दो सीटों का त्याग करना पड़े। कांग्रेस ने भी इस रुख का समर्थन किया। गुरुवार दोपहर तक, आरजेडी के अड़े रहने पर सहनी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को पत्र लिखकर अपनी बात रखी। सहनी ने कहा कि उन्हें पहले 35, फिर 25 और अंततः 18 सीटों का वादा किया गया था। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा सीटों की संख्या का नहीं, बल्कि विचारधारा का है और वह "साम्प्रदायिक और विभाजनकारी ताकतों" के खिलाफ गठबंधन के साथ हैं। सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी के हस्तक्षेप के बाद आरजेडी ने वीआईपी को 15 सीटें देने पर सहमति जताई।

## कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे पर तीसरी बार फायरिंग, लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी

ब्यूरो प्रयागराज। भारतीय कॉमेडियन कपिल शर्मा के मशहूर रेस्तरां 'कैप्स कैफे' पर गुरुवार को तीसरी बार हमला हुआ है। कैफे के बाहर एक वाहन से अंधाधुंध फायरिंग की गई, जिसमें खिड़कियां टूट गईं और भवन की दीवारों पर गोलियों के निशान पड़ गए। कैफे बंद होने के कारण कोई हताहत नहीं हुआ। सोशल मीडिया पर इस घटना का वीडियो वायरल हुआ है। सरे पुलिस सर्विस यानी एसपीएस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह ड्राइव-बाय शूटिंग का मामला है, जिसमें हमलावरों ने वाहन से गुजरते हुए फायरिंग की। वीडियो फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि हमलावरों ने कैफे के सामने से तेज रफ्तार में गुजरते हुए कई राउंड फायर किए, जिससे कांच के शटर और दीवारें छलनी हो गईं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार एसपीएस के प्रवक्ता ने बताया, "हम फुटेज और गवाहों की तलाश में हैं। यह हमला संगठित अपराध का हिस्सा लगता है, और हम सभी संभावित लीड्स की जांच कर रहे हैं।" घटना गुरुवार को तब हुई जब कैफे बंद था और आसपास सन्नाटा पसरा हुआ था। वीडियो में एक काली एसयूवी जैसा वाहन कैफे के सामने रुकता है, जिसमें से कई लोग उतरते हैं और फ़ायरिंग शुरू कर देते हैं। क़रीब 10-15 सेकंड की इस फ़ायरिंग में कम से कम 20-25 गोलियाँ चलीं, जिससे कैफे का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने मौके से कई खोखे बरामद किए हैं, जो 9 एमएम पिस्तौल के लगते हैं।

## एयर इंडिया के पायलट के पिता और पायलट फेडरेशन ने अहमदाबाद दुर्घटना की न्यायिक जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। दिवंगत कैप्टन सुमीत सभरवाल के पिता पुष्कराज सभरवाल और भारतीय पायलट महासंघ ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर 12 जून को अहमदाबाद में एयर इंडिया की उड़ान संख्या,ड्171 के दुर्घटनाग्रस्त होने की, जिसमें 260 लोग मारे गए थे, सर्वोच्च न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में अदालत की निगरानी में जाँच कराने की माँग की है। 22 सितंबर को, शीर्ष अदालत ने कहा था कि दुर्घटना पर,ढ्ढक्की प्रारंभिक रिपोर्ट के कुछ पहलुओं से पायलटों की ओर से चूक का संकेत मिलता है, और उसने एक स्वतंत्र, निष्पक्ष और शीघ्र जाँच की माँग वाली एक अन्य याचिका पर केंद्र और नागरिक उड्डयन महानिदेशक (DGCA) को नोटिस जारी किए थे।91 वर्षीय पुष्कराज सभरवाल ने इस दुखद घटना की 'निष्पक्ष, पारदर्शी और तकनीकी रूप से मज़बूत' जाँच की माँग की है। याचिका में कहा गया है, "दुर्घटना के सटीक कारण की पहचान किए बिना, एक अधूरी और पूर्वाग्रह से ग्रस्त जाँच, भविष्य के यात्रियों के जीवन को खतरे में डालती है और व्यापक रूप से विमानन सुरक्षा को कमज़ोर करती है, जिससे संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन होता है।" एपी एंड जे चैंबर्स के माध्यम से 10 अक्टूबर को दायर की गई इस याचिका में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय, डीजीसीए और विमान दुर्घटना जाँच ब्यूरो (एएआईबी) के महानिदेशक को प्रतिवादी बनाया गया है और इस पर दिवाली की छुट्टियों के बाद सुनवाई होने की संभावना है। याचिका में विमानन और तकनीकी विशेषज्ञों वाली एक स्वतंत्र समिति के गठन के निर्देश देने की माँग की गई है ताकि इस दुर्घटना की जाँच की जा सके जिसमें 229 यात्री, 12 चालक दल के सदस्य और 19 जमीन पर मौजूद लोग मारे गए थे। विमान अहमदाबाद से लंदन गैटविक के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन कुछ ही मिनटों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और रनवे के अंत से एक समुद्री मील से भी कम दूरी पर स्थित बीजे मेडिकल कॉलेज के छात्रावास पर गिर गया। मलबा लगभग 1,000 गुणा 400 फीट के क्षेत्र में बिखरा हुआ था, जो उच्च-ऊर्जा प्रभाव का संकेत देता है।

## पीएचडी के लिए प्रवेश परीक्षा सम्पन्न

चित्रकूट: महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा संपन्न हुई। कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्थाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया। प्रवेश समिति अध्यक्ष प्रो एचएस कुशवाहा ने बताया कि ओएमआर शीट पर अभ्यर्थियों ने लिखित परीक्षा दी। विज्ञान और पर्यावरण संकाय में बनाए गए परीक्षा केंद्र का अधीक्षक प्रो एसके चतुर्वेदी को तथा ग्रामीण विकास और प्रबंधन संकाय में बनाए गए परीक्षा केंद्र का अधीक्षक प्रो अमरजीत सिंह को बनाया गया था। इसके साथ ही प्रत्येक कक्ष में कक्ष निरीक्षक भी नियुक्त किए गए थे। बताया कि 20 विभिन्न विषयों में पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षा संपन्न हुई। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के बाद प्रवेश के लिए संपन्न लिखित परीक्षा परिणाम यूनिवर्सिटी वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा। परीक्षा में मध्य प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार सहित कई राज्यों के अभ्यर्थियों ने सहभागिता की।

## हरिओम के परिवार से मिलने के बाद योगी सरकार पर गरजे राहुल गांधी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को फतेहपुर जिले में हरिओम वाल्मीकि के परिवार से मुलाकात की। मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने देश में दलितों पर हो रहे अत्याचारों पर गहरी चिंता जताई. राहुल गांधी ने कहा कि पूरे देश में दलितों की हत्या और बलात्कार की घटनाएं बढ़ रही हैं. उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की कि वे हरिओम के परिवार की रक्षा करें. राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि परिवार को धमकाकर वीडियो बनाया गया कि वे उनसे नहीं मिलना चाहते।

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार के लोग परिवार को धमका रहे हैं और उन्हें उनसे मिलने से रोक रहे हैं. उन्होंने कहा कि परिवार को बंधक बनाकर रखा गया है. राहुल ने बताया कि परिवार ने उन्हें जानकारी दी कि उनकी बेटी का ऑपरेशन होना जरूरी है, लेकिन सरकार ने उन्हें घर में बंद कर दिया है, जिससे इलाज में देरी हो रही है. उन्होंने कहा, "हमारी पूरी कोशिश है कि हम इनकी मदद कर सकें. हम न्याय की मांग कर रहे हैं, लेकिन परिवार को घर से बाहर निकलने नहीं दिया जा रहा।"

राहुल गांधी ने कहा कि मेरे पहुंचने से पहले परिवार को धमका कर वीडियो बनाया गया कि वे उनसे नहीं मिलना चाहते. लेकिन मैंने उनसे मुलाकात की और उन्होंने कहा कि सरकार के लोगों ने जबरन वीडियो बनवाया. इस घटना को लेकर योगी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि ऐसी स्थिति में परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है. उन्होंने दावा किया कि हरिओम की हत्या के बाद से परिवार को लगातार परेशान किया जा रहा है. कांग्रेस नेता ने वादा किया कि वे इस मामले को उठाते रहेंगे और परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

## मंत्री को सबक सिखाने वाले एक ईमानदार जज का सत्ता के इशारे पर हुआ ट्रांसफर!

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



ब्यूरो प्रयागराज। 14 अक्टूबर 2025 को हुई कोलेजियम की बैठक में, सरकार द्वारा की गई पुनर्विचार की मांग पर विचार करते हुए यह निर्णय लिया गया कि – मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अतुल श्रीधरन को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की बजाय इलाहाबाद हाईकोर्ट में ट्रांसफर करने की सिफारिश की जाती है। इसका मतलब यह हुआ कि पहले कोलेजियम ने जस्टिस अतुल श्रीधरन को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट भेजने की सिफारिश की थी, लेकिन केंद्र सरकार ने इस पर पुनर्विचार का आग्रह किया। अब कोलेजियम ने नया फैसला लेकर उनका ट्रांसफर इलाहाबाद हाईकोर्ट के लिए कर दिया है। जस्टिस अतुल श्रीधरन को जम्मू-कश्मीर से तब ट्रांसफर कर दिया गया था, जब वे मुख्य न्यायाधीश बनने वाले थे (आरोप है कि उनके उदारवादी रुख के लिए)। अब उन्हें मध्य प्रदेश से भी ट्रांसफर कर दिया गया (भाजपा के विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश देने के कारण, जिन्होंने मुसलमानों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी)।

जस्टिस अतुल श्रीधरन का स्थानांतरण एक ऐसा विषय है जिसने न्यायपालिका की स्वतंत्रता और कोलेजियम प्रणाली पर फिर से सवाल खड़े किए हैं। मध्य प्रदेश में नंबर 2 के न्यायाधीश रहे श्रीधरन ने सोफिया कुरैशी के अपमान के मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए एक साहसिक कदम उठाया था, जिसके बाद उनका स्थानांतरण हुआ।

कोलेजियम ने जस्टिस अतुल श्रीधरन के स्थानांतरण की सिफारिश क्यों की? श्रीधरन ने मध्य प्रदेश के मंत्री द्वारा सोफिया कुरैशी के अपमान के मामले में स्वतः संज्ञान लिया था, जो एक संवेदनशील मुद्दा था। मोदी सरकार ने स्थानांतरण के स्थान पर पुनर्विचार क्यों मांगा? सरकार ने अनुरोध किया कि उन्हें छत्तीसगढ़ की बजाय उत्तर प्रदेश (जहां वे सीनियरिटी में 7वें नंबर पर होते) भेजा जाए, जबकि छत्तीसगढ़ में वे नंबर 3 होते और कोलेजियम का हिस्सा बनते।

कोलेजियम सरकार के अनुरोध पर सहमत हुआ, क्या इसका मतलब है कि वे उन्हें मध्य प्रदेश से हटाना चाहते थे, किसी विशिष्ट हाईकोर्ट में भेजने की विशेष मंशा नहीं थी? यह सवाल न्यायपालिका की स्वतंत्रता और निर्णय प्रक्रिया पर ऐसा सवाल उठाता है जिसके उत्तर नदारद हैं।सत्ता के आगे सुप्रीम कोर्ट इस कदर बिका हुआ है कि कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने वाले एमपी के मंत्री के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेने वाले एक ईमानदार जज को आज इलाहाबाद ट्रांसफर कर दिया।ये उसी कॉलेजियम का फैसला है, जो जज बनाने बाभन, ठाकुर, बनिए को चुनता है-बगैर बैकग्राउंड देखे। सत्ता के इशारे पर। चाहे वह बीजेपी प्रवक्ता ही क्यों न रहा हो।

ये वही जज हैं, जिन्होंने एमपी में जातिगत अपराधों पर स्वतः संज्ञान लेकर कल सुनवाई की थी। करप्शन के दलदल में गले तक दबे न्यायपालिका में कुछ दिलेर जज ही बचे रह गए हैं। अब उनका भी हौसला टूटने लगा है। जस्टिस अतुल श्रीधरन ने जम्मू-कश्मीर हाइकोर्ट का चीफ जस्टिस बनने के मौके की परवाह न करते हुए इंसाफ और मज़लूमों को कानूनी संरक्षण का रास्ता चुना था।

## पति ही निकला हत्यारा,डेढ़ महीने पहले हुए लव मैरिज का खौफनाक अन्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



प्रयागराज। डेढ़ महीने पहले हुए लव मैरिज का खौफनाक अन्त हो चुका है। यहां 11 अक्टूबर को 6 दिन से गायब जिस रविता का शव 20 फिट गहरे गड्ढे में मिला था, उसका कातिल उसका ही पति निकला। खुलासा हुआ है कि वह मेला दिखाने के बहाने वह उसे ससुरखदेरी नदी के पास सुनसान जगह पर ले गया और फिर गला दबाकर हत्या कर शव को गड्ढे में फेंक दिया। एयरपोर्ट के कटहुला गांव निवासी किशनलाल की तीन बेटियों में सबसे छोटी बेटी रविता (22वर्ष) ने डेढ़ महीने पहले शाहपुर पीपलगांव निवासी राकेश कुमार (25वर्ष) से लव मैरिज की थी। राकेश ने बताया कि 5 अक्टूबर को दोनों मेला देखने रासरूपपुर गए थे, वहीं बैरिकेडिंग के पास वह रुक गया और रविता ने कहा कि वह सामान खरीदकर आती है। इसके बाद वहीं पर वह इंतजार करने लगा, लेकिन वह नहीं आई।5 दिन तक तलाश होती रही,और 11 अक्टूबर को सुबह 8 बजे ससुरखदेरी नदी के पास गड्ढे में उसका शव कीचड़ में धंसा हुआ मिला। इस मामले के खुलासे के लिए एसओजी को भी लगाया गया। हर एंगल से पुलिस ने जांच पड़ताल कराई, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। तब पुलिस को उसके पति पर ही शक होने लगा। पुलिस से पूछताछ में उसने बताया कि उसकी पत्नी से उसका बहुत सुन्दर रिश्ता बना हुआ था। इसी बीच एक पुलिसकर्मी ने कहा कि घटना के बाद से मृतका का मोबाइल भी गायब है। कॉल डिटेल में पता चला कि आखिरी बार रविता ने अपने घरवालों से बात किया था। ऐसे में साफ हो गया 4हत्या में किसी बाहरी व्यक्ति का कोई हाथ नहीं है। सख्ती से पूछताछ करने पर पति ने सारी बात कबूल दी। उसने बताया कि रविता का मोबाइल स्विच ऑफ कर पीपलगांव वाले घर पर रखा है। उसे मारने के इरादे से ही वह उसे मेला दिखाने ले गया था और लौटते समय सुनसान जगह पर उसका गला घोंट दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बेहद चुनौतीपूर्ण काम को मैनुअल सर्विलांस की मदद से खुलासा किया जा सका। छह दिन पुराना मामला होने के चलते मृतका का शव सड़ चुका था।केवल हुलिया और कपड़ों से पता चला कि वह उसीकी पत्नी रविता है।

## मुआवजे के विवाद में फंसी करछना पावर प्लांट योजना

प्रयागराज यमुनानगर (करछना)। मुआवजे के विवाद में करछना पॉवर प्लांट योजना करीब 15 वर्षों से फंसी हुई है। कई सरकारें आई और गई, लेकिन इस महत्वाकांक्षित योजना की शुरुआत नहीं हो सकी। जबकि पॉवर प्लांट के लिए किसानों को 64 करोड़ रुपए मुआवजे के तौर पर दिए जा चुके हैं। किसान अब नए सर्किल रेट पर मुआवजे की मांग कर रहे हैं। योजना के लिए करछना के 8 गांवों में करीब 273 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहीत की गई थी। भूमि के बदले करीब 1900 किसानों को 64 करोड़ रुपए मुआवजे के तौर पर दिए गए थे जिसमें करीब 32 किसानों ने मुआवजा नहीं लिया था लेकिन उनकी जमीन अधिग्रहीत कर ली गई थी। तब ये किसान कोर्ट चले गए थे। रिट दाखिल करने वाले किसानों में शामिल सुरेश पटेल का कहना है कि कोर्ट से उन्हें राहत मिल गई थी और किसानों के नाम वापस खतौनी में कर लिये गए थे। योजना के लिए करीब 11 करोड़ रुपए की लागत से अधिग्रहीत भूमि पर चहारदीवारी बनवाई गई थी और भूमि का सीमांकन करते हुए कई जगह पिलर लगाए गए थे। मौके पर अब कई जगह चहारदीवारी नहीं है, या तो तोड़ दी गई है। प्रशासन के सूत्रों का मानना है कि मुआवजा न लेने पर करीब 27 किसानों के नाम पर कोषागार में 50-60 लाख रुपए रेवेन्यू डिपॉजिट किया गया था। करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी योजना जस की तस पड़ी हुई है। वहीं जिन किसानों ने मुआवजा लिया था, वे अब नए सर्किल रेट से मुआवजा मांग रहे हैं। इसके लिए किसानों ने पिछले सप्ताह जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन भी दिया था।

## बिना ओपन हार्ट सर्जरी के बंद हुआ दिल का छेद-स्वरूप रानी अस्पताल ने रचा इतिहास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



ब्यूरो प्रयागराज। प्रयागराज स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय के कार्डियक कैथ लैब में डॉक्टरों की टीम ने चिकित्सा इतिहास में नया अध्याय जोड़ दिया। अस्पताल के कार्डियोलॉजिस्टों ने 21 वर्षीय युवक के दिल में मौजूद 6 मिमी के छेद (VSD) को बिना ओपन हार्ट सर्जरी के सफलतापूर्वक बंद कर दिया। प्रयागराज मंडल में यह अपनी तरह का पहला मामला है, जिसने चिकित्सा जगत में नई उम्मीदें जगा दी हैं।मरीज को पहले ओपन हार्ट सर्जरी की सलाह दी गई थी, जिससे वह और उसका परिवार बेहद चिंतित थे। लेकिन स्वरूप रानी चिकित्सालय के युवा कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. विमल निषाद और डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने आधुनिक तकनीक का प्रयोग करते हुए कैथ लैब में ही यह जटिल प्रक्रिया पूरी कर दी। इस प्रक्रिया में मरीज का सीना नहीं खोला गया, बल्कि एक पतली नली (कैथेटर) के माध्यम से हृदय तक पहुँचकर विशेष उपकरण से छेद को बंद किया गया। टीम में टेक्नीशियन ओमवीर और योगेश ने भी अहम भूमिका निभाई। विभागाध्यक्ष डॉ. पीयूष सक्सेना ने बताया कि यह प्रयागराज के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। अब ऐसे मरीजों को बड़े ऑपरेशन और लंबे रिकवरी पीरियड से नहीं गुजरना पड़ेगा। यह तकनीक सुरक्षित, सरल और अपेक्षाकृत सस्ती है। स्वरूप रानी अस्पताल अब उन चुनिंदा केंद्रों में शामिल हो गया है, जहाँ बिना ओपन हार्ट सर्जरी के जन्मजात दिल के छेद का इलाज संभव है। डॉ. विमल निषाद ने बताया कि यह प्रक्रिया काफी चुनौतीपूर्ण थी क्योंकि छेद बहुत नाजुक स्थान पर था। उन्होंने कहा कि हर कदम की सावधानीपूर्वक योजना बनानी पड़ी और डिवाइस का साइज व स्थिति तय करने में अत्यधिक सतर्कता बरती गई। "जब स्क्रीन पर छेद पूरी तरह बंद होता दिखाई दिया, वह पल पूरी टीम के लिए भावुक कर देने वाला था," उन्होंने कहा। मरीज के परिजनों ने भावुक होकर कहा–"डॉक्टरों ने हमारे बेटे को नई ज़िंदगी दी है। हमें लगा था कि बड़ा ऑपरेशन कराना पड़ेगा, लेकिन बिना सीना खोले ही सब हो गया। यह किसी चमत्कार से कम नहीं।"

## पत्नियों से पीड़ित पतियों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट से लगाई गुहार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक अजीबोगरीब याचिका दाखिल की गया है। कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया है कि अब पत्नियां पतियों को प्रताड़ित करने लगी हैं, उन्हें झूठे मामलों में फंसा देती हैं। ऐसे में अब सरकार को कानून बनाने की जरूरत है। हालांकि हाईकोर्ट ने मुद्दे को विचारणीय न मानते हुए याचिका खारिज कर दी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पतियों के उत्पीड़न और उन्हें झूठे मामलों में फंसाने पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर कानून बनाने वाली मांग को खारिज कर दिया। याचिका में पत्नियों से पतियों को सुरक्षित रखने की मांग की गई थी और कहा गया था कि बड़ी संख्या में पति अपनी पत्नियों से पीड़ित हैं। याचिका में इसे लेकर पतियों की सुरक्षा के लिए कानून बनाने की सरकार को कोर्ट से आदेश जारी करने की मांग की गई थी। यह आदेश चीफ जस्टिस अरुण भंसाली एवं जस्टिस क्षितिज शैलेन्द्र की खंडपीठ ने सीताराम नाम प्रचार-प्रसार संस्था चंदौली की तरफ से चंद्रमा विश्वकर्मा की जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद पारित किया। याचिका में पुरुषों की महिलाओं से सुरक्षा तथा अन्य प्रकार से सुरक्षा एवं उत्पीड़न से बचाव के लिए कानून बनाने की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया था कि अपनी मांग को लेकर देश के प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर भेजा गया है, परंतु उनके स्तर से इस मामले में कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। याचिका में कहा गया था कि औरतों के पक्ष में बने कानून ने उन्हें निष्ठुर बना दिया है। वे पतियों के प्रति अपराध कर रही हैं। दहेज हत्या के 90 प्रतिशत मामले झूठे हो रहे हैं, जिस कारण पति और उनके परिवार वाले परेशान हो रहे हैं। कहा गया है कि औरतें दुराचार के फर्जी मुकदमे दर्ज करा रही हैं। कहा गया था कि हिंदुओं में तलाक का आदेश कोर्ट से लेना बहुत आसान नहीं है।

### बड़ोखर से बसहा तक बहेंगी खुशहाली की धाराएं, नहर नवीनीकरण पर होगा बड़ा सुधार कार्य!

प्रयागराज। किसानों की समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए वार्ड क्रमांक 82 से जिला पंचायत सदस्य पद के प्रबल दावेदार प्रमोद कुमार तिवारी ने जनसुनवाई उत्तर प्रदेश के ऐप पर टूडियार पंप कैनाल से बड़ोखर तक बनी नहर की जर्जर स्थिति को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर सिंचपाल लघु डाल नहर खंड प्रयागराज के अभियंता वेद प्रकाश कुशवाहा ने मौके पर पहुंचकर नहर का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों के साथ स्वयं प्रमोद तिवारी भी मौजूद रहे और उन्होंने किसानों की वर्षों पुरानी मांगों को जोरदार ढंग से रखा।प्रमोद तिवारी ने कहा कि "नहर का तत्काल नवीनीकरण किया जाए, पाइपलाइन की रेंज को दो किलोमीटर तक बढ़ाया जाए और इसकी क्षमता में वृद्धि की जाए ताकि बड़ोखर, चिरांव, चंदापुर, भवानीपुर, मानपुर, अमिलिया, भारतीपुर, हंडिया और बसहा तक पानी पहुंच सके।" किसानों की इन समस्याओं को लेकर लगातार प्रयासरत प्रमोद तिवारी की पहल पर जांच अधिकारी ने भी सकारात्मक रुख अपनाया। उन्होंने आश्वासन दिया कि "इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा, ताकि नहर की मरम्मत और पानी की आपूर्ति का स्थायी समाधान निकाला जा सके।"ग्रामीणों ने भी प्रमोद तिवारी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि अगर यह योजना पूरी हुई, तो क्षेत्र के किसानों के खेतों में फिर से हरियाली लौट आएगी और खुशहाली की नई लहर दौड़ जाएगी।

## दीपावली से पहले बारा पुलिस की बड़ी कार्रवाई !81 किलो अवैध पटाखों के साथ युवक गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





प्रयागराज (बारा)। शुक्रवार को बारा थाना पुलिस को उस वक्त बड़ी सफलता मिली जब मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम गन्ने में छापा मारते हुए 81 किलो अवैध पटाखों के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया युवक मनोज अग्रहरी पुत्र बीरबल अग्रहरी निवासी गन्ने थाना बारा का बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए अभियुक्त मनोज अग्रहरी को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर तीन बोरियों में भरे कुल 81 किलो अवैध पटाखे बरामद किए गए। बरामदगी के आधार पर थाना बारा में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ में बड़ा खुलासा-अभियुक्त ने बताया कि वह आने वाले दीपावली त्यौहार के अवसर पर इन पटाखों को बेचने की तैयारी में था कि तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–मनोज अग्रहरी पुत्र बीरबल अग्रहरी, निवासी ग्राम गन्ने थाना बारा, प्रयागराज उम्र लगभग 20 वर्ष। बरामदगी का विवरण– तीन बोरी अवैध पटाखे कुल वजन 81 किलोग्राम अभियुक्त की निशानदेही पर बरामद कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम–उ0नि0 मयंक यादव का0 सौरभ सिंह का0 दीपू थाना बारा, कमिश्नरेट प्रयागराज)।

## संक्षिप्त खबरें

### किसान जागरूकता कार्यक्रम में पशुपालन संबंधी दी गई महत्वपूर्ण जानकारियाँ



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** बीते शुक्रवार को चौपारण में राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत पशु कृत्रिम गर्भाधान पर किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ए.आई. नेटवर्क झारखंड के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ. राजेश रोशन (एन.डी.डी.बी. डेयरी सर्विसेज) ने की। कार्यक्रम के दौरान किसानों को पशुपालन से जुड़ी अनेक उपयोगी जानकारियां दी गई। इनमें प्रमुख रूप से शामिल रहे – कृत्रिम गर्भाधान से होने वाले लाभ, पशुओं का समय पर टीकाकरण, कृमिनाशक दवाओं के उपयोग, मिनरल मिक्चर के सेवन से लाभ, एवं पशुओं की टैगिंग का महत्व। इसके अलावा नस्ल सुधार के माध्यम से डेयरी व्यवसाय के फायदे और पशु रोगों की पहचान एवं उपचार के उपाय भी विस्तार से बताए गए सभी जानकारियां पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन एवं वीडियो डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में चौपारण प्रखंड के विभिन्न गांवों से आए किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान अच्छा कार्य करने वाले MAIT को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर प्रोजेक्ट सुपरवाइजर सतीश कुमार, दिलीप कुमार एवं सत्यम विश्वकर्मा . एमपी वर्मा call 8521754424 सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

### केंद्रीय कमेटी सदस्य उपासना मरांडी की पहल से बड़ा सिंहपुर यादव टोला में लगा नया ट्रांसफार्मर



**पाकुड़िया, पकुड़, झारखंडः-** महीनों से अंधेरे में डूबे बड़ासिंहपुर पंचायत के यादव टोला के लोगों के घरों में आखिरकार रोशनी लौट आई। झामुमो केंद्रीय कमेटी सदस्य उपासना मरांडी की पहल पर गुरुवार को यादव टोला में नए 63 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाए गए। बड़ासिंहपुर के यादव टोला का ट्रांसफार्मर करीब एक महीने से खराब था, जिससे ग्रामीणों को रातें अंधेरे में गुजारनी पड़ रही थीं। ग्रामीणों ने अपनी परेशानी उपासना मरांडी को बताया उपासना जी ने तुरंत बिजली विभाग को कार्रवाई का निर्देश दिया। गुरुवार को विभाग की टीम ने बड़ा सिंहपुर के यादव टोला में नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया। रोशनी लौटते ही ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने उपासना दीदी के प्रति आभार जताया और कहा कि इस कदम से उनका भरोसा और मजबूत हुआ है। उपासना मरांडी जी ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और आगे भी हर गांव तक बेहतर सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा।

### मिर्ज़ाचौकी थाना में iRAD/eDAR संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**साहेबगंज, झारखंडः-** जिले के मिर्ज़ाचौकी थाना में शुक्रवार को iRAD/eDAR पोर्टल से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, त्वरित डाटा प्रबंधन एवं सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान eDAR पोर्टल के माध्यम से दुर्घटना पीड़ितों को शीघ्र मुआवज़ा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही यह निर्देश दिया गया कि सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित सभी आंकड़ों का एंट्री iRAD/eDAR पोर्टल पर ससमय एवं ऑन द स्पॉट किया जाए, ताकि डेटा की सटीकता एवं कार्रवाई की गति सुनिश्चित हो सके। प्रशिक्षण में एल्कोहल ब्रेथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की जांच की प्रक्रिया, Hit and Run मामलों के प्रबंधन से संबंधित दिशा-निर्देश, तथा Good Samaritan (नेक नागरिक) से संबंधित प्रावधानों पर भी विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर मिर्ज़ाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव, थाना के पुलिस पदाधिकारीगण एवं iRAD मैनेजर मनोज कुमार उपस्थित थे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के कला शिक्षक का कला को समर्पित जीवन, राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान

**●कला को जीने की कला सिखाते हैं ललन यादव**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के कला शिक्षक ललन यादव ने कला के क्षेत्र में अपने अनूठे कार्य और समर्पण से न सिर्फ विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कला को जीवंत रूप देने और विद्यार्थियों में उसकी चेतना जगाने के लिए वे निरंतर कार्यरत हैं। इसी कड़ी में रांची में आयोजित गार्गी सम्मान 2025 और बनारस में आयोजित कला सम्मान से उन्हें हाल ही में सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार मैढ़ ने प्रार्थना सभा के दौरान उन्हें सम्मानित करते हुए कहा कि ललन यादव ने न केवल कला को जीने की कला सीखी है, बल्कि उसे दूसरों को सिखाने का भी अद्भुत कार्य किया है। उन्होंने कहा कि ललन यादव के प्रयासों से विद्यार्थियों में कला के प्रति रुचि और संवेदना दोनों का विकास हो रहा है।

**अगेड़िया जनजाति की कला को सहेजने का प्रयास**

ललन यादव द्वारा तैयार की गई कला अभ्यास पुस्तिका झारखंड की समृद्ध लोक कला को सहेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस पुस्तिका के माध्यम से विद्यार्थी, कलाकार और कला प्रेमी अगेड़िया जनजाति की सांस्कृतिक धरोहर का अध्ययन कर सकते हैं। यह कला प्रकृति, लोक कथाओं, धार्मिक आस्थाओं और दैनिक जीवन की सुंदर झलक प्रस्तुत करती है।

**सोहराय पेंटिंग को दिया नया रूप**

प्राचार्य डॉ. मैढ़ ने बताया कि ललन यादव ने झारखंड की पारंपरिक सोहराय पेंटिंग को नया रूप देते हुए कंटेंपरेरी सोहराय कला की नई शैली विकसित की है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास आने वाली पीढ़ियों को इस लोक कला से जोड़ने में सेतु का कार्य करेगा। सम्मान समारोह के दौरान प्राचार्य डॉ. मैढ़ ने विद्यार्थियों से कहा कि कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मा की भाषा है। हर कलाकार को अपनी कला में विविधता लाकर उसकी प्रासंगिकता बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपने जीवन के साथ-साथ दूसरों के जीवन में भी रंग भरता है, वही सच्चा कलाकार होता है। ललन यादव के इस समर्पण और सृजनशीलता ने न सिर्फ विद्यालय को गौरवान्वित किया है, बल्कि झारखंड की लोक कला को भी एक नई पहचान दी है।

# राजपोखर पंचायत के शीतपुर गरम झरना की सुविधाओं को लेकर बीडीओ ने किया निरीक्षण, ग्रामीणों से हुई चर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़िया प्रखंड मुख्यालय से लगभग चार किलोमीटर दूर राजपोखर पंचायत अंतर्गत शीतपुर ग्राम स्थित प्रसिद्ध गरम झरना की सुविधा विस्तार को लेकर शुक्रवार, 17 अक्टूबर को पाकुड़िया प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी ने स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत की मुखिया एवं स्थानीय ग्रामीणों के साथ बैठक कर झरना तक पहुंच पथ, स्नान घाट एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की। निरीक्षण के दौरान प्रखंड सहायक अभियंता रोहित कुमार गुप्ता, आपूर्ति पदाधिकारी त्रिदीप शील, कृषि पदाधिकारी, पंचायत सचिव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। बीडीओ ने संबंधित विभागों को झरना क्षेत्र के सौंदर्यीकरण एवं मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ज्ञात हो कि शीतपुर का यह गरम झरना सदियों से निरंतर प्रवाहित होता आ रहा है और यह क्षेत्र की पहचान बन चुका है। विशेष रूप से मकर संक्रांति के पावन अवसर पर झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों से श्रद्धालु यहां पहुंचकर पवित्र स्नान एवं पूजा-अर्चना करते हैं। मकर संक्रांति पर यहां दो दिवसीय गरम झरना मेला का आयोजन होता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं। प्रशासन की ओर से मेले के दौरान सिविल एवं पुलिस बल की विशेष व्यवस्था की जाती है, ताकि मेला शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। ग्रामीणों ने प्रशासन से झरना स्थल पर सड़क, चेंजिंग रूम, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की। वहीं, बीडीओ ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर कार्य आरंभ किया जाएगा, जिससे यह स्थल पर्यटन दृष्टि से भी विकसित हो सके।

# राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में जिले के दो विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** लखनऊ पब्लिक कॉलेजिएट में इंस्पायर अवार्ड मानक राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी और मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 13 से 15 अक्तूबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में बलरामपुर के दो छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दोनों छात्र-छात्राओं के मॉडल को खूब सराहा गया। राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी और मॉडल प्रतियोगिता में प्रदेश भर से कक्षा छह से 12 तक के 350 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बलरामपुर के कंपोजिट विद्यालय रमनगरा से कक्षा सात की छात्रा चांदनी यादव ने अपनी गाइड व शिक्षक प्रियंका श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सोलर वेजिटेबल कटर का उपयोगी मॉडल प्रस्तुत किया। चांदनी ने रसोइया की सहायता के लिए बनाए गए इस मॉडल की खूबियां भी बताई। वहीं शिवपुरा ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय मोतीपुर कला के छात्र बबलू ने विज्ञान शिक्षक वीनू के निर्देशन में इजी टू क्लीन प्रोजेक्ट के तहत स्मार्ट वाटर टैंक का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी के दौरान विशेषज्ञों ने बच्चों के मॉडल पर कई प्रश्न पूछे, जिनका प्रतिभागियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया। कार्यक्रम प्रभारी व संयुक्त निदेशक शिक्षा विवेक नौटियाल ने बच्चों के नवाचार और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए सभी को सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किया। गाइड व शिक्षक प्रियंका श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतियोगिता का परिणाम राज्य स्तर से जल्द ही घोषित किया जाएगा। परिणाम के आधार पर छात्रों का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा।

# भीम आर्मी ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन, जातिवादी उत्पीड़न के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग

**●प्रदेश अध्यक्ष के आह्वान पर सभी जिलों में एक साथ राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया ज्ञापन**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रांची, झारखंडः-** झारखंड में भीम आर्मी ने शुक्रवार को जातिवादी उत्पीड़न के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान चलाते हुए एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय रविराज के आह्वान पर राज्य के सभी जिलों में एक साथ राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन स्थानीय उपायुक्तों को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने देशभर में बढ़ती जातिगत हिंसा और भेदभाव की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की और दोषियों के खिलाफ त्वरित व कठोर कार्रवाई की मांग की। इसमें हाल के कुछ चर्चित मामलों का भी उल्लेख किया गया है – जिनमें सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई पर जूता फेंकने का प्रयास, हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई. पुरन कुमार की आत्महत्या, और वकील अनिल मिश्रा द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी शामिल हैं। भीम आर्मी का कहना है कि ये घटनाएं देश में बढ़ते सामाजिक असंतुलन और दलित समुदाय के प्रति फैली गहरी मानसिकता को उजागर करती हैं।

प्रदेश अध्यक्ष संजय रविराज ने कहा कि ÷यह समय की मांग है कि सरकार जातिवादी अपराधों के खिलाफ सख्त कानून लागू करे और दोषियों पर उदाहरणात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करे। बाबा साहेब अंबेडकर के आदर्शों का सम्मान करना हर भारतीय का कर्तव्य है, और जो समाज में नफरत फैलाने का कार्य कर रहे हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाना चाहिए।÷उन्होंने स्पष्ट कहा कि भीम आर्मी जातीय समानता और सामाजिक न्याय के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी। यदि सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लेती, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। ज्ञापन में राष्ट्रपति से आग्रह किया गया है कि देशभर में हो रहे जातिवादी उत्पीड़न की घटनाओं पर विशेष निगरानी रखी जाए और दोषियों को सख्त सजा दी जाए। इस अवसर पर राज्य के सभी जिलों में भीम आर्मी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे और उन्होंने सामाजिक न्याय व समान अधिकारों के समर्थन में नारे लगाए।

# सोनभद्र पुलिस की साइबर टीम की बड़ी सफलता 1.45 लाख की ठगी गई पूरी धनराशि पीड़ित के खाते में वापस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र।** साइबर अपराधों पर नकेल कसते हुए, सोनभद्र पुलिस की साइबर टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर ठगी का शिकार हुए एक व्यक्ति के खाते में ?1,45,000/- (एक लाख पैंतालीस हजार रुपये) की संपूर्ण ठगी गई धनराशि वापस करा दी गई है। यह सफलता पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान का परिणाम है। थाना चोपन पुलिस के अनुसार, पीड़ित राहुल कुमार पुत्र रविन्द्र नाथ ठाकुर (मूल निवासी द्वारिकापुर, मुजफ्फरपुर, बिहार वर्तमान पता लोको कॉलोनी, चोपन, सोनभद्र) के साथ यह घटना 17 जुलाई 2025 को हुई थी। अज्ञात ठगों ने उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर ऑनलाइन ट्रेडिंग में भारी मुनाफे का झांसा दिया और उनसे 1,45,000/- की ठगी कर ली। पीड़ित ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 19 जुलाई 2025 को राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (cybercrime.gov.in) के माध्यम से अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज कराई थी। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना चोपन की साइबर टीम ने तुरंत एक्शन लिया। साइबर टीम ने NCRP पोर्टल का अवलोकन कर पूरे मामले का बारीकी से विश्लेषण किया। टीम की तत्परता से कार्रवाई के चलते, ठगी गई धनराशि में से 95,000/- की राशि को जम्मू-कश्मीर राज्य स्थित एचडीएफसी बैंक के एक खाते में तुरंत होल्ड करा दिया गया। टीम ने NCRP पोर्टल से आवश्यक साक्ष्य संकलित किए और संबंधित बैंक शाखा से ईमेल के माध्यम से लगातार पत्राचार किया। इस प्रयास के फलस्वरूप, होल्ड कराई गई 95,000/- की धनराशि को क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा की उपस्थिति में आवेदक के मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस करा दिया गया। पुलिस ने बताया कि इस अंतिम रिकवरी से पूर्व, 23 अगस्त 2025 को भी आवेदक के मूल खाते में 50,000/- वापस कराए जा चुके थे। इस प्रकार, सोनभद्र साइबर टीम की अथक मेहनत से ठगी गई कुल 1,45,000/- की संपूर्ण धनराशि पीड़ित के खाते में वापस करा दी गई है।

धनराशि की वापसी से संतुष्ट होकर, आवेदक राहुल कुमार ने थाना चोपन की साइबर टीम के कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की है और पुलिस का आभार व्यक्त किया है। धनराशि वापस कराने वाली पुलिस टीम कुमुद शेखर सिंह, प्रभारी निरीक्षक, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र। का0 सुनील कुमार, साइबर हेल्प डेस्क, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र। सोनभद्र पुलिस ने इस सफलता के साथ ही आमजन से एक बार फिर साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहने की अपील की है। फर्जी ट्रेडिंग ऐप, व्हाट्सएप/टेलीग्राम ग्रुप, लाइक-रिव्यू-रेटिंग या घर बैठे रुपए कमाओ ' जैसे लालच में न आएं और किसी भी प्रकार का निवेश न करें। KYC अपडेट या बैंक खाता/मोबाइल नंबर बंद होने के नाम पर आने वाले किसी भी फर्जी कॉल, लिंक या मैसेज पर प्रतिक्रिया न दें। बैंक या सेवा प्रदाता से हमेशा उनकी अधिकृत वेबसाइट या कस्टमर केयर नंबर से ही संपर्क करें। यदि आप साइबर फ्रॉड का शिकार होते हैं, तो तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या cybercrime.gov.in पोर्टल पर लॉगिन कर अपनी शिकायत दर्ज करें।

# उम्मीद पोर्टल पर अपलोड होंगी शिया/सुन्नी वक्फ संपत्तियां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** शिया/सुनी वक्फ संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। प्रमुख सचिव अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ उत्तर प्रदेश संयुक्ता समद्दार ने वर्चुअल बैठक कर विभागीय समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि शिया और सुन्नी केंद्रीय वक्फ बोर्ड की संपत्तियों का विवरण निर्धारित समय में उम्मीद पोर्टल पर अपलोड किया जाए। सर्वे कमिश्नर वक्फ उत्तर प्रदेश की तरफ से जिले की शिया और सुन्नी वक्फ संपत्तियों के लिए समन्वयकों की सूची भी उपलब्ध कराई गई। इसमें डॉ. इकबाल, मोहम्मद सलीम, हसनन अली अबदी और शकील अहमद शामिल हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी व सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ यशवंत मौर्या ने बोर्ड द्वारा नामित मुतवल्ली एवं प्रशासकों के साथ बैठक कर मास्टर प्रगति की समीक्षा की। बैठक में सभी संबंधित मुतवल्ली और प्रशासकों को निर्देशित किया गया कि उन्होंने प्रशिक्षण के अनुसार जिले की शिया और सुन्नी वक्फ संपत्तियों का विवरण समय पर उम्मीद पोर्टल पर पंजीकृत और अपलोड करें। उन्होंने जिले के अन्य मुतवल्ली और आमजन से अपील की कि वे वक्फ बोर्ड द्वारा नामित मुतवल्ली/प्रशासकों के साथ समन्वय स्थापित कर संपत्तियों का विवरण पोर्टल पर दर्ज कराएं और उसकी एक प्रति जिला कार्यालय में उपलब्ध कराएं। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया वक्फ संपत्तियों की पारदर्शिता और सुरक्षित रिकॉर्ड सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है।

# पापा.... 6 नवंबर को वोट करने बूथ पर जरूर जाइएगा

**●छात्रों ने अभिभावक के पास पत्र लिखकर की वोट डालने की अपील**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपालगंज ( बिहार )**–6 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक हो, इसको लेकर हर स्तर पर प्रयास किया जा रहा है वोटरों से मतदान करने की अपील की जा रही है. स्कूली छात्र-छात्राएं भी अपने अभिभावक के पास पत्र लिख रहे हैं, जिसमें 6 नवंबर को हर हाल में वोट डालने की अपील कर रहे हैं. शुक्रवार को कटेया प्रखंड के अमेया पश्चिम में स्थित सरकारी स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने अभिभावक के नाम एक पत्र लिखा. इस पत्र में उन्होंने अपने मां और पिता से अपील करते हुए लिखा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए आप मतदान जरूर करे. अपने लिए तथा अपने आने वाली पीढ़ी के लिए 6 नवंबर को बूथ पर जाएं और वोट डालें. प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम प्रखंड क्षेत्र के सभी स्कूलों में आयोजित किए गए हैं. वहीं चेतना सत्र में भी छात्रों को मतदान के महत्व के बारे में बताया गया है. प्रभात फेरी निकालकर गांव के लोगों को भी वोट के प्रति जागरूक किया गया है. आगे भी ऐसे कार्यक्रम किए जाते रहेंगे.

# अनुशासनहीनता पर कोन ब्लॉक अध्यक्ष सुजीत यादव निष्कासित, संतोष पासवान बने नए अध्यक्ष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोन/सोनभद्र।** राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन, सोनभद्र ने संगठन की नीतियों और अनुशासन का उल्लंघन करने पर कोन ब्लॉक के अध्यक्ष सुजीत यादव उर्फ बुल्लू यादव के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सुजीत यादव को तत्काल प्रभाव से उनके पद से निष्कासित कर दिया गया है, और उनके स्थान पर ग्राम प्रधान संतोष कुमार पासवान को कोन ब्लॉक का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह फैसला 16 अक्टूबर 2025 को लिया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सुजीत यादव उर्फ बुल्लू यादव पर गंभीर अनुशासनहीनता और अपने अधिकार का दुरुपयोग करने के आरोप लगे हैं। संगठन ने पाया कि वह लगातार राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन की नीतियों के विपरीत कार्य कर रहे थे, जिससे संगठन की छवि और उद्देश्य प्रभावित हो रहे थे। जारी आदेश के अनुसार, निष्कासन की तिथि 16 अक्टूबर 2025 से ही सुजीत यादव के संगठन से संबंधित सभी अधिकार समाप्त माने जाएंगे। संगठन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अनुशासनहीनता और संगठन की मर्यादा भंग करने वाले किसी भी पदाधिकारी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सुजीत यादव के निष्कासन के बाद, संगठन की अनुशंसा और सर्वसम्मति से ग्राम प्रधान संतोष कुमार पासवान को कोन ब्लॉक, सोनभद्र का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन ने नए अध्यक्ष संतोष कुमार पासवान पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि उन्हें उम्मीद है कि पासवान अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे तथा राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन की मर्यादा को बनाए रखेंगे। यह संगठनात्मक फेरबदल दिखाता है कि राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन अपने सदस्यों और पदाधिकारियों के बीच अनुशासन बनाए रखने के लिए दृढ़ संकल्पित है। नए अध्यक्ष संतोष कुमार पासवान के सामने अब संगठन की गतिविधियों को मजबूती देने और कोन ब्लॉक के ग्राम प्रधानों के हितों की रक्षा करने की जिम्मेदारी होगी।

# जिला पंचायत बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत नरेन्द्र पाल सिंह ने बताया है कि जिला पंचायत प्रतापगढ़ के बोर्ड की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष माधुरी कुलदीप पटेल की अध्यक्षता मे जिला पंचायत के सभा भवन मे आहूत की गई, जिसमे कुल 07 प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये। मुख्यमंत्री जी द्वारा विकसित यू0पी0 2047 संवाद श्रृखला के अन्तर्गत विकसित उत्तर प्रदेश @ 2047 के संकल्प को प्राप्त करने हेतु समस्त उत्तर प्रदेश पोर्टल पर बहुमूल्य सुझाव एवं प्रदेश मे महिलाओं एवं बालिकों की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालम्बन हेतु मिशन शक्ति के विशेष अभियन्ता (फेज-5.0) के सम्बन्ध मे व्यापक चर्चा की गयी तथा मा0 सदस्यों/जनप्रतिनिधियों द्वारा विकसित यू0पी0 2047 बहुमूल्य सुझाव पार्टल पर साझा किये गये है। पुनम इंसान व खुशबू गौतम सदस्य जिला पंचायत एवं माधुरी पटेल अध्यक्ष ने महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध मे अपने विचार रखे। पूनम इंसान द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि महिला सशक्तिकरण से केवल एक परिवार का ही नही बल्कि जिले, राज्य तथा राष्ट्र का विकास होता है, इसके अतिरिक्त जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी तथा किसानों की समस्याओं के सम्बन्ध विस्तृत चर्चा की गई। बैठक मे विधायक बाबागंज विनोद कुमार सरोज, विधायक विश्वनाथगंज जीतलाल पटेल, सांसद प्रतिनिधि बी0एल0 वर्मा व कुँवर अक्षय प्रताप सिंह के प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह ''लाल साहब'', विधायक सदर प्रतिनिधि अरूण कुमार मौर्य आदि अतिरिक्त जनपद के समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कमज़ोरों की आवाज़,सामाजिक न्याय के प्रतीक यश:कायी डॉ. सोनेलाल पटेल



**सोनभद्र** -17 अक्टूबर 2025 डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिशन की एक बैठक अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें यश कई डॉक्टर सोनेलाल पटेल का परिनिर्माण दिवस पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई ! अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट ने कहा कि जिन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मान और अधिकार की ज्योति पहुँचाई,वंचितों, शोषितों और पीड़ितों को हक़ दिलाने की लो जलाई ऐसे महान क्रांतिकारी, व्यवस्था परिवर्तन के अग्रदूत को उनके परिनिर्वाण दिवस पर कोटि-कोटि नमन एवं श्रद्धांजलि ! आपका जीवन दर्शन हम सबके लिए प्रेरणा हैं।आपके दिखाए मार्ग पर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिशन जनसेवा और न्याय की राह पर निरंतर अग्रसर है। समानता, सम्मान और स्वाभिमान ही सोनेलाल जी के विचार की पहचान है। प्रदीप कुमार मौर्य एड ने कहा कि डॉक्टर सोनेलाल पटेल सामाजिक न्याय व व्यवस्था परिवर्तन के नायक थे। हम सभी को उनके कार्यों से प्रेरणा लेने की जरूरत है। दूसरी आजादी के महान नायक डा. सोनेलाल पटेल हम सभी के आदर्श हैं। डॉक्टर सोनेलाल पटेल हम सभी के लिए प्रेरणा श्रोत हैं, उनके बताए मार्ग पर चल कर ही समाज को मजबूत कर सकते हैं। संचालन - वरिष्ठ उपाध्यक्ष एड पवन कुमार सिंह ने किया ! श्रद्धांजलि सभा में राजेश कुमार मौर्य, राजेश कुमार यादव, टीटू गुप्ता, राकेश कुमार सिंह, वी पी सिंह, दसरथ यादव, सुरेश सिंह, कामता प्रसाद यादव,नवीन पांडेय, शाहनवाज आलम ख़ान, आकृति निर्भया, शैलेंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे !

### मिशन शक्ति के तहत 11वीं की छात्रा बनी एक दिन के लिए थाना प्रभारी



**रामपुर जौनपुर**- मिशन शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को रामपुर थाने में 11वीं कक्षा की छात्रा को शुक्रवार के दिन एक दिन की थानाध्यक्ष बनकर पुलिसिंग की जिम्मेदारी संभाली। इस दौरान छात्रा ने थाने की कार्यप्रणाली, महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों और पुलिस की ड्यूटी का बारीकी से अवलोकन किया। जानकारी के अनुसार, शासन के निर्देश पर मिशन शक्ति के तहत बेटियों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। रामपुर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार की देखरेख में जे.आर.पी.इण्टर कालेज की 11 वी छात्रा अनन्या मिश्रा को एक दिन का थानाध्यक्ष बनाया गया। छात्रा ने थाने के सभी विभागों का निरीक्षण किया और थाने में आने वाली जनसमस्याओं के निस्तारण की प्रक्रिया को समझा। रामपुर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि मिशन शक्ति फेज 5 कार्यक्रम के तहत अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं को सशक्त बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि ऐसी पहल से बेटियों में नेतृत्व की भावना विकसित होती है और वे भविष्य में समाज में अपनी भूमिका को बेहतर ढंग से निभा सकती हैं। छात्रा ने कहा कि यह उसके जीवन का प्रेरणादायी अनुभव रहा और अब वह आगे चलकर प्रशासनिक सेवा में योगदान देना चाहती है।

### आलू की सभी प्रजातियों पर 800 रूपये प्रति कुन्तल की छूट प्रदान की गयी

**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया है कि जनपद को 100 कुन्तल आलू बीज का आवंटन प्राप्त हुआ है। निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा सभी प्रजातियों की विक्रय दर पर रूपये 800 मात्र प्रति कुन्तल की छूट प्रदान की गयी है। पूर्व में दिये गये दर में संशोधन करते हुये आलू बीज कुफरी पुखराज आधारित प्रथम सीड साइज रूपये 2915 प्रति कुन्तल, कुफरी बहार आधारित द्वितीय सीड साइज रूपये 2710 प्रति कुन्तल व कुफरी बहार आधारित द्वितीय ओवर साइज रूपये 1985 प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है। आलू बीज का वितरण प्रथम आवक-प्रथम पावक के आधार पर किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी कटरा रोड प्रतापगढ़ पर किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते है।

# मनरेगा में फिर मची लूट, भुगतान के बाद धराशायी हुआ रपटा व सोखता गड्ढा

### ●कोन में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी ग्रामीण विकास योजना, जांच के नाम पर खानापूर्ति करने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश**- नव सृजित विकास खण्ड कोन में मनरेगा के तहत संचालित विकास कार्यों में भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण की पोल एक बार फिर खुल गई है। ग्राम पंचायत कुड़वा में छठ घाट जाने वाले मार्ग पर बना रपटा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। निर्माण के महज कुछ महीनों बाद ही यह एक तरफ से ढह गया। इसी तरह सोखता गड्ढा का निर्माण कराया गया था जो चंद महीनों में जगह जगह ध्वस्त हो गया जो स्वतः ही जाँच का विषय है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि भुगतान होने के बाद विभागीय अधिकारियों ने आंखें मूंद लीं, जिससे करोड़ों रुपये की योजना मज़ाक बनकर रह गई।मिली जानकारी के अनुसार रपटा का निर्माण अक्टूबर 2024 में कराया गया और भुगतान किया गया, लेकिन अक्टूबर में ही यह धराशायी हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि इस वर्ष बारिश सामान्य से अधिक हुई, फिर भी अवरोधक में पानी नहीं ठहरा। इससे स्पष्ट है कि निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग हुआ और निगरानी के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई गई।कोन ब्लॉक में इससे पहले भी तालाब में कोर वॉल का निर्माण कराया गया था, जो भुगतान से पहले ही गिर गया था। स्थानीय निवासी सुनील यादव सहित ग्रामीणों का कहना है कि कोन ब्लॉक क्षेत्र में मनरेगा योजनाओं में कमीशनखोरी का खेल खुलेआम चल रहा है जहाँ एक बार पोल फिर से खोल दिया है।ब्लॉक से लेकर संबंधित अधिकारी और ठेकेदारों की मिलीभगत से घटिया निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। जांच समितियां केवल औपचारिक दौरे कर खानापूर्ति करती हैं। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि कुड़वा पंचायत में हुए दोनों निर्माण कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी धन की बर्बादी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लग सके। संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए स्थानीय लोगों ने कहा कि छठ महा पर्व नजदीक आ रहा है जिससे व्रतियों को आने जाने में कठिनाईयों का सामना न करना पड़े जिसे तत्काल मरम्मत कराकर दोषी के खिलाफ कठोर कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

# सोनभद्र में विकास कार्यों में ढिलाई पर सख्ती सीएम डैशबोर्ड से सीडीओ ने की समीक्षा, कई अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र**/दिनांक 17 अक्टूबर, 2025। सोनभद्र जिले में विकास कार्यों की गति को तेज करने और पारदर्शिता लाने के लिए, मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) जागृति अवस्थी ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सीएम डैशबोर्ड (CM Dashboard) के माध्यम से एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की। सीडीओ ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्धारित लक्ष्य समय सीमा के अन्दर शत-प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाएं। बैठक के दौरान, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने विभिन्न विभागों के प्रदर्शन की बारीकी से जांच की। विकास कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता पाए जाने पर उन्होंने तत्काल सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए। इन अधिकारियों को जारी हुआ स्पष्टीकरण आर.एफ. (RF) और सी.आई.एफ. (CIF) फंड- फंड रिलीज करने में देरी और शिथिलता बरतने पर संबंधित अधिकारी को तत्काल स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश दिया गया। पर्यटन अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता आर.ई.डी. (RED), अधिशासी अभियन्ता जल निगम विकास कार्यों और हर घर नल योजना के क्रियान्वयन में सुस्ती बरतने पर इन अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश दिया गया। अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग (निर्माण खण्ड)- सड़कों के अनुरक्षण (रखरखाव) में शिथिलता पाए जाने पर उन्हें भी स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश दिया गया। सीडीओ ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी लोन योजना की प्रगति की भी विशेष रूप से समीक्षा की। उन्होंने उपायुक्त उद्योग एवं एल.डी.एम. (LDM) को निर्देशित करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण योजना के लाभार्थियों की पत्रावलियों (फाइलों) का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि युवाओं को जल्द से जल्द लाभ मिल सके। समीक्षा बैठक के अंत में, मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि विकास कार्यों, लाभार्थीपरक और जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति में तेजी लाई जाए।सीडीओ ने साफ किया कि अगर प्रगति में सुधार नहीं होता है, तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए, विभागीय कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को पत्राचार करना सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतपाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से हुई इस समीक्षा ने यह संकेत दिया है कि अब विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# दीपोत्सव व रंगोली में छात्राओं ने दिखाया जलवा

### ●पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक ने किया उत्साहवर्धन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**खेतासराय(जौनपुर)।** नगर के वासुदेव तपेश्वरी गर्ल्स इण्टर कॉलेज, भारती विद्यापीठ में दीपोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र देव पांडेय ने पूज्य वैद्य जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। छात्राओं द्वारा बनाए गए रंगोली और प्रज्ज्वलित दीपों का निरीक्षण किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को परिषद परीक्षा में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया और अपने शैक्षिक जीवन के अनुभवों को साझा किया। इसके बाद प्रतिभागी छात्राओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रारम्भ में विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता मिश्रा ने पुष्प गुच्छ देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। अंत मे विद्यालय के संरक्षक अनिल कुमार उपाध्याय ने सभी का आभार प्रकट किया । कार्यक्रम की प्रभारी वरिष्ठ प्रवक्ता विभा पांडेय, कला प्रवक्ता राजेश राव ने सफल आयोजन के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता सफिया खान, किश्वरी सुल्ताना, सुधा मिश्रा, पूनम विश्वकर्मा, गीता सिंह, वंदना बरनवाल, गिरजाशंकर विश्वकर्मा, राजेश यादव, दिनेश यादव, राधेश्याम यादव, सुनील कुमार उपाध्याय, लालबहादुर यादव, मनोज कुमार सिंह, रतन श्रीवास्तव, मनीषा कन्नौजिया तथा रिजा खान सहित सहित अन्य रहे ।

# दहेज एक कुप्रथा है जो बेटियों के लिए अभिशाप है- आरिफ हबीब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जौनपुर।** दहेज प्रथा वह सामाजिक बुराई है जिसमें विवाह की शर्त के रूप में दुल्हन का परिवार दूल्हे और उसके परिवार को नकदी, संपत्ति, या अन्य बहुमूल्य वस्तुएँ देता है। यह एक ऐसी प्रथा है जो दुल्हन के परिवार पर भारी वित्तीय बोझ डालती है और सामाजिक दबाव, प्रतिष्ठा की चाहत और लालच के कारण फैली हुई है। दहेज लेना और देना भारत में दहेज निषेध अधिनियम 1961 के तहत कानूनी अपराध है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष इंद्रभान सिंह इंदु ने कहा कि ऐसे परिवार जो दहेज के आभाव में या वित्तीय रूप से कमज़ोर होते हैं अपनी बेटियों के हाथ पीले नहीं कर पाते।

ऐसे परिवारों की बेटियों को वैवाहिक जीवन देने के लिए जनपद की प्रसिद्ध सामाजिक एवं रचनात्मक संस्था ज़ेब्रा फाउंडेशन के दहेज रहित आदर्श सामूहिक विवाह के 9वें अनुष्ठान में सभी धर्मों की बहनों, बेटियों को सम्मानजनक वैवाहिक जीवन देने का महा अनुष्ठान आगामी 7 दिसंबर 2025 को ज़िला मुख्यालय पर मोहम्मद हसन इंटर कालेज आयोजित किया जाएगा। इस अनुष्ठान दहेज रहित आदर्श सामूहिक विवाह में जनपद के सभी सम्मानित व्यापारियों, सामाजिक संस्थाओं से बढ़ चढ़ का हिस्सेदारी लेने का निवेदन करते हैं। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के ज़िला महामंत्री आरिफ हबीब ने कहा कि समाज में प्रतिष्ठा, लालच, परंपरा और सामाजिक दबाव महिलाओं के खिलाफ हिंसा, उत्पीड़न, वित्तीय बोझ, और कन्या भ्रूण हत्या जैसी गंभीर समस्याएं पैदा करती हैं। लेकिन ज़ेब्रा फाउंडेशन ट्रस्ट का यह अनुष्ठान दहेज जैसी कृप्रथा को खत्म कर बेटियों और बहनों को सुखद वैवाहिक जीवन देता है आइए हम सब मिलकर इस पुनीत कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सेदारी लेते हुए ज़ेब्रा के महानुष्ठान को सफल बनाए।

# भैंस के टक्कर से बाईक सवार दो घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के पेड़ारी चौराहे से तीन सौ मीटर पूरब नौतनवां-ठूठीबारी मुख्य मार्ग पर शुक्रवार की शाम लगभग पांच बजे बरगदवा के तरफ से नौतनवां के तरफ जा रहे बाइक सवार को भैंस ने टक्कर मार दिया। भैंस के टक्कर से बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी रतनपुर भेजा जहां दोनों का उपचार चल रहा है। जानकारी के मुताबिक पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मधुकरपुर महादेवा निवासी अरविन्द तिवारी पुत्र दयानंद तिवारी उम्र (38) व उमेश श्रीवास्तव पुत्र भुपेन्द्र श्रीवास्तव उम्र (42) किसी काम से बरगदवा गये थे। घर वापस लौटते समय परसामलिक थाना क्षेत्र के पेड़ारी चौराहे से पूरब नौतनवां-ठूठीबारी मुख्य मार्ग पर भैंस से बाईक सवार की टक्कर हो गई। उक्त टक्कर में बाइक सवार दोनों बुरी तरह से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी रतनपुर में भर्ती कराया जहां दोनों का प्राथमिक उपचार चल रहा है। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

# सोनभद्र में स्वास्थ्य सेवाओं पर फोकस सीडीओ ने की जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और केंद्र तथा प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के उद्देश्य से, आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) जागृति अवस्थी ने की, जिसमें उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को योजनाओं को निर्धारित समय के भीतर पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। सीडीओ जागृति अवस्थी ने बैठक के दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति की गहन समीक्षा की और कार्य में अपेक्षित तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि यदि जिले में किसी भी व्यक्ति को आयुष्मान कार्ड बनवाने में कोई समस्या आ रही है, तो वह मुख्य चिकित्साधिकारी (CMO) कार्यालय में डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन टेक्निकल ऑफिसर (DITO) के कक्ष संख्या-18 में उपस्थित होकर अपना कार्ड बनवा सकता है।बैठक में मुख्य रूप से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं की प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रसवोपरांत दी जाने वाली धनराशि के वितरण की प्रगति की समीक्षा की गई और नियमित रूप से भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सुरक्षित मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, फैमिली प्लानिंग (परिवार नियोजन), और नियमित टीकाकरण की प्रगति की भी गहन समीक्षा की गई।सीडीओ ने आरबीएसके (RBSK) टीम के भ्रमण की नियमित मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया, साथ ही सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) और पीएचसी (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) का रैंडम आधार पर निरीक्षण करने को भी कहा। समीक्षा के उपरांत, मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों और चिकित्सा अधीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनमानस को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु केंद्र और प्रदेश सरकार की जो भी योजनाएं हैं, उनका क्रियान्वयन शासनादेशानुसार समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाना चाहिए। सीडीओ ने साफ चेतावनी दी कि इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। उन्होंने कहा कि जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से जिले में बेहतर जन स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए तत्परता से कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पात्रों तक अवश्य पहुंचे। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विंढमगंज वन रेंज में बड़ी कार्रवाई हरे पेड़ों की अवैध कटान कर रहे दो ट्रैक्टर सीज, बालू साइड के लिए बन रहा था रास्ता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**विंढमगंज/सोनभद्र।** सोनभद्र जिले के विंढमगंज वन रेंज के अंतर्गत, वन संपदा की सुरक्षा के लिए चलाए गए एक विशेष अभियान में वन विभाग को बड़ी सफलता मिली है। ग्राम पंचायत कोर्गी के वन ब्लॉक के जंगलों से हरे पेड़ों की अवैध रूप से कटाई कर ले जा रहे दो ट्रैक्टरों को रेंजर के नेतृत्व में वन कर्मियों ने पकड़ लिया और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की गई है। विंढमगंज वन रेंज के अंतर्गत बहने वाली कनहर नदी पर ग्राम पंचायत कोर्गी में हाल ही में बालू बिक्री का साइड खोला गया है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, ठेकेदारों द्वारा बालू साइड तक पहुंचने के लिए नया रास्ता बनाया जा रहा था, जिसमें गांव के कुछ लोग अवैध रूप से वन क्षेत्र का उपयोग कर रहे थे। वन दरोगा अवधेश प्रसाद ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि वन रेंज कोर्गी वन ब्लॉक के विशाल जंगलों, जिनमें जामुन, अर्जुन, आसन और साखु जैसे महत्वपूर्ण प्रजातियों के पेड़ शामिल हैं, से नई-नई निकल रही टहनियों (साख तरासी) को अवैध रूप से काटकर बालू साइड के रास्ते के निर्माण के लिए ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही रेंजर के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई की। टीम ने अवैध रूप से वृक्षों की कटान करके ले जा रहे दो ट्रैक्टरों को मौके से पकड़ा। हालांकि, मौके पर मौजूद ट्रैक्टर ड्राइवर और अन्य आरोपी वन कर्मियों को देखकर भागने में सफल रहे। फरार होने वाले आरोपियों की पहचान चंदन कुशवाहा, अवधेश कुशवाहा पुत्र बाऊल कुशवाहा, और अनिल कुशवाहा पुत्र जवाहर कुशवाह (सभी निवासी कोर्गी) के रूप में हुई है।वन विभाग ने पकड़े गए दोनों ट्रैक्टरों को जब्त करते हुए उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की है। यह कार्रवाई वन अधिनियम 1927 की धारा 5/26 और वन उपज अभिवहन नियमावली 1978 की धारा 41/42 के तहत की गई है, जिसके तहत दोनों ट्रैक्टरों को सीज कर दिया गया है।वन दरोगा अवधेश प्रसाद ने दोहराया कि वन संपदा की अवैध कटान को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।इस दौरान वन दरोगा अवधेश प्रसाद के साथ वन दरोगा कन्हैया लाल, वनरक्षक रविंद्र कुमार यादव, और पंकज कुमार वर्मा सहित अन्य वन कर्मी टीम में मौजूद थे। इस कार्रवाई से अवैध लकड़ी कटान में शामिल तत्वों में हड़कंप मच गया है।

# तुलसीपुर विकासखंड में नहीं थम रहा भ्रष्टाचार

### ●ग्राम पंचायत चौहत्तर कला में हैंडपंप मरम्मत के नाम पर लाखों की बंदरबांट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर/तुलसीपुर।** तुलसीपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत चौहत्तर कला में भ्रष्टाचार की गंध अब आम लोगों तक पहुंच चुकी है। पंचायत सचिव योगेंद्र कुमार पर गंभीर आरोप लगे हैं कि उन्होंने हैंडपंप मरम्मत और रिबोर के नाम पर लाखों रुपये का बंदरबांट कर डाला है।सूत्रों के अनुसार, ग्राम पंचायत चौहत्तर कला में पंचायत सचिव ने हैंडपंपों के मरम्मत कार्यों का कागजी रिकॉर्ड तो पूरा तैयार कर दिया, परंतु जमीनी सच्चाई बिल्कुल उलट है। गांव में लगे अधिकांश हैंडपंप या तो खराब पड़े हैं या उनमें पानी की धार बेहद कमजोर है। इसके बावजूद कागजों में हैंडपंप मरम्मत और रिबोर पर लाखों रुपये खर्च दिखा दिए गए। चौंकाने वाली बात यह है कि मरम्मत और रिबोर का भुगतान "जुनैद सीमेंट एंड बिल्डिंग मटेरियल्स" नामक दुकान के माध्यम से किया गया है, जबकि उक्त दुकान सीमेंट, सरिया, गिट्टी और बालू की बिक्री करती है – हैंडपंप रिबोर से उसका कोई लेना-देना नहीं है। सवाल यह उठता है कि जब दुकान निर्माण सामग्री बेचती है, तो फिर हैंडपंप रिबोर के नाम पर लाखों रुपये का बिल कैसे स्वीकृत कर दिया गया? ग्रामवासियों का कहना है कि पंचायत सचिव द्वारा हर कार्य में मनमानी की जा रही है। हैंडपंपों की स्थिति देखकर साफ प्रतीत होता है कि मरम्मत कार्य केवल कागजों तक सीमित रहा, जबकि सरकारी धन की जमकर बंदरबांट की गई। ग्रामीणों ने इस भ्रष्टाचार की जांच की मांग उच्च अधिकारियों से की है। यह पहला मौका नहीं है जब पंचायत सचिव योगेंद्र कुमार का नाम भ्रष्टाचार में उछला हो। हाल ही में स्वतंत्र प्रभात में प्रकाशित एक अन्य रिपोर्ट में ग्राम पंचायत सोनपुर धुतकहवा में भी इन्हीं सचिव द्वारा नियम-कानूनों को ताक पर रखकर भारी-भरकम भुगतान किए जाने का मामला उजागर हुआ था। जब स्वतंत्र प्रभात संवाददाता ने पंचायत सचिव से इस मामले में संपर्क करने का प्रयास किया तो उन्होंने न तो मिलने की इच्छा जताई और न ही फोन पर कोई जवाब देना उचित समझा। उनका यह रवैया न केवल संदेह को गहरा करता है बल्कि उनकी कार्यप्रणाली पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। ग्राम पंचायतों में विकास के नाम पर चल रहे इस तरह के भ्रष्टाचार और कागजी खेल से सरकार की योजनाओं की साख पर भी आंच आ रही है। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस पर क्या कार्रवाई करता है और क्या ग्राम पंचायत चौहत्तर कला के लोगों को न्याय मिलेगा या यह मामला भी फाइलों में ही दफन होकर रह जाएगा।

# ज्ञान का दीप ही सच्चे प्रकाश का स्रोतः डॉ. रसिकेश

### ●दीप का उत्सव ही दीपावली का सारः अनमोल साहू

### एच.आर.डी. विभाग में 'जगमग 2025' दीपोत्सव का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के मानव संसाधन विकास (एच.आर.डी.) विभाग में दीपावली के अवसर पर 'जगमग 2025' दीपोत्सव का शुक्रवार को आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि संगीतकार अनमोल साहू ने ÷एकता और सहयोग÷ को प्रगति का मंत्र बताते हुए अपने 'द पैसेंजर' बैंड की प्रस्तुति से कार्यक्रम में उत्साह का संचार किया। उन्होंने कहा कि दीप का उत्सव ही दीपावली का सार है। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. रसिकेश ने कहा कि दीपावली केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि आत्म-विकास और सृजनशीलता का उत्सव है। उन्होंने गोपालदास 'नीरज' की प्रसिद्ध पंक्तियों के साथ मानव को ÷दीप की तरह प्रकाशवान बनने÷ का आह्वान किया। कहा कि ज्ञान का दीप ही सच्चे प्रकाश को स्रोद होता है। इसी कहा गया है ज्ञानोदीपो भवः। शिक्षक अनुपम कुमार ने कहा कि जिस प्रकार हम दीपावली पर घर की सफाई करते हैं, वैसे ही हमें अपने अंतर्मन को भी नकारात्मक भावनाओं से शुद्ध करना चाहिए। डॉ. प्रवीण मिश्र ने छात्रों से समाज के उत्थान हेतु अपने ज्ञान को सार्थक दिशा में लगाने का संदेश दिया।

प्रथम प्रस्तुति में अनु पांडेय, अमृता सिंह, खुशी सिंह और संजना मिश्र की गणेश वंदना ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। पद्मजाश्री ने दीपोत्सव के महत्व पर प्रभावशाली में अंग्रेजी भाषण दिया, जबकि अनुराग तिवारी ने दीपावली के सामाजिक और सांस्कृतिक पक्ष पर हिंदी में विचार व्यक्त किया। पूजा साहू ने भारतीय सेना पर आधारित भावपूर्ण कविता प्रस्तुत की और श्रेया सिंह एवं साथियों ने भजन गायन से वातावरण को सुरमय बनाया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संगीतकार अनमोल साहू, विभागाध्यक्ष डॉ. रसिकेश, अनुपम कुमार और डॉ. प्रवीण मिश्र द्वारा भगवान श्री गणेश और मां लक्ष्मी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। धन्यवाद ज्ञापन आस्था सिंह ने दिया तथा कार्यक्रम का सफल संचालन श्रेया सिंह और कुणाल मिश्र ने किया। समन्वय का कार्य शचि सिंह ने निभाया। इस अवसर पर विभाग के विद्यार्थी और शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मूलगंज में बड़ी मात्रा में अवैध पटाखों का भंडारण मिला



**कानपुर ।** कानपुर नगर में हुए विस्फोटकों के धमाके के दृष्टिगत उच्चाधिकारियों के निर्देशन में अवैध पटाखा भंडारण व विक्रय करने वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने के संबंध में दीपावली पर्व से पूर्व थाना मूलगंज के अंतर्गत बड़ी मात्रा में अवैध पटाखों का भंडारण मिला है। पुलिस ने बताया कि



अवैध पटाखों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक मूलगंज के निर्देशन में उ0नि0 राहुल गौतम मय फोर्स के द्वारा अवैध पटाखा मिलने के सम्भावित स्थानों पर दबिश दी गयी तो थाना मूलगंज कानपुर नगर में आज मो0 इफ्तिखार पुत्र स्व0 मो0 सुलेमान निवासी रोटी वाली गली कमाल खाँ का हाता थाना मूलगंज कानपुर नगर के घर के अन्दर से करीब 76 कार्टून वजन करीब 32 कुन्तल अवैध पटाखा / आतिशबाजी हुआ। बरामद अवैध पटाखों को नियमानुसार बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 53/2025 धारा 5 / 9 (ख) विस्फोटक अधिनियम 1884 व 223/288 बीएनएस बनाम मो0 इफ्तिखार पुत्र स्व0 मो0 सुलेमान अदनाम पुत्र अज्ञात निवासी बांस मण्डी चौराहा के पास थाना अनवरगंज कानपुर नगर के विरुद्ध पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

### मिशन शक्ति के तहत 12वीं की छात्रा को बनाया गया जाजमऊ थाने की एक दिवसीय प्रभारी



**कानपुर।** दिनांक 17.10.2025 को मिशन शक्ति 5.0 के तहत सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा कुमारी अन्नया को थाना जाजमऊ का एक दिवसीय थाना प्रभारी बनाया गया। इस दौरान कुमारी अन्नया द्वारा थाना परिसर के विभिन्न अनुभागों –मिशन शक्ति डेस्क, महिला हेल्प डेस्क, परिवार परामर्श केंद्र, साइबर हेल्प डेस्क, जीडी कार्यालय, मालखाना आदि का निरीक्षण किया गया। उन्होंने थाना कार्यालय के अभिलेखों का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारीगण एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। थाना पर उपस्थित जनता की समस्याओं को भी उन्होंने सुना तथा उनके शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण हेतु निर्देश दिए। यह कार्यक्रम मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक, थाना जाजमऊ की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

### कांग्रेस सेवादल ने कानपुर एयरपोर्ट पर राहुल गांधी का स्वागत किया



**कानपुर।** आज 17 अक्टूबर 2025 को कानपुर नगर/ग्रामीण कांग्रेस सेवा दल जिलाध्यक्ष सुशील सोनी ने सुबह कानपुर चकेरी हवाई अड्डे पर सांसद राहुल गांधी का सेवा दल के साथियों के साथ स्वागत किया। सड़क मार्ग से फतेहपुर हरिओम बाल्मीकि के पीड़ित परिवार वालों से मिलने उनके आवास जाने के अवसर पर सेवादल के साथियों को हाथ मिलाकर धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बुंदेलखंड जोन के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दीक्षित, जिलाध्यक्ष सुशील सोनी,राजू कश्यप, डॉ.आरके सिंह, मनोज विमल, मोहम्मद तारीख आदि नेता गढ़ उपस्थित रहे।

# दीपावली पर जिलाधिकारी बने अभिभावक, 22 मासूमों संग साझा कीं खुशियाँ

**●कोविड के दौरान अपने माता-पिता खोने वाले बच्चों को डीएम ने दिया दीपावली का उपहार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार शुक्रवार को दीपावली के दीपों से ज़्यादा उन नन्हीं आँखों की चमक से रोशन था, जिन्होंने कोविड महामारी में अपने माता पिता दोनों को खो दिया। गम के अंधेरे से गुज़र चुके इन बच्चों के चेहरों पर एक खास मुस्कान थी, जब जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने उन्हें मिठाई, दीया-बत्ती, चॉकलेट और किताबें भेंट कीं और कहा कि एक अभिभावक के रूप में वे हर पल उनके साथ खड़े हैं। जिलाधिकारी ने बच्चों से कहा कि वे उनके जैविक पिता नहीं हैं लेकिन एक जिलाधिकारी के रूप में उनके वैधानिक अभिभावक हैं और उनकी देखभाल अभिभावक की तरह करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कोई भी बच्चा खुद को अकेला महसूस न करे, प्रशासन और सरकार हर पल उनके साथ है। संवाद के दौरान बच्चों ने अपने सपनों को साझा किया। किसी ने डॉक्टर बनने की इच्छा जताई, किसी ने इंजीनियर या चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने का लक्ष्य रखा। कुछ बच्चों ने एथलीट बनने का सपना बताया तो कई ने आईएएस और आईपीएस बनकर देश की सेवा करने का संकल्प लिया। जिलाधिकारी ने बच्चों को करियर काउंसलिंग दी और समझाया कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और धैर्य से कोई भी सपना पूरा किया जा सकता है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित किया कि वे अपने लक्ष्य की ओर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।

कक्षा दसवीं की छात्रा गरिमा सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वजह से उनके सपने ज़िंदा हैं। योजनाओं से मिलने वाली मदद से पढ़ाई बेहतर तरीके से हो रही है। उन्होंने कहा कि दीपावली को खास बनाने के लिए जिलाधिकारी का आभार है। सिंधुजा यादव ने कहा कि इस आयोजन से उन्हें यह एहसास हुआ कि वे अकेली नहीं हैं। समाज और प्रशासन हर कदम पर उनका संबल बने हुए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत शून्य से अठारह वर्ष की आयु तक के बच्चों को प्रतिमाह चार हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। तेईस वर्ष की आयु पूरी होने पर उन्हें दस लाख रुपये की एकमुश्त धनराशि मिलेगी जिससे उनकी उच्च शिक्षा और जीवन की राह आसान होगी। सभी बच्चों को आयुष्मान भारत योजना से पाँच लाख रुपये का स्वास्थ्य कवरेज उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त लैपटॉप और टैबलेट भी वितरित किए गए हैं, ताकि पढ़ाई में किसी तरह की बाधा न आए।

जिन बच्चों को इस अवसर पर सम्मानित किया गया उनमें परिधि श्रीवास्तव, अद्वित मिश्रा, आराध्या मिश्रा, बबीता कपूर, सतीश कपूर, उत्कर्ष त्रिपाठी, वैष्णवी गुप्ता, अमन गुप्ता, नैतिक चड्ढा, परी मिश्रा, खुशी मिश्रा, रिद्धिमा कपूर, इशिता गुप्ता, तनिष्क गुप्ता, मानविक त्रिवेदी, अभिनव सिंह, गरिमा सिंह, अश्वनी कुमार, सिंधुजा यादव, संध्या, दिव्या और झलक शामिल हैं।डीएम ने बच्चों के साथ आए परिजनों का आभार जताया और कहा कि रिश्तेदार और समाज यदि इन बच्चों की मदद के लिए आगे आते हैं तो यह पूरे प्रदेश के लिए सकारात्मक संदेश होगा।

## जनपद के 28289 छात्र-छात्राओं के खाते में छात्रवृत्ति ट्रांसफर की गयी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं से आच्छादित कक्षा 9, 10, 11 व 12 के छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान किये जाने हेतु ''छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम'' का आयोजन लोक भवन सचिवालय लखनऊ में किया गया। राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। जनपद के सम्बन्धित विद्यालयों, शिक्षण संस्थानों जिनके छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित की गयी है, उन सभी शिक्षण संस्थानों में इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। पूर्वदशम् (कक्षा -9, 10) में अनुसूचित जाति के 5233 छात्र छात्राओं को 73.26 लाख, सामान्य वर्ग के 2769 छात्र छात्राओं को 83.07 लाख, पिछड़ा वर्ग के 10153 छात्र छात्राओं को 215.03 लाख एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 1060 छात्र छात्राओं को 30.96 लाख इस प्रकार कुल 19215 छात्र छात्राओं को 400.23 लाख की धनराशि वितरित की गई है। दशमोत्तर (कक्षा -11, 12) में अनुसूचित जाति के 4316 छात्र छात्राओं को 51.88 लाख, सामान्य वर्ग के 2955 छात्र छात्राओं को 89.25 लाख, पिछड़ा वर्ग के 1012 छात्र छात्राओं को 31.16 लाख एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 791 छात्र छात्राओं को 23.63 लाख, इस प्रकार कुल 9074 छात्र छात्राओं को 195.94 लाख की धनराशि वितरित की गई है। पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कालेज प्रतापगढ़ में छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं व अधिकारियों ने मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी आशीष दूबे द्वारा छात्राओं को छात्रवृत्ति के प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य गीता यादव, उप प्रधानाचार्य डा0 मो0 अनीस सहित समस्त विद्यालय परिवार एवं छात्रायें उपस्थित रही। इसी प्रकार अन्य विद्यालयों में छात्रवृत्ति वितरण समारोह का सजीव प्रसारण दिखाया गया।

## सफलता के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता- ऋषभ भट्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** मिशन शक्ति अभियान फेज के तहत शुक्रवार को जिला कमांडेट होमगार्ड्स कार्यालय में हाईस्कूल की छात्रा अनामिका यादव को एक दिन के लिए सांकेतिक जिला कमांडेट नियुक्त किया गया। इस दौरान अनामिका ने कई होमगार्ड के समस्याओं को सुना और शीघ्र ही समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में अनामिका में माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर जिला कमांडेट चंदन सिंह ने स्वागत किया और बधाई भी दी। कार्यक्रम में जिले के कुशौली निवासी प्रमोद भट्ट के पुत्र और अंडर ट्रेनिंग आईपीएस ऋषभ भट्ट ने भी अपनी बधाई और शुबकामनाएं दी और अपने अनुभव और विचार भी साझा किया। ऋषभ भट्ट ने कहा कि जिस भी क्षेत्र में रहे वहां पूरी ईमानदारी से काम करें, सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है, मेहनत और लगन बहुत जरूरी है, कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए न्यूज़ पेपर पढ़ना जरूरी है, जिससे देश विदेश की चीजों की जानकारी होती है। कुछ युवा तैयारी के समय पाठ्यक्रम को पीछे करके अन्य किताबों के चक्कर में पड़ जाते है, कहा कि परीक्षाओं के सिलेबस के हिसाब से तैयारी करें साथ ही युवाओं को ऐसे लोगो से सीखना चाहिए, प्रतियोगी परीक्षा के तैयारी के लिए अधिक किताबों के मकड़जाल में न फंसे। मानसिक तनाव से पूरी तरह मुक्त रहे। खुद के प्रति के पूरी तरह ईमानदार रहे, पढ़ाई के दौरान राष्ट्र को सर्वोपरि रखकर तैयारी करें। ऋषभ ने बताया कि वह अपने दादा से काफ़ी प्रभावित है।

कहा कि समाज में बदलाव के लिए खास करने की जरूरत है, लोगों से हमेशा सीखना का प्रयास करें, परीक्षा की तैयारी करने वाले लोग मोबाइल का प्रयोग संयमित करें। यह ध्यान देना है कि मोबाइल का सही प्रयोग करें। ऋषभ ने फालतू के मोटीवेटर के सलाह लेने से बचें। जो लोग सच में सफल है उनकी कहानियो को सुनें और उनसे सीखने का प्रयास करें। तैयारी में रिवीजन की कमी से परीक्षा में कंफ्यूजन लगता है, साथ ही मन की आवाज को सुनना जरूरी है लेकिन अंधविश्वास नहीं करना है, बिना रिस्क के सफलता में संभावना बहुत कम है। समय के बाद न होने पर विचार नहीं करना चाहिए, अच्छी मेहनत करने वाले कहीं न कहीं सफलता अवश्य मिलती है। कहा कि दुनिया के किसी देश में अपराधिकरण कम नहीं है इसके लिए समाज बहुत जिम्मेदार है, साथ ही नेताओं का सही चुनाव जरूरी है साथ ही शिक्षा में नैतिकता की जरूरत है, यदि नेता सही है तो प्रशासन काम करेगा। देश को सुधारने के लिए खुद को सुधारना जरूरी है, साथ ही जनता को जागरूक होने की जरूरत है, जो जहां है यदि वह वहीं ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करें। साथ ही अपराधिकरण और भ्रष्टाचार एक दिन में ही समाप्त नहीं हो सकता है। कहा कि लोग अधिकारों के पीछे भागते है लेकिन कर्तव्य का पालन नहीं करते है। इस मौके पर जिला कमानडेंट चंदन सिंह ने भी लोगों को नियमित तैयारी और लगन से काम करने की बात कहीं। इस मौके पर जिला कमांडेट, होमगार्ड्स चंदन सिंह, प्रमोद भट्ट, ऋषभ भट्ट, विवेक सिंह, प्रदीप त्रिपाठी, रविन्द्र उपाध्याय, राकेश सरोज, माता सेवक वर्मा समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## जनपद के समस्त थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर पंपलेट वितरित किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे "मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत अभिमन्यु मांगलिक "पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही के निर्देशन में एवं शुभम अग्रवालअपर पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही के पर्यवेक्षण में समस्त थानों पर तैनात महिला पुलिस कर्मियों/ मिशन शक्ति टीम के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत विघालयों, प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर जाकर महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन के सम्बन्ध में जागरुक किया जा रहा है । इसी क्रम में बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच / बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव हेतु जागरुक किया गया । महिलाओं / बालिकाओं को बताया गया कि बस/रास्तों/सार्वजनिक स्थल में मनचलों एवं शोहदों द्वारा छेडखानी की घटना होने पर डरने के बजाय तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1090 व थाना पर जाकर तत्काल एफ0आई0आर0 के लिए जागरुक किया गया । सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि) का सावधानी से उपयोग करने एवं जागरुक करने हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश एवं निर्देशों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई । महिला एवं बालिकाओं को यातायात नियमों के बारे में अवगत कराया गया व स्वयं नियमें का पालन करते हुए अपने घर व आसपास के लोगों का भी जागरुक करने के लिए कहा गया । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन , 181 वीमेन हैल्पलाइन , 112 पुलिस आपातकालीन सेवा , 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सेवा व 1930 साइवर हेल्पलाइन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

# पांच वार्डो के लोगों को सीवर भराव से जल्द मिलेगी राहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** गोबिन्द नगर क्षेत्र सहित आसपास (वार्ड-2,7,16,48 व 93)के लाखों लोगों को पिछले कई वर्षो से सीवर समस्या से जूझना पड़ रहा है।अब उन्हे इस समस्या से जल्द राहत मिलने वाली है।शुक्रवार को महापौर व विधायक ने नई सीवर लाइन डालने के लिए पूजन कर शिलान्यास किया। शुक्रवार को दोपहर चावला मार्केट चौराहे पर थाने वाली रोड पर लगभग तीन करोड़ रुपए से होने वाले सीवर व सडक निर्माण के कार्य का शिलान्यास विधायक महेश त्रिवेदी व पार्षद दल नेता नवीन पंडित व क्षेत्र के हजारों व्यापारियों व जनता की उपस्थिति में प्रमुख आचार्यो द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया।इस मौके पर विधायक महेश त्रिवेदी ने कहा कि शहर की प्रमुख समस्याओं मे से सीवर प्रमुख है इस पर हम विशेष ध्यान दे रहे हैं।

गोविन्द नगर व आसपास की लाखों जनता को इस समस्या से जल्द निजात मिलेगी।उन्होंने कहा कि सीवर समस्या का हल हमारी प्राथमिकता में है।केन्द्र व प्रदेश सरकार की विकासोन्मुखी सोच के कारण किदवई नगर विधानसभा में तमाम विकास के कार्य हुए हैं और कई पर काम चल रहा है।विधानसभा में विकास का यह पहिया एक भी छोटी से छोटी समस्या रहने तक अनवरत चलता रहेगा।छठ पूजा के बाद नई सीवर लाइन का काम चालू होगा।भाजपा पार्षद दल नेता सदन नगर निगम नवीन पंडित ने कहा कि एक करोड से सीवर लाइन तथा एक करोड से गोविन्द नगर के दोनों वार्डो उत्तर व दक्षिण में इंटरकनैक्शन होंगे व उसके बाद एक करोड़ से सडक निर्माण होगा।पार्षद नवीन ने कहा कि सीवर लाइन दो मीटर व्यास की व ढाई मीटर गहरी पडेगी। उन्होंने कहा कि इस सीवर लाइन से गोबिन्द नगर सहित आसपास के पाँच वार्डो के लाखों वांशिदो को राहत मिलेंगी।व्यापारियों को कोई समस्या न हो इसलिए प्रयास होगा कि उक्त सीवरलाइन रात मे ही डाली जाए।एक पाइप ढलने के बाद उसे ढककर अगले पाइप के लिए खुदाई होगी जल्द ही सडक भी बन जाए इसलिए सडक निर्माण का भी धन साथ साथ आंवटित करा लिया है।यह सीवरलाइन सनिगवां जाने वाली लाइन मे मिलाई जाएगी।चावला से सीटीआई तक उक्त सीवर लाइन डाली जाएगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पार्षद वेलफेयर के चेयरमैन अमित पांडेय, प्रकाश वीर आर्य,मंडल अध्यक्ष दीपू पासवन,राजिंदर सिंह, हरप्रीत सिंह, मनीष गंगवानी, सतनाम सिंह ,प्रणवीर सिंह चंदेल, राजीव अवस्थी, राजेश, जसपाल आदि के साथ ही नगर निगम, जलकल व जलनिगम के अफसर व कर्मचारी मौजूद रहे।

## खाद्य सचल दल द्वारा 07 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थ का नमूना किया संग्रहित

**●खाद्य सचल दल द्वारा 08 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक 82 निरीक्षण कर 37 नमूने संग्रहित किये गये**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूजपर्व के अवसर पर आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य पेय यथा-खोया, पनीर, दूध, घी, मिठाईयां, नमकीन, ड्राई फूट, खाद्य तेल, वनस्पति, रंगीन मीठे खिलौने एवं अन्य खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही कर मिलावटी खाद्य पदार्थो के भण्डार विक्रय को प्रतिबन्धित करने व आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-।। अभय कुमार सिंह के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार तिवारी के नेतृत्व में खाद्य सचल दल द्वारा आज जनपद प्रतापगढ़ के विभिन्न बाजारों में स्थित 07 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुरूप न होने के संदेह पर 01 खाद्य पदार्थो का नमूना संग्रहित किया गया। खाद्य सचल दल द्वारा 17 अक्टूबर को सदर मोड़ प्रतापगढ़ स्थित डोमिनो से पनीर का एक नमूना संग्रहित किया गया। इसके अतिरिक्त स्टेशन रोड स्थित गांगुली स्वीट्स, चौक घण्टाघर स्थित सुरेश स्वीट्स, बाबागंज स्थित बंधन स्वीट्स, चौक घण्टाघर स्थित किशोरी स्वीट्स, अम्बेडकर चौराहा स्थित अमृत स्वीट्स व अम्बेडकर चौराहा स्थित मौर्या स्वीट्स के खाद्य प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया। इस प्रकार 08 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक कुल 82 निरीक्षण एवं 37 नमूनें संग्रहित किये गये हैं। इस प्रकार अभियान में अब तक कुल 519 किलोग्राम विनष्ट कराया गया है, जिसका मूल्य 131200 रूपय है। इसी प्रकार 1476 किलोग्राम सामग्री जब्त की गयी है, जिसका मूल्य 230553 रूपय है। खाद्य सचलदल अभियान में रोशन सिंह,यादव संजय कुमार नन्हकू, संतोष कुमार दूबे, शहाब उद्दीन सिद्दीकी, डा0 तूलिका शर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मिलावट के नाम पर मिठाई दुकानदारों का उत्पीड़न का सपा ने लगाया आरोप

**●दूध मे मिलावट करने वाली कंपनियों की जांच न करके दूध विक्रेताओं के साथ अन्याय किये जाने का विरोध-हाजी फजल महमूद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** सपा पीडीए मिशन की आवश्यक बैठक सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा हाल में आरंभ हुई जिसमे बड़ी सख्या मे आये अधिवक्ताओं ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए हाजी फज़ल महमूद ने कहा कि मिलावट के नाम पर मिठाई के दुकानदारों के साथ अन्याय किया जा रहा है और दूसरी ओर दूध मे मिलावट करने वाली कम्पनियों की जांच न करके दूध विक्रेताओं का उत्पीड़न किया जा रहा सपा भाजपा सरकार के इस कृत्य की निंदा करती है। बैठक को सम्बोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष ने कहा सपा पीडीए ने एक माह पूर्व दूध,पनीर मे मिलावट का आरोप लगाया था भाजपा सरकार ने लखनऊ मे उन्नीस क्विंटल नकली पनीर तो पकड़ा लेकिन उसे अन्य जगह नकली पनीर नजर नही आया जबकि तथाकथित माफियाओं द्वारा नकली पनीर की बिक्री करके दूध उत्पादको को बदनाम किया जा रहा है। अध्यक्ष फजल महमूद ने कहा कि 15 अक्टूबर तक कई कुंतल नकली पनीर नष्ट किया गया कुछ जगह नमूने लिए गए लेकिन त्योहार के पहले सरकार को नकली पनीर कही नजर नही आ रहा था सपा ने इस तरह के कृत्य को निंदनीय बताया भाजपा सरकार को बड़ी कम्पनियों की जांच करनी चाहिए जनता का विश्वास सरकार से उठ चुका है 2027 मे परिवर्तन निश्चित है। बैठक मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, राकेश सचान, शादाब आलम,अश्वनी निगम, परवेज मंसूरी,राजू कटियार, आशीष सचान, मानस कटियार, अंतरिक्ष वर्मा, मेहुल भट्ट,पापू सिंह,मयंक वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## उच्च विद्यालय चौकीसाल में जन्मोत्सव सह तिथि-भोजन कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत तेतुलिया पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय, चौकीसाल में 17 अक्टूबर को तिथि-भोजन एवं विद्यार्थियों के जन्म दिवस के अवसर पर जन्मोत्सव सह तिथि-भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को चावल, दाल, आलू-भुजिया, पत्तागोभी, सलाद, अचार एवं पापड़ परोसा गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास का वातावरण रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य राणा कुमार साहू तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम में भाग लेकर विद्यार्थियों को प्रतिदिन विद्यालय आने तथा पूरी लगन और निष्ठा के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। ज्ञात हो कि उपायुक्त, पाकुड़ के निर्देशानुसार तिथि सह जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी सराहनीय पहल से विद्यार्थियों में प्रसन्नता एवं अभिभावकों में आत्मसम्मान की भावना दिखाई दे रही है। संभावतः छुट्टी रहने के कारण यह कार्यक्रम 17 अक्टूबर को ही आयोजित किया गया।

## आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** मिशन शक्ति कार्यक्रम 5.0 के अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा विकास खण्ड रामपुर संग्रामगढ़ एवं सांगीपुर में आयुर्वेद यूनानी होम्योपैथिक विधा के निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर में स्थानीय जनता को आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक पद्धति से परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर का नेतृत्व जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सुमन कुशवाहा एवं होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. ममता सचान ने किया। इस अवसर पर आयुष विभाग (आयुर्वेद यूनानी होम्योपैथिक) के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रोगियों की जाँच कर उचित परामर्श दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया और स्वास्थ्य संबंधी लाभ प्राप्त किया। शिविर के माध्यम से लोगों को आयुर्वेद यूनानी एवं होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धतियों के महत्व के बारे में जागरूक भी किया गया। आयुष विभाग द्वारा बताया गया कि भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन कर आम जनता को सुलभ एवं प्रभावी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी।

## क्षेत्र पंचायत पट्टी की बैठक में 3.5 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को स्वीकृत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** ब्लाक पट्टी सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक प्रमुख क्षेत्र पंचायत की अध्यक्षता में आहूत की गई जिसमें राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह पूर्व मंत्री उ0प्र0 सरकार द्वारा विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में प्रतिभाग किया गया। बैठक में दयाराम यादव परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, राजीव पाण्डेय खण्ड विकास अधिकारी पट्टी, अरूण यादव एसडीओ, कृषि विभाग व बाल विकास पुष्टाहार के अधिकारियों के साथ ही सभी ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में क्षेत्र पंचायत अन्तर्गत विकास की परियोजनाओं पर चर्चा करते हुये 3.5 करोड़ रूपये की परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। ग्राम प्रधान कोहरांव विमला देवी का आकस्मिक निधन हो जाने के कारण शोक संवेदना व्यक्त करते हुये बैठक समाप्त की गई।

# संक्षिप्त खबरें

## मानदेय न मिलने से संविदा कर्मियों की सूनी हो रही दिवाली

**गोण्डा।** विकास खंड रूपईडीह में इस बार संविदा कर्मियों की दिवाली खुशियों के बजाय मायूसी लेकर आई है। मनरेगा विभाग में कार्यरत 74 ग्राम रोजगार सेवक सहित एपीओ, सहायक लेखाकार, तकनीकी सहायक, कम्प्यूटर ऑपरेटर तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के ऑपरेटर सहित अन्य संविदा कर्मियों को पिछले कई महीनों से मानदेय नहीं मिला है।मानदेय न मिलने से इन कर्मियों के घरों में आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। दीपावली जैसे पर्व पर भी उनके घरों में न तो दीप जलाने की खुशी है और न ही उत्सव का माहौल। ग्राम रोजगार सेवक संघ रूपईडीह के अध्यक्ष सुखदेव तिवारी, महामंत्री रविंद्र कुमार कश्यप, विश्वनाथ शुक्ला, विपिन कुमार, रामफेर, पप्पू लाल, सुरेंद्र मिश्रा, राम भवन और अजय तिवारी सहित अन्य कर्मचारियों ने बताया कि "इस बार मानदेय न मिलने से दीपावली सूनी पड़ गई है। परिवार चलाना भी मुश्किल हो गया है और बच्चों की खुशियाँ अधूरी रह गई हैं।"

## लक्ष्मी-गणेश पूजन महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

**गोण्डा।** विकास खंड रूपईडीह के ग्राम पंचायत पुरैनिया कशमिरवा में आगामी लक्ष्मी-गणेश पूजन महोत्सव को सफल बनाने के लिए लक्ष्मी पूजा समिति की बैठक हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष भूपेंद्र मौर्या ने की। बैठक में पदाधिकारियों ने पूजन कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करते हुए सजावट, प्रकाश व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भंडारा और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिम्मेदारियां तय कीं।

समिति के कोषाध्यक्ष हरिओम पांडेय, सचिव उन्ना दीक्षित, उपाध्यक्ष संतोश पांडेय, सह-अध्यक्ष सुनील कुमार, सहयोगी सदस्य सुखलाल, गिरजाधर लाल, सुनील, भोलन, सरजन, शिवा, विभा, आलोक, अनमोल पांडेय, बैजनाथ दास, सरवन, परमानंद आदि उपस्थित रहे

## भदोही- किसानों को राहत, जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध

**भदोही।** जिला अधिकारी के निर्देश पर पी.सी.एफ. गोदाम से 465 मीट्रिक टन यूरिया एवं 1087 मीट्रिक टन डी.ए.पी. उर्वरक आवमुक्त कर दिया गया है। इन उर्वरकों का प्रेषण विभिन्न सहकारी समितियों को किया जा रहा है, ताकि कृषकों को समय से खाद उपलब्ध हो सके। वर्तमान में जनपद में कुल 4040 मीट्रिक टन डी.ए.पी. तथा 2912 मीट्रिक टन यूरिया उर्वरक उपलब्ध है। कृषि विभाग के अनुसार जिले में फॉस्फेटिक और यूरिया दोनों प्रकार के उर्वरक पर्याप्त मात्रा में मौजूद हैं और रबी फसलों के लिए किसानों को किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी फसलों की जरूरत के अनुसार संतुलित मात्रा में उर्वरक का प्रयोग करें तथा मृदा परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर ही खादों का उपयोग करें। साथ ही किसानों से अनुरोध किया गया है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें, जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है।

## उप- कार खाई में गिरने से दो सगे भाइयों की मौत, तीन घायल

**इस हादसे में कार सवार शिवकुमार (32) एवं उसके भाई रूपलाल (50) की मौत हो गई और तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। उसने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**




**पीलीभीत** जिले के गजरौला कलां क्षेत्र में बृहस्पतिवार रात एक कार के अनियंत्रित होकर खाई में गिर जाने से उस पर सवार दो सगे भाइयों की मौके पर मौत हो गई तथा तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने शुक्रवार को यहां बताया कि बृहस्पतिवार की रात गजरौला कलां थाना क्षेत्र के पटपुर गांव के पास एक कार अचानक बेकाबू होकर खाई में जा गिरी। उसने बताया कि इस हादसे में कार सवार शिवकुमार (32) एवं उसके भाई रूपलाल (50) की मौत हो गई और तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। उसने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि कार सवार सभी लोग जमुनिया से अपने गांव अजीतपुर पटपुरा लौट रहे थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ब्रजवीर सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच के बाद कार की तेज रफ्तार हादसे की वजह बताई जा रही है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# बिहार चुनाव खबर खेसारी लाल अभिनेता से बनेंगे नेता! पत्नी चंदा देवी की जगह अब राजद के टिकट पर लड़ेंगे चुनाव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिहार चुनाव खबर-** खेसारी लाल अभिनेता से बनेंगे नेता! पत्नी चंदा देवी की जगह अब राजद के टिकट पर लड़ेंगे चुनाव राजनीति से दूर भागनेवाले खेसारी लाल यादव अब बिहार चुनाव में राजद के टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं। खेसारी की पत्नी को लालू यादव ने सिंबल दिया खेसारी लाल अभिनेता से बनेंगे राजनीति में उतरने से अबतक इनकार कर रहे भोजपुरी के सुपर स्टार खेसारी लाल लालू यादव अब राजद के टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं। राजद की तरफ से जल्द ही इसको लेकर ऑफिसियली घोषणा की जा सकती है। खेसारी लाल यादव को यह मौका उनकी पत्नी चंदा देवी की जगह दिया गया है। जिन्हें पार्टी ने छपरा सीट से प्रत्याशी घोषित किया था।

क्यों वापस लिया गया चंदा का टिकट?

बता दें छपरा विधानसभा से राजदने खेसारी लाल यादव कीपत्नी चंदा देवी को टिकट दिया था। हालांकि, अब जानकारी सामने आई है किचंदा देवी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है। इस कारण उनका टिकट अबटिकट खेसारी लाल यादव को मिल गया है। अब छपरा विधानसभा सीट से राजद के प्रत्याशी खेसारी लाल यादव हो गये हैं।

**तेजस्वी के समर्थन में उतरे खेसारी**

बता दें कि भोजपुरी गायक और अभिनेता खेसारी लाल यादव ने बिहार विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा था- "मैं चाहता हूं कि मेरी पत्नी चुनाव लड़ें, मैं उन्हें 4 दिन से मना रहा हूं। अगर वो मान जाती हैं तो नामांकन दाखिल करेंगे अन्यथा सिर्फ प्रचार करके भइया(तेजस्वी यादव) को जिताने की कोशिश करूंगा।"

**किससे होगा खेसारी का मुकाबला?**

NDA के सीट बंटवारे में छपरा सीट भारतीय जनता पार्टी के हिस्से में आई है। भाजपा ने इस सीट से छोटी कुमारी को टिकट दिया है। इसका मतलब है कि अब छपरा में मुकाबला, भाजपा की छोटी कुमारी और राजद के खेसारी लाल यादव के बीच होगा।

**15 साल से भाजपा का कब्जा**

बता दें कि भाजपा छपरा सीट 2010 से लगातार जीत रही है। साल 2020 में बीजेपी के टिकट पर सीएन गुप्ता ने आरजेडी को छह हजार से ज्यादा वोटों से हराया था। इस बार बीजेपी ने गुप्ता का टिकट काटकर छोटी कुमारी पर भरोसा जताया है। छोटी स्थानीय बीजेपी नेता हैं।

## नोएडा- चलती बस में लगी आग, यात्री बाल-बाल बचे

**अधिकारी ने कहा कि शुरुआती जांच के मुताबिक, दिवाली से पहले की जा रही आतिशबाजी की वजह से चिंगारी चलती बस की छत पर गिरी जिसके कारण आग लग गई।**



**गौतमबुद्ध** नगर जिले के दनकौर थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर बृहस्पतिवार रात एक चलती लग्जरी बस में आग लग गई। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि निजी बस पंजाब के लुधियाना से आगरा जा रही थी और उसमें करीब 50 यात्री सवार थे। उन्होंने कहा कि बस जब यमुना एक्सप्रेसवे के रास्ते ग्रेटर नोएडा से गुजर रही थी, तभी उसकी छत पर रखे सामान में भीषण आग लग गई। प्रवक्ता ने बताया कि चालक ने आग का पता चलते ही बस रोक दी और यात्री बाहर आ गए। उन्होंने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारी ने कहा कि शुरुआती जांच के मुताबिक, दिवाली से पहले की जा रही आतिशबाजी की वजह से चिंगारी चलती बस की छत पर गिरी जिसके कारण आग लग गई।

# मंत्री नन्दी और अभिलाषा गुप्ता ने 1490 बच्चों के संग मनाई अनोखी दीपावली

● "हर घर रोशनी, हर घर दीपावली" अभियान में झुग्गियों के बच्चों ने की मनपसंद शॉपिंग।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज-** कहते हैं कि खुशियां बांटने से खुशियां मिलती हैं – और इसी सोच को हकीकत में बदलते हुए उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' ने इस बार भी दीपावली पर गरीब और जरूरतमंद बच्चों के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। पिछले 15 वर्षों से चल रहे उनके "हर घर रोशनी, हर घर दीपावली" अभियान के तहत इस वर्ष भी उन्होंने झुग्गी-झोपड़ियों और दलित बस्तियों में रहने वाले 344 परिवारों के कुल 1490 बच्चों को दीपावली की खरीदारी कराई। सिविल लाइंस स्थित सुभाष चौराहे से 104 ई-रिक्शों के काफिले में बच्चे और उनके अभिभावक सिटी कार्ट मॉल पहुंचे, जहां मंत्री नन्दी और प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों स्वयं बच्चों के साथ ई-रिक्शा पर सवार होकर मॉल पहुंचे और बच्चों के साथ दीपावली की शॉपिंग की। मॉल में बच्चों को पूरा आज़ादी दी गई कि वे अपनी पसंद के कपड़े और जूते खरीद सकें – बिना किसी बजट या बिल की चिंता के। बच्चों ने अपने मनपसंद कपड़े और उपहार चुने, और उनके चेहरों पर झलकती मुस्कान ने पूरे माहौल को रोशन कर दिया। मंत्री नन्दी ने कहा, "खुशियां बांटने का असली सुख तब मिलता है जब किसी गरीब बच्चे के चेहरे पर मुस्कान आती है। दीपावली सिर्फ अमीरों का नहीं, सबका त्योहार है। अगर ईश्वर ने हमें किसी की मदद करने योग्य बनाया है, तो हमें दूसरों के जीवन में खुशियां बांटनी चाहिए।" पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने कहा, "दीपावली खुशियों और मिठास का पर्व है। जब बच्चों के साथ इसे मनाते हैं, तो मन को सच्ची संतुष्टि मिलती है। हमें समाज के हर वर्ग को साथ लेकर त्योहार की खुशियां साझा करनी चाहिए।" इस खास पहल ने एक बार फिर यह साबित किया कि जब समाज के सक्षम लोग आगे आते हैं, तो वंचितों के जीवन में भी दीप जल उठते हैं – और सच में तब ही होती है हर घर रोशनी, हर घर दीपावली।

# बेटियों को बचाने, लैंगिक समानता अपनाने एवं भ्रूण हत्या रोकने को लेकर शहडोल जिले में चलाया जा रहा है विशेष अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बुढार शहडोल** बाल विवाह कानूनन अपराध है इस विषय पर लोगों को किया जा रहा जागरूक।कल्याणी वेलफेयर सोसाइटी शहडोल द्वारा शहडोल जिले के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक कर बेटियों को बचाने, लड़के और लड़कियों में समानता लाने एवं नारी शिक्षा आदि के बारे में रोचक तरीके से जानकारी दी गई। जिला महिला बाल विकास अधिकारी अखिलेश मिश्रा ने बताया कि विद्यार्थी, सोशल मीडिया का उपयोग रचनात्मक गतिविधियों के लिए ही करें, अनावश्यक उपयोग से बचें

सुरक्षित बालिका सशक्त समाज के तहत शहडोल जिले के कई विद्यालयों में विविध कार्यक्रम सम्पन्न कराए गए। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खामीडोल, जनपद बुरहार में सुरक्षित बालिका सशक्त समाज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए परियोजना अधिकारी बीके पांडे महिला एवं बाल विकास विभाग जनपद बुरहार ने कहा कि यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण का प्रावधान एक्ट में किया गया है।

पाक्सो एक्ट संरक्षण अधिनियम 2012 में 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों को यौन शोषण, उत्पीड़न से बचाने के लिए विशेष कानून है। इस कानून के तहत् बच्चों को सुरक्षा देने और न्याय सुनिश्चित करने के लिए सख्त कानून बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि बाल विवाह कराना कानूनी अपराध है, बाल विवाह की रोकथाम के लिए स्वयं जागरूक होगा एवं दूसरो लोगो को भी जागरूक करना होगा। उन्होंने बताया कि वन स्टाप सेंटर में घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के नीचे दी जाने वाली समस्त सेवाएं आश्रय, चिकित्सा, परामर्श, पुलिस सहायता व कानूनी सहायता दी जाती है। जिसके संबंध में उन्होंने विस्तार से जानकारी दी। राष्ट्रीय हिंदी दैनिक स्वतंत्र प्रभात अखबार के पत्रकार दिनेश चौधरी को जानकारी देते हुए बताया कि बाल कल्याण बोर्ड शहडोल की अध्यक्ष श्री मती कल्याणी बाजपेई द्वारा साइबर अपराधों तथा इनसे निपटने के संबंध में जानकारियां दी गई। उन्होंने बताया कि आज के सोशल मीडिया के दौर में अनेकों प्रकार की अप्रिय घटनाएं होती है। कम्यूटर इंटरनेट या नेटवर्क के माध्यम से किए जाने वाले अपराध साइबर अपराध कहलाते हैं। इसमें हैकिंग, फिशिंग, पहचान की चोरी या वायरस फैलाना और ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसे कई अपराध शामिल होते हैं इसलिए बहुत ही सावधानी पूर्वक सोशल





मीडिया का उपयोग किया जाना चाहिए एवं अनावश्यक उपयोग से बचना चाहिए। सोशल मीडिया का उपयोग रचनात्मक कार्यों के लिए ही किया जाना चाहिए।

इसी तरह विचारपुर में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से डॉ0 कंचन पटेल ने बताया कि पीसीपीएनडीटी एक्ट गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीकी जो भारत में कन्या भ्रूण हत्या और घटते लिंगानुपात को रोकने के लिए पारित किया गया है। इस ऐक्ट के माध्यम से जो भी व्यक्ति सोनोग्राफी द्वारा लिंग जांच करवाता है या कन्या भ्रूण हत्या करता है उसके लिए दण्ड का प्रावधान ऐक्ट में किया गया है।

## साइबर जागरूकता अभियान चलाकर आर्य बेसिक इंटर कॉलेज राजरूपर में किया गया जागरुक

**ब्यूरो प्रयागराज।** सहायक पुलिस आयुक्त (साइबर) के कुशल नेतृत्व में मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 साइबर क्राइम द्वारा निर्गत निर्देश के तहत चलाए जा रहे। 4C द्वारा व्यापक स्तर पर National Cyber Security Awareness Month(NCSAM) साइबर जागरूकता अभियान के क्रम में साइबर क्राइम थाना कमिश्नरेट प्रयागराज पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-17.10.2025 को आर्य बेसिक इंटर कॉलेज राजरूपुर प्रयागराज में साइबर बुलिंग व साइबर ग्रूमिंग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आर्य बेसिक इंटर कॉलेज राजरूपुर प्रयागराज छात्र/छात्राओं को उ0नि0 विनोद कुमार यादव द्वारा बताया गया साइबर बुलिंग व साइबर ग्रूमिंग क्या है इसके सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दिया गया, साइबर अपराधी कैसे बच्चों को इसका शिकार बनाते है जिसमें इन्टरनेट या मोबाईल टेक्नोलाजी का प्रयोग करके असभ्य या तकलीफ देह संदेश भेजकर विडियो/इमेज मार्फ कर डरना, धमकाना, ब्लैक मेल किया जाना विस्तृत विषय पर चर्चा किया गया, बताया गया कि सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्तियो की फ्रेन्ड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें। ह0 लोकेश पटेल द्वारा बताया गया सोशल मीडिया अथवा अन्य आनलाइन एलेटफार्म पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी जन्म तिथि, पता, फोन नम्बर आदि साझा न करें, सोशल मीडिया एकाउन्ट में प्राइवेसी सेटिंग में प्रोफाइल लाक, टू फेक्टर अथेंटिकेशन/वेरिफिकेशन जरूर लगायें।



ए0एस0आई0 प्रमोद कुमार यादव द्वारा बताया गया सोशल मीडिया या अन्य साइबर फ्रॉड होने पर कैसे ऋ लिया जाता है व ऑनलाइन गेम पर कैसे साइबर अपराध होने से बचे एवं साइबर क्राइम होने पर नेशनल साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 पर तत्काल कॉल करें व NCRP वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर कैसे कम्प्लेन दर्ज करें वेबसाइट स्क्रीन पर ओपन कर के कैसे शिकायत दर्ज करते हैं डेमो भी दिया गया।

## लखीमपुर खीरी में पकड़ा गया एक तेंदुआ



**लखीमपुर खीरी** जिले के दुधवा बफर ज़ोन के नॉर्थ निघासन फॉरेस्ट रेंज के रननगर गांव के पास शुक्रवार की सुबह एक तेंदुआ पकड़ा गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। क्षेत्रीय वन अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने तेंदुए के पकड़े जाने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि तेंदुए की तस्वीरों और पैरों के निशान नौ अक्टूबर को मिले निशान से मेल खाते हैं। उन्होंने कहा कि पकड़ा गया तेंदुआ नर है जिसकी उम्र छह से सात साल के बीच होने का अनुमान है। सिंह ने कहा कि पकड़े गए तेंदुए को मेडिकल जांच के लिए रेंज हेडक्वार्टर लाया गया है। मेडिकल जांच के बाद उसे सही जगह पर छोड़ने का फैसला किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तेंदुआ को पकड़ने के लिए गन्ने के खेत में एक पिंजरे के अंदर आने के लिए चारा रखा गया था। बताया जा रहा है कि वही तेंदुआ है जिसने नौ अक्टूबर को, अपनी मौसी के साथ घर लौट रही आठ साल की एक लड़की प्रीत कौर को मार डाला था। इस घटना के बाद, वन अधिकारियों ने इलाके में गश्त और निगरानी तेज कर दी थी। तेंदुए का पता लगाने के लिए पिंजरे और कैमरे लगाए गए थे।

# कुणाल तिवारी के परिवार का बलिया कलेक्ट्रेट पर धरना

● कहा- डॉक्टर की लापरवाही के कारण जान गई, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया** शुक्रवार को 'जस्टिस फॉर कुणाल तिवारी' के बैनर तले कुणाल के परिजनों ने बलिया कलेक्ट्रेट में धरना दिया। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सक की लापरवाही के कारण कुणाल की जान चली गई। मृतक किशोर कुणाल के भाई विशाल तिवारी ने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। विशाल तिवारी ने बताया कि उनके भाई कुणाल की तबीयत खराब होने पर पिता उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां उसे भर्ती किया गया। विशाल के अनुसार, कुणाल की हालत ठीक थी और उसे जल्द ही डिस्चार्ज किया जाने वाला था, लेकिन चिकित्सक द्वारा कई इंजेक्शन लगाए जाने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई।

हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने कुणाल को बीएचयू रेफर कर दिया। परिजन उसे सरकारी एम्बुलेंस से बीएचयू ले गए, जहां 30 घंटे के भीतर उसे केवल एक बार पानी और एक इंजेक्शन दिया गया। इसके बाद वे कुणाल को वाराणसी के एक निजी अस्पताल ले गए।

निजी अस्पताल में 72 घंटे में ठीक करने का आश्वासन मिला था। लेकिन 24 घंटे के भीतर ही अस्पताल ने लगभग साढ़े तीन लाख रुपये लेने के बाद हाथ खड़े कर दिए और बताया कि कुणाल का लीवर फेल हो गया है। उन्होंने उसे पीजीआई या एम्स ले जाने की सलाह दी। परिजन कुणाल को लेकर पीजीआई पहुंचे, जहां सीट उपलब्ध नहीं थी और उन्हें केजीएमयू रेफर कर दिया गया। केजीएमयू से भी उन्हें बलरामपुर अस्पताल रेफर किया गया। विशाल ने बताया कि वे रात भर कुणाल को लेकर लखनऊ के विभिन्न अस्पतालों में भटकते रहे। स्वअंततः, कुणाल को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वह पांच दिन तक जीवन के लिए संघर्ष करता रहा और 21 सितंबर को उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों ने संबंधित चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है और उत्तर प्रदेश सरकार से सवाल किया है कि क्या पूरे प्रदेश में एक भी सीट खाली नहीं है और क्या यही प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था है।

# त्योहारों के कारण बलिया में रूट डायवर्जन-18 से 20 अक्टूबर तक लागू रहेगा, शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया** धनतेरस और दीपावली पर्व के सुचारु संचालन तथा यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए बलिया में 18 से 20 अक्टूबर 2025 तक रूट डायवर्जन लागू किया गया है। इस दौरान बलिया शहर की ओर आने वाले सभी भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। जनपद में यातायात को सुगम बनाने के लिए भारी वाहनों के लिए विशेष नो-एंट्री और डायवर्जन प्लान तैयार किया गया है। 18 से 20 अक्टूबर तक सुबह 8 बजे से रात 12 बजे तक बैरिया की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को थाना दुबहड़ के पास रोका जाएगा। यदि ये वाहन नरहीं या फेफना की ओर जाना चाहते हैं, तो उन्हें चिरैया मोड़ से सहतवार, बांसडीह, सुखपुरा होते हुए गड़वार (त्रिकालपुर तिराहा) से फेफना व नरहीं की ओर भेजा जाएगा। रेवती, सहतवार और बांसडीह की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को थाना बांसडीह रोड के पास रोका जाएगा। ये वाहन सुखपुरा, गड़वार (त्रिकालपुर तिराहा) होते हुए फेफना, नरहीं या रसड़ा की ओर जा सकेंगे।

सिकंदरपुर से आने वाले भारी वाहनों को हनुमानगंज चौकी पर रोका जाएगा। यदि वे दुबहड़, हल्दी, बैरिया जाना चाहते हैं, तो सुखपुरा, बांसडीह, सहतवार होते हुए जाएंगे, और यदि नरहीं व फेफना जाना चाहते हैं, तो सुखपुरा, गड़वार (त्रिकालपुर तिराहा) से होकर गुजरेंगे। रसड़ा और नरहीं की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को फेफना तिराहा पर रोका जाएगा।

बैरिया की ओर जाने वाले वाहन गड़वार (त्रिकालपुर तिराहा) से सुखपुरा, बांसडीह, सहतवार होते हुए जाएंगे। गड़वार की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को अगरसंडा के पास रोका जाएगा। हल्दी या बैरिया की ओर जाने के लिए उन्हें गड़वार (त्रिकालपुर तिराहा) से सुखपुरा, बांसडीह, सहतवार होते हुए मार्ग लेना होगा। धनतेरस और दीपावली के अवसर पर 18 से 20 अक्टूबर 2025 तक बलिया शहर के चौक क्षेत्र को %नो ई-रिक्शा जोन% घोषित किया गया है। कासिम बाजार चौराहा, सब्जी मंडी तिराहा, दुर्गा मंदिर चौराहा गुदरी बाजार, हनुमानगढ़ी तिराहा, उमाशंकर चौराहा और आर्य समाज रोड तिराहा पर बैरियर लगाकर ई-रिक्शा वाहनों को रोका जाएगा। इन क्षेत्रों में किसी भी ई-रिक्शा को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

# धनतेरस की पूर्व संध्या पर झांकी और गरबा नृत्य से गूंजा विद्यालय परिसर

● माँ जगदम्बे की भव्य झांकी व छात्राओं के गरबा प्रदर्शन ने मोहा मन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**गोण्डा।** धनतेरस की पूर्व संध्या पर बाबू बच्चा सिंह स्मारक इण्टर कालेज, देवरिया कलाँ भटपुरवा में श्रद्धा और संस्कृति का संगम देखने को मिला। विद्यालय के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट कवीन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में लगातार तीसरे वर्ष जगत जननी माँ जगदम्बे की भव्य झांकी के साथ डांडिया और गरबा नृत्य का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों और अभिभावकों की बड़ी संख्या ने इस सांस्कृतिक उत्सव का आनंद लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीव रस्तोगी, प्रतिनिधि अध्यक्ष नगर पंचायत खरगूपुर रहे। विशिष्ट अतिथियों में थानाध्यक्ष खरगूपुर प्रदीप सिंह, संजय सोनी (प्रधान भवनियापुर), प्रशांत मिश्रा (खण्ड कार्यवाह, विश्व हिन्दू परिषद), चच्चा शुक्ला (पूर्व प्रधान देवरिया), बृजमोहन मिश्रा (पूर्व प्रधान महादेवा) और रघुनाथ तिवारी (तेंदुआ) शामिल रहे। विद्यालय की छात्राओं ने माँ अम्बे की झांकी, गरबा और डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। माँ अम्बे के रूप में सजी शुभी तिवारी जब मंच पर आशीर्वाद देने पहुँचीं, तो पूरा परिसर "जय माता दी" के उद्घोष से गूंज उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य रोहित तिवारी ने की तथा संचालन मो0 हमजा और अनुराग तिवारी ने किया। कार्यक्रम की तैयारियों में शिक्षिकाओं रूबी सिंह, साक्षी सिंह, गरिमा सिंह, प्रतिभा सिंह, राखी विश्वकर्मा सहित सभी अध्यापिकाओं का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक रवीन्द्र कुमार सिंह, अध्यक्ष लेफ्टिनेंट कवीन्द्र प्रताप सिंह सपरिवार, सत्येन्द्र कुमार सिंह, भूपेन्द्र कुमार सिंह (पूर्व प्रधान), देवेंद्र सिंह, राघवेंद्र सिंह, गिरीश सिंह, यशोदानन्द शुक्ल, अशोक कुमार सिंह, पंकज सिंह, एस. पी. सिंह, दिनेश भारती, पिंकी गुप्ता, उम्मेहानी, रानी शुक्ला, अनूपा यादव, शशी गोस्वामी और बीना मौर्या सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य रोहित तिवारी ने कहा कि "इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, मातृभक्ति और सामाजिक सौहार्द की भावना को सशक्त करते हैं।" माँ जगदम्बे की आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। देर रात तक विद्यालय परिसर भक्ति और उत्साह के वातावरण से आलोकित रहा।

# 16 स्थानों से हटाया गया अवैध अतिक्रमण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज के सभी तहसीलों में अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध जिलाधिकारी के नेतृत्व में दिनांक 17.10.2025 को निरन्तर कार्यवाही जारी रही। बंजर, खलिहान, नवीन परती, चकमार्ग, तालाबी रकबा, सभी का व्यापक सर्वे जनपद के सभी तहसीलों में किया जा रहा है एवं अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 17.10.2025 को जिले की समस्त तहसीलों में कुल 16 स्थानों से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। तहसील सोरांव के ग्राम खनौनार में ऊसर की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया। तहसील फूलपुर के ग्राम शेरडीह व मनसैतापुर में चकमार्ग की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया। तहसील कोरांव के ग्राम शुक्लपुर व मिश्रपुर में चकमार्ग, ग्राम खपटिहा में होलिका दहन स्थल, ग्राम बरौहा में रास्ता व बढ़वारी खुर्द में चकमार्ग को अतिक्रमण मुक्त किया गया। तहसील बारा के ग्राम सुरवल चन्देल स्थित खलिहान व पाण्डर में चकमार्ग व प्रतापपुर में जंगल की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया। तहसील मेजा के ग्राम खुरमा स्थित चकमार्ग एवं ग्राम सिरसा स्थित कब्रिस्तान की भूमि व इटवा कला में बंजर की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया है। तहसील हंडिया के ग्राम अकबरपुर मुगरसन स्थित तालाब व ग्राम दमगडा में नवीन परती की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया है।

जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा द्वारा सभी तहसील के उपजिलाधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अतिक्रमण सम्बन्धित शिकायतों पर अविलम्ब कार्यवाही किया जाय, दूसरी ओर जिलाधिकारी



प्रयागराज ने सभी उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित किया है कि तहसील स्थित सरकारी भूमि/ग्राम सभा की भूमि का नवीन सर्वे करवायें तथा इसके आधार पर अतिक्रमण की श्रेणियों का निर्धारण करें तथा अतिक्रमण के विरूद्ध तदनुसार कार्यवाही करें। अब तक इस अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आये तथा आने वाले दिनों में अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान निरन्तर जारी रहेगा।